सुप्रभात
रांची, सोमवार
08.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 264
06 शैक्षणिक विकास को सुगम और तेज करें

JGi

# ARKA JAIN University
Jharkhand

NAAC GRADE A
ACCREDITED UNIVERSITY

## Top-ranked, accredited and consistently recognized for excellence; We offer exceptional higher education, research and placement opportunities

# NAAC GRADE A
ACCREDITED UNIVERSITY

The First State Private University in Bihar, Jharkhand & West Bengal to be accredited with NAAC A Grade (In first Cycle)

Outlook ICARE RANKING 2023

RANKED 3RD IN "TOP-15 EMERGING PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA" CATEGORY

ISO CERTIFIED | AIU MEMBER | RANKED 14TH TOP-100 ENGINEERING SURVEY Higher Education Review Magazine Survey 2022 | RANKED 15TH TOP-100 BEYOND IIMs B-SCHOOL SURVEY Higher Education Review Magazine Survey 2022

D E SHAW OFFERS RECORD-BREAKING PLACEMENT



₹ 23 LPA
RAVINDER KAUR
BBA (CLASS OF 2021-24)
D E Shaw & Co

50+ NATIONAL / INTN'L MoUs

IBM | Institute of Analytics | TATA MOTORS | ACCA Think Ahead | KPMG | TATA TPSDI
& Many More

## ADMISSIONS OPEN 2024-25
for career-oriented UG / PG / Diploma / Ph.D. Programmes

### ENGINEERING & IT
- B. Tech (ME / CSE / EEE / AI & ML)
- B. Tech in AI & DS (in collaboration with IBM)
- BCA | MCA
- BCA (AI & DL) with IBM
- BCA (Cyber Security) with Cyber Dojo
- Diploma in Engineering (ME / EEE / CSE / Mechatronics)
- B. Tech / BCA + Data Analytics (IoA, UK)
- M. Tech (Manufacturing Engg. / CSE / EV Technology)

### COMMERCE & MANAGEMENT
- BBA
- BBA (Capital Marketing) in association with SMI
- BBA (Digital Marketing) in association with ISDC
- B.Com (H)
- B Com (Hons.) with KPMG Course for Accounting Professional (K-CAP)
- MBA | M. Com

### HUMANITIES
- BA (H) - English
- BA (H) - Fashion Design
- BA (H) - Journalism & Mass Communication
- MA - English
- MA - Journalism & Mass Communication

### PHARMACY
- B. Pharm
- D. Pharm

### HEALTH & ALLIED SCIENCE
- B. Optometry
- B. Sc Biotechnology

### NURSING
- B. Sc Nursing

### LAW
- BBA LLB (H)
- L.L.B (Hons.)*

*Approval Applied for

### RESEARCH
- Ph.D in Commerce
- Ph.D in Management
- Ph.D in English
- Ph.D in Journalism & Mass Communication
- Ph.D in Computer Science
- Ph.D in Electrical & Electronics Engineering
- Ph.D in Mechanical Engineering
- Ph.D in Pharmacy
- Ph.D in Biotechnology

Start your journey today!
Apply now!

5000+ STUDENTS | 07 SCHOOLS | 30+ PROGRAMS | 175+ FACULTY MEMBERS

1800-1200-200 | 0657-2220285 | 8406800562
APPLY ONLINE: WWW.ARKAJAINUNIVERSITY.AC.IN

Chaibasa/CKP: 8406800563 | Ghatshila: 9955062615
Hazaribagh: 7903233264 | Bokaro: 6201696510

Admission Office: D-28, Danish Arcade, Opposite Asian Inn Hotel, Dhatkidih, Jamshedpur - 831001

Campus Address: Opposite Kerala Public School, Village - Mohanpur, Block - Gamharia, District - Seraikela Kharsawan, Jharkhand - 832108

Avail interest free Education Loan* | PAY YOUR UNIVERSITY FEES IN EASY EMIs | *Conditions Apply. Loan Approval is subject to meeting lender's criteria, AJU has no role in sanctioning of the loan

# सीता घर पर भाभी हैं, चुनावी मैदान में नहीं : बसंत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जामताड़ा।** झामुमो नेता और राज्य सरकार के मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि सीता सोरेन घर पर भाभी हैं। चुनावी मैदान पर नहीं। रविवार को जामताड़ा पहुंचने के दौरान बसंत सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। परिवार और पार्टी में सीता सोरेन को सम्मान नहीं मिलने के मुद्दे पर पूछे गए सवाल में मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि पार्टी और परिवार ने 15 साल विधायक बनाकर सीता सोरेन को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने तीन बार उन्हें विधायक बनाया और सम्मान देने का काम किया।

**दुर्गा सोरेन की मौत की सीबीआई जांच की मांग सदन में नहीं उठायी :** दुर्गा सोरेन की मौत की सीबीआई जांच की मांग करने के मामले में पूछे गए सवाल पर बसंत सोरेन ने कहा कि सीता सोरेन खुद तीन बार विधायक रहीं हैं। सत्र में उन्होंने सीबीआई जांच की मांग कभी विधानसभा में नहीं उठाई। वह दूसरे दल में शामिल हो गई हैं तो वह सीबीआई जांच की मांग कर रही हैं। बसंत सोरेन ने कहा कि इसके पीछे कौन लोग हैं यह समझ सकते हैं और उनकी मंशा क्या है यह भी समझा जा सकता है।

**निशिकांत के बयान पर टिप्पणी करने से किया इनकार :** वहीं गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को लेकर पूछे गए सवाल पर बसंत सोरेन ने कोई टिप्पणी नहीं की। सिर्फ उन्होंने इतना कहा कि यह सांसद का निजी बयान है। बताते चलें कि पिछले दिनों गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने दुमका में बयान दिया था कि बसंत सोरेन बहुत जल्द झामुमो छोड़ देंगे और झामुमो कई भागों में विभक्त हो जाएगा।

# वित्त आयोग ने प्रखंड भवन निर्माण के लिए दिये 242.84 करोड़ रुपये का मांगा हिसाब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची। केंद्र सरकार** के 13वें वित्त आयोग की ओर से प्रखंड भवन निर्माण के लिए आवंटित राशि का अभी तक पूरा हिसाब नहीं मिल पाया है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2024 तक लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम समय-सीमा तय की थी ओर झारखंड सरकार को इस संबंध में पत्र भी लिखा गया था। वित्त विभाग ने ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कल्याण विभाग, श्रम विभाग, वन पर्यावरण विभाग, आइटी, पर्यटन, शहरी विकास, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, उर्जा विभाग, ग्रामीण कार्य, जलसंसाधन सहित सभी विभागों को पत्र लिखकर लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र का हिसाब देने को कहा है। ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों ने अपने मातहत कार्यालय को हिसाब देने के लिए पत्र भी लिखा था। सिर्फ ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के जरिए 2011-12 से 2014-15 के बीच करीब 242.84 करोड़ ब्लॉक बिल्डिंग निर्माण की राशि दी गयी थी। इसका कई बार हिसाब मांगा गया, लेकिन अभी भी बड़ी राशि का हिसाब पेंडिंग है। ग्रामीण विकास फिर से उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा कराने की दिशा में कार्रवाई कर रहा है और इसकी जानकारी वित्त विभाग को दी जायेगी।

## राज्य के सभी नगर निकायों को दिया टास्क फोर्स बनाने का निर्देश

# राज्य के जलाशयों और जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करायें : मुख्य सचिव

**राज्य एवं स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर टोल फ्री नंबर किया जायेगा जारी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने आसन्न गर्मी को देखते हुए संजीदगी दिखायी है। यही कारण है कि सभी नगर निकायों को पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम बना कर टोल फ्री नंबर जारी करने को कहा है, ताकि किसी जगह पानी की समस्या हो तो लोग इसके जरिये अपनी समस्या रख सकते हैं। कंट्रोल रूम पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करायेगा। सीएस ने अधिक से अधिक टैंकरों से जलापूर्ति कराने को कहा है। वहीं, नये टैंकरों की खरीद के लिए जल्द टेंडर की प्रक्रिया संपन्न कराने का भी निर्देश दिया है। बीते दिनों वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भी ये बातें उन्होंने सभी निकायों को कही थी। सीएस ने इसके अलावा चापाकलों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराने को कहा है। इसके लिए नगर विकास राशि उपलब्ध करायेगा।

**अतिक्रमण मुक्त कर जलाशयों को शीघ्र करें विकसित**

राज्यभर के जलाशयों, जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उन्हें विकसित करने का भी निर्देश उन्होंने दिया है। रांची नगर निगम को जलापूर्ति के लिए अतिरिक्त 20 टैंकर और खरीद की स्वीकृति भी दी गयी है। सीएस ने नगर विकास एवं पेयजल विभाग आपस में समन्वय कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा है। इसके लिए लांग टर्म एवं शार्ट टर्म की पेयजलापूर्ति की योजनाएं बनाने का निर्देश नगर विकास विभाग के अधिकारियों को दिया है।

## नशे के कारोबार पर झारखंड पुलिस करेगी चौतरफा हमला

# चतरा, हजारीबाग समेत पांच जिलों में जल्द खुलेगा नारकोटिक्स थाना

**नारकोटिक्स थाना खोलने की प्रक्रिया शुरू**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बड़े पैमाने पर अफीम की फसल उगायी जाती है। इस वजह से झारखंड ड्रग्स के कारोबार का एक प्रमुख क्षेत्र बनता जा रहा है। ऐसे में नशे के सौदागरों पर नकेल कसने के लिए अब झारखंड के पांच जिलों में नारकोटिक्स थाना खोलने की कवायद शुरू कर दी गई है। झारखंड सीआईडी के डीजी



अनुराग गुप्ता ने बताया कि झारखंड का चतरा जिला तो ड्रग्स कारोबार का हब बन गया है। ऐसे में झारखंड के चतरा, हजारीबाग, खूंटी, रांची और जमशेदपुर में नारकोटिक्स थाने खोले जाएंगे। सीआईडी मुख्यालय के द्वारा इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इसी साल झारखंड के 5 जिलों में नारकोटिक्स थाने अपना काम करना शुरू कर देंगे।

**स्पेशल अफसरों की जरूरत**

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि सीआईडी मुख्यालय के द्वारा सभी संबंधित जिलों के आईजी और डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने जिलों के एसपी को निर्देश दे कि वे नारकोटिक्स थाना खोलने के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर भेजें ,ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। सीआईडी के अधिकारियों के अनुसार झारखंड के पांच जिलों में सबसे अधिक ड्रग्स का कारोबार होता है। इस कारण इन जिलों के विभिन्न थानों में सबसे अधिक एनडीपीएस अधिनियम के केस दर्ज होते हैं। एनडीपीएस अधिनियम में दर्ज केस में जब्त नशा के समान के साथ-साथ इसकी जांच बेहद अहम होती है, इसलिए ऐसे मामलों के अनुसंधान के लिए स्पेशलाइज्ड पुलिस अफसरों की जरूरत होती है।

**ट्रेंड अफसर होंगे तैनात**

झारखंड में फिलहाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का जोनल ऑफिस कार्य कर रहा है, जो सीधे एमएचए को रिपोर्ट करता है। अगर झारखंड में भी पांच नारकोटिक्स थाने खुल जाते हैं तो नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई तेजी से होगी। सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि नारकोटिक्स थाने में योगदान देने वाले अफसरों को विशेष रूप से ट्रेंड किया जाएगा। उन्हें एनडीपीएस एक्ट की सारी जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएगी।

# साइबर अपराधियों ने मुख्य सचिव का बनाया फेक व्हाट्सएप अकाउंट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस से साइबर अपराध रोके नहीं रूक रहा है। साइबर अपराध रोकने के झारखंड की पुलिस एक कदम बढ़ाती हो तो अपराधी 6 कदम आगे निकल चुके होते हैं। साइबर गिरोह के लोग ठगी करने के लिए एक से बढ़कर एक तरीके निकाल रहे हैं। आम तो आम तो ये खास लोगों को भी ठगने से नहीं हिचकिचाते। तभी तो साइबर अपराधियों ने झारखंड के मुख्य सचिव एल. खियांग्ते का फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर ठगी करने का प्रयास किया। साइबर अपराधियों ने 8604244052 नंबर से मुख्य सचिव एल. खियांग्ते के नाम से फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर आम लोगों से ठगी का प्रयास कर रहे हैं।

**फोटो चोरी कर बनाते हैं फर्जी प्रोफाइल**

फेसबुक और व्हाट्सऐप अकाउंट से फोटो चोरी कर साइबर अपराधी फेक प्रोफाइल बनाते हैं। इस फर्जी प्रोफाइल के जरिये वो यूजर्स के जानने वालों से पैसों की मांग करते हैं। कई बार अपराधी फेसबुक को हैक कर भी यूजर के प्रोफाइल को इस्तेमाल कर लेते हैं और यूजर को इसकी भनक भी नहीं लगती है। सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर साइबर अपराधी विदेशी या किसी अनजान नंबर से व्हाट्सऐप पर फेक प्रोफाइल तैयार कर जानने वालों से राशि की मांग करते हैं। व्हाट्सऐप पर भी ठगी के लिए साइबर ठग फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया साइट्स का सहारा लेकर दोस्तों या परिचितों का मोबाइल नंबर हासिल करते हैं।

# एनडीए और इंडिया ब्लॉक से नाराज मुस्लिम मजलिस ए उलेमा ने लोकसभा चुनाव में सीपीआई को समर्थन देने की बात कही

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/जामताड़ा।** झारखंड के 14 लोकसभा सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी नहीं दिये जाने से राज्य के मुस्लिम मतदाता राजनीति दलों से नाराज है।

इस संबंध में मुस्लिम मजलिस ए उलेमा ने कहा है कि वर्तमान राजनीति परिपेक्ष्य में अपने आपको उपेक्षित मान रहे मुस्लिम मतदाता दोनों गठबंधन को नजरअंदाज कर सीपीआई उम्मीदवार को सपोर्ट करेंगे। मुस्लिम मजलिस ए उलमा इंडिया के केंद्रीय अध्यक्ष संथाल के दौरे के क्रम में नाला पहुंचे थे, जहां सीपीआई द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए वो बोल रहे थे।

**चुनाव में किसी भी लोस सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी नहीं देने पर जतायी नाराजगी**

2024 लोकसभा चुनाव में झारखंड में इंडिया ब्लॉक और एनडीए में से किसी ने भी एक भी लोकसभा सीट मुस्लिम प्रत्याशी नहीं दिया है। इस पर मुस्लिम मजलिस ए उलेमा इंडिया संगठन ने नाराजगी जाहिर की है और मुस्लिम मतदाताओं से सिर्फ वोट लेने का आरोप लगाया है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड स्टेट मोमेंट कांफ्रेंस के जेनरल सेक्रेट्री अब्दुल्ला अजहर कासमी ने कहा है कि राज्य में करीब 80 लाख मुस्लिम हैं, लेकिन मुस्लिम मतदाताओं से राजनीतिक दलों द्वारा सिर्फ वोट बैंक का उपयोग एवं वोट लेने का ही काम किया गया है।

**सीपीआई उम्मीदवार को समर्थन का ऐलान**

झारखंड की 14 लोकसभा सीट में इंडिया गठबंधन हो या एनडीए गठबंधन किसी ने मुस्लिम प्रत्याशी नहीं दिया है। मुस्लिम मजलिस ए उलेमा के केंद्रीय अध्यक्ष अब्दुल्ला अजहर कासमी ने कहा है कि सीपीआई कैंडिडेट को मुस्लिम मजलिस ए उलेमा समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि जहां-जहां सीपीआई अपना लोकसभा चुनाव में कैंडिडेट खड़ा करेगी वहां पर वो उनका समर्थन करेंगे।

**झारखंड में बह रही है उल्टी गंगा**

झारखंड स्टेट मोमिन कांफ्रेंस के जेनरल सेक्रेट्री एवं मुस्लिम मजलिस ए उलेमा के केंद्रीय अध्यक्ष कासमी ने इंडिया ब्लॉक पर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी ने नारा दिया था कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी लेकिन झारखंड में उल्टी गंगा बह रही है। यहां 80 लाख मुस्लिम हैं, लेकिन एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को इंडिया ब्लॉक ने टिकट नहीं दिया है। सिर्फ वोट लेने का ही काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा नहीं हो कि ज्यादा लालच के चक्कर में झारखंड की 14 लोकसभा सीट में 14 ही इंडिया ब्लॉक गवां दे।

# प्रमोद मिश्रा के सहयोगी अनिल यादव से एनआइए की पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा के सहयोगी नक्सली अनिल यादव से एनआईए पूछताछ की जा रही है। अनिल यादव मूल रूप से बिहार के गया जिले के लुटुआ गांव का है। गौरतलब हो कि बिहार पुलिस ने रितेश विद्यार्थी के भाई रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी। इस दौरान रोहित विद्यार्थी ने पुलिस को बताया था कि प्रमोद मिश्रा लुटुआ गांव आने वाला है। सूचना के आधार पर बिहार पुलिस ने 9 अगस्त 2023 को पोलित ब्यूरो सदस्य और एनआरबी (उत्तरी क्षेत्रीय ब्यूरो) के प्रभारी प्रमोद मिश्रा और अनिल यादव को गिरफ्तार कर लिया था। प्रमोद मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद बिहार पुलिस ने हथियार, गोला-बारूद और एक बंदूक फैक्ट्री का भी भंडाफोड़ किया था। जिसे बिहार और यूपी में हथियारों की सप्लाई करने और देसी हथियारों को इकळा करने के लिए स्थापित किया गया था।

**भाकपा माओवादी संगठन को पुनर्जीवित करने में जुटे थे प्रमोद मिश्रा और अनिल यादव :** जांच से संकेत मिले हैं कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंगों को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से कैडरों को प्रेरित करने, भर्ती और माओवादी की विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया था। वे इस एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आतंक और हिंसा की साजिश रच रहे थे। प्रमोद मिश्रा और अनिल यादव भाकपा माओवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों जुटे थे।

# सदानों की उपेक्षा करने वाले पहुंच रहे संसद : राजेन्द्र

**लोकसभा चुनाव को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा कोर कमेटी का बैठक में चर्चा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा कोर कमेटी के सदस्यों के सदस्यों की बैठक रविवार को मोर्चा के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर हुई। इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में लोकसभा और विधानसभा में आरक्षित सीटों पर तो झारखंडियों को उम्मीदवार राजनीतिक दल बनाते हैं लेकिन जनरल सीटों में मूलवासी सदानों की हक के लिए आवाज उठाने वाले लोगों को दर किनार कर दिया जाता है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य में राजनीतिक दलों के द्वारा लोकसभा और राज्यसभा की टिकट बेचने की चर्चा पूरे झारखण्ड में हो रही है। यह झारखण्ड के लिए शर्म की बात है। सदान समुदाय से आने वाले अगड़ी- पिछड़ी दलित और सवर्ण को उनका अधिकार मिले, इसको लेकर मूलवासी सदान मोर्चा राजनीतिक चेतना जगाने के लिए मूलवासी सदानों के बीच बैठक और नुक्कड़ सभा आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि हम जिस व्यक्ति को वोट देकर लोकसभा भेजते हैं वही व्यक्ति हमारे अधिकारों के खिलाफ में काम करता है।

राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ऐसे लोगों को लोकसभा में पहुंचने नहीं दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पुरे राज्य में 15 अप्रैल से दौरा करने का निर्णय लिया गया। क्षितीश कुमार राय ने कहा कि मूलवासी सदानों की बात करने वालों की अनदेखी करना राजनीतिक दलों को महंगा पड़ेगा। बैठक में डॉ राम प्रसाद, डॉ सुदेश कुमार साहू, डॉ अनिल मिश्रा, विशाल कुमार सिंह प्रो अरविंद, महेंद्र ठाकुर प्रोफेसर अमर यादव ने भी अपनी-अपने विचार रखे।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने रखा एक दिवसीय उपवास

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के अनैतिक गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को बापू वाटिका में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष और दक्षिण छोटा नागपुर प्रमण्डल के संगठन निर्माण प्रभारी अजय भगत ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश संयोजक डी एन सिंह के द्वारा महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर डी एन सिंह ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल कप्तर ईमानदार हैं और उनकी ईमानदार छवि और दिल्ली मॉडल से डर कर राजनीतिक साजिश के तहत गिरफ्तारी की गई है। पूरा देश अरविन्द केजरीवाल के साथ है।

# चतरा से ओबीसी उम्मीदवार की मांग

**रांची/पटना।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता रविवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से पटना स्थित उनके आवास पर मिले और मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। साथ ही चतरा लोकसभा क्षेत्र में गठबंधन की तरफ से ओबीसी उम्मीदवार देने की मांग की। राजनीतिक भागीदारी के साथ ओबीसी के अन्य प्रमुख मांगों को भी घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की। रविवार की शाम में राजेश कुमार गुप्ता ने लालू प्रसाद यादव को बताया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में पिछड़ों की बहुलता है वहां पर पिछड़े वर्गों (एससी, एसटी व ओबीसी) की संख्या लगभग 95% है इसलिए वहां ओबीसी उम्मीदवार का हक बनता है। मौके पर लालू प्रसाद ने कहा कि निश्चित इस पर विचार हो रहा है। लालू प्रसाद ने ओबीसी के मांगों के संदर्भ में कहा कि बहुत सारे मांगों को इंडिया गठबंधन ने लिस्टिंग किया है।

# बूथ जीतो-चुनाव जीतो के मूल मंत्र से जीतेंगे सभी 14 लोस सीटें : आदित्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा बूथ कार्य विभाग की बैठक पार्टी मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव के निमित्त सभी 14 लोकसभा के संयोजक एवं सह संयोजक उपस्थित थे। इसमें बूथ स्तर पर चलाये जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं इस आम चुनाव में पन्ना प्रमुखों की भूमिका पर चर्चा की गई।

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आम चुनाव में एक बार फिर से बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होने कहा कि हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बूथ जीतो चुनाव जीतो के मूल मंत्र पर काम करती है और हमारे कार्यकर्ताओं की बूथ स्तर पर सक्रियता ही हमारी ताकत है। उन्होंने सभी से क्षेत्र में जाकर पन्ना प्रमुखों से अपनी भूमिका के निर्वहन में लग जाने की बात कही। प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के कार्यों को एक बार फिर से धरातल पर उतारने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही विशेषता है। उन्होने कार्यकर्ताओं से एक बार फिर बूथ स्तर पर कार्यों को धरातल पर उतारने की बात कही। बैठक में मृत्युंजय शर्मा, चंद्रप्रकाश, जितेंद्र वर्मा सहित सभी 14 लोकसभा के संयोजक सह संयोजक उपस्थित थे।

## भाजपा मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग की बैठक आयोजित

# फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को सफल बनाने में मीडिया विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण: कर्मवीर सिंह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में रविवार को मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग के लोकसभावार बनाये गये संयोजक, सह संयोजक एवं मीडिया प्रबंधन के सहयोगी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव के निमित्त मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग के लगाये गये कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। चुनाव में पार्टी के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में मीडिया प्रबंधन की भूमिका पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि इस चुनाव में मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग में लगाये गये पार्टी के कार्यकर्ताओं की सजगता एवं तत्परता से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदीप सिन्हा ने भी मीडिया प्रबंधन के कई तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दी। बैठक में मृत्युंजय शर्मा, सरोज सिंह, अशोक बडाईक, अजय राय, संदीप वर्मा, तारिक इमरान, रंजीत चंद्रवंशी, मुकेश सिंह, संजय पोद्दार, सतीश सिन्हा, प्रिंस कुमार, मृत्युंजय कुमार, पशुपति पारस, प्रेम झा, प्रीतम कुमार, संतोष कुमार, शिवकुमार मिश्रा, अभय कुमार सिंह, कामेश्वर पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, जयनारायण प्रसाद थे।

**कार्यकर्ताओं के प्रयास से भाजपा की होगी जीत**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से ही चुनावी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। श्री सिंह रविवार को रांची लोक सभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। हम भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर ही जीत सुनिश्चित कर पाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य इस बार 400 पर और झारखंड की 14 में 14 सीट हम अपने कार्यकर्ताओं के बल पर जीतेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को हमें घर-घर तक बताना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो लाभ लोगों को मिला है, उनसे संपर्क स्थापित कर विकास के लिये हमें तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। इस कार्यक्रम में रांची लोकसभा के संयोजक संजीव विजयवर्गीय, रांची महानगर के जिला अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
08.04.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 264

12 पाक में चुन-चुन कर मारे जा रहे आतंकी




# कई सीटों पर महिला वोटर अधिक, पर उन्हें मौका नहीं

## महिलाओं को टिकट देने में कोताही, सभी दलों को पुरुष उम्मीदवारों पर ही भरोसा

सुधीर

**रांची।** देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर भले ही एक आदिवासी महिला बैठी हों, परंतु लोकसभा चुनावों में राजनीतिक दल इन पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। वह, महिला बहुल सीटों पर भी आदिवासी महिलाओं को उतारने से कतरा रहे हैं। तभी तो झारखंड की चार रिजर्ब और महिला बहुल सीटों पर आदिवासी महिलाओं को प्रत्याशी नहीं बनाय और पुरषों पर भरोसा जताया। झारखंड में यह स्थिति तब है, जब यहां की पांच सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित हैं। इनमें से चार लोकसभा सीटों में महिला वोटरों की संख्या भी पुरुषों से ज्यादा है। जिन आदिवासी रिजर्व सीटों में महिला वोटरों की संख्या ज्यादा है, उनमें राजमहल, सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा शामिल हैं।

### दुमका और प सिंहभूम में सीता-गीता




2019 के लोकसभा चुनाव में पांच रिजर्व सीटों पर 13 आदिवासी महिलाएं चुनाव में खड़ी हुई थीं। इसमें पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर गीता कोड़ा ने चुनाव जीता था। चुनाव से पहले उन्होंने पाला बदल लिया और कांग्रेस का हाथ छोड़ भाजपा कमल थाम लिया। वर्ष 2024 के चुनाव में वह भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। इनके अलावा चार लोकसभा सीटों पर महिला वोटर अधिक होने के बाद भी राजनीतिक दल उन्हें उम्मीदवार बनाने से बचते रहे हैं। इसी तरह एक अन्य सीट दुमका से सीता सोरेन भाजपा के टिकट से टुनाव लड़ रही हैं। हाल ही में झामुमो का तीर-कमान छोड़ सीता भाजपा का कमल फुल खिलाने गयी हैं। वह जाने के साथ दावा भी कर रही हैं कि झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेंगी। लेकिन कैसे यह पता नहीं है।

### वोटरों का फैक्ट फाईल

खूंटी लोकसभा सीट पर पुरुषों की तुलना में सबसे अधिक महिला मतदाता हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 6 लाख 67 हजार 946 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 6 लाख 44 हजार 311 है। बावजूद इसके इस लोकसभा सीट से भाजपा और कांग्रेस दोनों ने पुरुषों को टिकट दिया है। आदिवासी महिलाओं पर भरोसा नहीं जताया। भाजपा अर्जुन मुंडा और कांग्रेस ने कालीचरण मुंडा को चुनाव में उतारा है। कभी इस सीट से कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा चुनाव जीतक संसद पहुंची थी और खूंटी का प्रतिनिधित्व किया था। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिला वोटरों की संख्या अधिक हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 14 लाख 32 हजार 963 मतदाताओं में से 7 लाख 27 हजार 734 महिला और 7 लाख 5 हजार 167 पुरुष मतदाता हैं। इसके बाद भी यहां से भाजपा ने विद्युत वरण महतो को अपना उम्मीदार बनाया है। इंडिया गठबंधन में यह सीट झामुमो के खाते में गयी है, लेकिन अभी तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गयी है। यहां भी भाजपा ने आदिवासी महिला पर भरोसा नहीं जताया। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में 7 लाख 7 हजार 402 पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 7 लाख 19 हजार 616 महिला मतदाता हैं। यहां से भाजपा ने इस सीट से समीर उरांव को खड़ा किया है, वहीं कांग्रेस ने सुखदेव भगत को चुनावी मैदान में उतारा है। पूर्व में इस सीट से भाजपा की ओर से आशा लकड़ा को लड़ाने की चर्चा थी, परंतु कांग्रेस के पास तो महिला उम्मीदवार भी नहीं है। राजमहल लोकसभा क्षेत्र में कुल 16 लाख 82 हजार 219 मतदाताओं में से 8 लाख 41 हजार 217 महिला और 8 लाख 40 हजार 995 पुरुष मतदाता हैं। (शेष पेज 11 पर)

### उलगुलान महारैली को सफल बनाने में जुटीं कल्पना

# इंडिया के नेताओं संग बैठक में बनायी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ झामुमो की 21 को रांची में उलगुलान महारैली को सफल बानाने को लेकर कल्पना सोरेन ने रविवार को इंडिया गटबंधन के नेताओं संग बैठक की। अपने आवास पर आयोजित इस बैठक में उन्होंने घटक दलों से इस महारैली को सफल बनाने का आह्वान किया। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीपीआइ माले के विधायक विनोद सिंह, राजद की ओर से मंत्री सत्यानंद भोक्ता और प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने भाग लिया। झामुमो नेता विनोद पांडेय भी इस बैठक में मौजूद रहे। बैठक में यह भी तय किया गया कि 21 के बाद चरणबद्ध तरीके से होने वाले चुनाव के हिसाब से चुनावी अभियान चलाया जायेगा। बैठक में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में न्याय उलगुलान महारैली की सफलता को लेकर गठबंधन नेताओं के साथ रणनीति बनायी। बैठक में झामुमो द्वारा आयोजित महारैली में पूरे राज्य से पांच लाख भीड़ जुटाने की रणनीति बनी। इसमें कल्पना सोरेन ने सभी गठबंधन के सहयोगियों से सहयोग मांगा। बैठक में न केवल रैली बल्कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का साझा प्रचार अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। कैसे पूरे आयोजन को एक सफल आयोजन बनाना है, इन तमाम मुद्दों पर कल्पना सोरेन ने नेताओं के साथ चर्चा की। (शेष पेज 11 पर)

### ममता, राहुल, मान, ठाकरे समेत दिग्गजों को न्यौता

बैठक में इंडिया ब्लाक के तमाम दिग्गजों को न्यौता गया है। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राजद प्रमुख लालू यादव, तेजस्वी यादव, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, पंजाब के सीएम भगवंत मान सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालीन, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, एनीसीपी प्रमुख शरद पवार, फारूख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वाम नेता सीताराम येचूरी, डी राजा सहित अन्य गठबंधन के नेताओं को बुलाया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी खुद कल्पना सोरेन लेंगी।

### कभी आंख दिखानेवाले आज आटे-दाल को तरस रहे, ये है मोदी की गारंटी

# बिहार को बड़ी मुश्किल से जंगल राज से उबारा है

### जबतक गरीबी हटा नहीं दूंगा, चैन से नहीं बैठूंगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटना।** पीएम मोदी ने बिहार के नवादा में एक चुनावी रैली में कहा कि बड़ी मेहनत से बिहार को जंगल राज से उबारा गया है। बिहार में वो भी समय था जब बहनों को सड़क पर निकलने में डर लगता था। नीतीश जी और सुशील मोदी जी के प्रयास से बिहार जंगलराज से बाहर निकला है। अब हर बहन को उसके भाई मोदी की गारंटी भी है। बिहार में दूसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक मैं देश से गरीबी नहीं हटा दूंगा, आराम से नहीं बैठूंगा। उन्होंने 'जंगलराज' का जिक्र करते हुए लालू यादव पर भी निशाना साधा है। साथ ही कहा कि मोदी तो मेहनत करने के लिए जन्मा है। अभी तो ट्रेलर है, पिक्चर बाकी है। अभी तो देश को टॉप गियर पर ले जाना है। मोदी ने नाम लिये बिना पाकिस्तान पर निशाना साधा। कहा कि मोदी ने गारंटी दी थी कि देश को आंख दिखाने वालों को सबक सिखायेंगे। देश को जो पहले आंख दिखाते थे, अब वे आटे-दाल के लिए भटक रहे हैं। तरह रहे हैं।

#### जय छठी मैया से की शुरुआत

नवादा में पीएम मोदी ने 'जय छठी मइया' के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरूआत की। (शेष पेज 11 पर)

### पति-पत्नी का राज कैसा था, याद है न : नीतीश

सीएम नीतीश कुमार ने भी विपक्ष में जम कर हमला बोला। उन्होंने याद दिलाया कि 2005 से पहले बिहार की स्थिति कैसी थी, जबकि 2006 के बाद कैसे बिहार की तस्वीर बदल गयी। लोगों को उस दौर को जरूर याद करना चाहिए कि कैसे लोग शाम को घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। नयी उम्र के लोगों को क्या पता है, इसलिए कोई भूलियेगा नहीं। पति-पत्नी को मौका मिला था लेकिन कोई काम नहीं किया था उनलोगों (लालू-राबड़ी) ने । अब कोई दंगा नहीं होता। इसलिए मुसलमानों को भी नहीं भूलना चाहिए कि हमलोगों ने कैसे उनके लिए काम किये हैं। उनलोगों (लालू) को वोट मत दीजियेगा।

# नवरात्रि : घोड़े पर आयेंगी और हाथी पर प्रस्थान करेंगी मां

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। 9 दिनों तक चलने वाली चैत्र नवरात्रि मंगलवार 9 अप्रैल को कलश स्थापना के साथ शुरू होगी। इसके साथ ही हिंदू नववर्ष का आरंभ होगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र नवरात्रि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है। इस नवरात्रि मां भगवती घोड़े पर सवार होकर आयेंगी और हाथी पर प्रस्थान करेंगी। चैत्र नवरात्रि का समापन 17 अप्रैल 2024 को होगा।

#### मां का आगमन और प्रस्थान

इस साल देवी का आगमन घोड़ा पर हो रहा है और हाथी पर सवार होकर मां प्रस्थान करेंगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का घोड़े पर आना शुभ नहीं माना जाता है। मां हाथी यानी गज पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी जिसे शुभ माना जाता है। घोड़ा पर आगमन के कारण राज्य में भय और युद्ध की स्थिति रहने की संभावना है। जबकि हाथी पर विदा होने से सीजन में अच्छी बारिश की संभावना होती है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर 9 अप्रैल को भारतीय नव संवत्सर 2081 का आगाज होगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि, कुमार योग और अमृत सिद्धि योग और रेवती व अश्विनी नक्षत्र में वासंती नवरात्र भी शुरू होंगे। इस बार पूरे नौ दिन के नवरात्र होंगे।

# बदला मौसम, तेज आंधी-पानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी समेत पूरे राज्य में रविवार की देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश शुरू हो गयी। बारिश के साथ तेज आंधी के कारण घंटों बिजली भी कटी रही। हालांकि रांची में दोपह बाद से ही मौसम में कुछ बदलाव नजर आ रहा था। शनिवार को भी राज्य के कई इलाकों में बारिश हुई थी। बारिश के कारण हाल के दिनों में लगातार बढ़ रही गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी। रविवार की देर शाम की तेज आंधी-पानी से कई इलाकों में फसलों को क्षति की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार अभी एक-दो दिन और आंधी-पानी की उम्मीद है।

# सूर्य ग्रहण आज, दिन में चार मिनट तक रहेगा अंधेरा

## अभिनव प्रयोग में जुटे दुनिया के वैज्ञानिक, भारत में नहीं दिखेगा ग्रहण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय समयानुसार 8 अप्रैल को रात 9.12 मिनट पर इस साल का पहला सूर्य ग्रहण लग रहा है। ये एक पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा। ग्रहण का समापन मध्य रात 11.47 मिनट पर होगा। वैज्ञानिकों के अनुसार यह ग्रहण बेहद ही दुर्लभ है क्योंकि जिन-जिन देशों में दिखेगा वहां, ग्रहण के कारण 4.5 मिनट तक सूर्य दिखायी ही नहीं देगा। दिन में अंधेरा छा जायेगा। कहा जाता है कि ऐसा ग्रहण देखने का मौका जीवन में एक बार ही मिलता है। इससे पहले 1973 में सूर्य इतनी देर तक नहीं दिखायी दिया था।


सूर्य ग्रहण की फाइल फोटो

#### कहां-कहां दिखेगा

साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण कनाडा, मेक्सिको, यूनाइटेड स्टेट्स, अरूबा, बमुर्डा, करेबियन नीदरलैंड, कोलंबिया, कोस्टा रिका, क्यूबा, डोमिनिका, ग्रीनलैंड, आयरलैंड, आइसलैंड, जमाइका, नॉर्वे, पनामा, निकारगुआ, रूस, पोर्तो रिको, सैंट मार्टिन, स्पेन, द बहामास, यूनाइटेड किंग्डम और वेनेजुएला समेत दुनिया के कुछ हिस्सों से दिखायी देगा।

#### अभिनव प्रयोग की तैयारी

यह समय पिछले सूर्य ग्रहणों की तुलना में काफी लंबा है, इसलिए इस दौरान नासा के वैज्ञानिकों ने कई प्रयोग भी करने की योजना बनायी है। इस सूर्य ग्रहण को भारत सहित विश्व के कई देशों में विशेष महत्व दिया जा रहा है। अमेरिका में इस ग्रहण को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

### भारत में नहीं दिखेगा ग्रहण

8 अप्रैल को लगने वाला सूर्यग्रहण भारत में नहीं दिखायी देगा, इसलिए इस ग्रहण का सूतक काल भी देश में मान्य नहीं होगा। चूकि ग्रहण भारत में नहीं दिखायी देगा, जिस वजह से सोमवती अमावस्या की पूजा में कोई रुकावट नहीं होगी। सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। सूर्य ग्रहण से मेष से लेकर मीन तक 12 राशियां भी प्रभावित होंगी। मेष,वृश्चिक, कन्या ,कुंभ और धनु राशि वालों के जीवन में उतार-चढ़ाव आएंगे। वहीं, मिथुन, वृषभ, कर्क और सिंह राशि वालों को बेहद शुभ प्राप्त होंगे। कई मान्यताओं के अनुसार ग्रहण को शुभ नहीं माना जाता है। वहीं, ग्रहण को लेकर भारत ही नहीं विदेशों में भी कई प्रचलित कहानियां मौजूद हैं। अमेरिका जैसे देशों में भी ग्रहण से जुड़ी कई कहानियां है, जो आपके होश भी उड़ा सकती हैं। कुछ लोग ग्रहण को पुनर्जन्म के रूप में देखते हैं तो कुछ इससे डर कर घर के अंदर ही बंद हो जाते हैं।

### अदालत में पुलिस का अजीबोगरीब दावा

# चूहे चट कर गये 19 किलो गांजा व भांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** जिले के एक थाने से एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। थाने में जब्त कर रखे गये 10 किलोग्राम भांग और नौ किलोग्राम गांजा को नष्ट करने का आरोप चूहों पर लगा है। दरअसल यह अजीब मामले उस समय सामने आया, जब अदालत ने छह साल पहले जब्त किये गये भांग और गांजा को पेश करने का निर्देश दिया।

अदालत की ओर से राजगंज थाने के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिये जाने के बाद पुलिस ने शनिवार को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राम शर्मा को एक रिपोर्ट सौंपी है।

रिपोर्ट में इसका उल् लेख किया गया गया कि थाने के माल गोदाम में रखा गांजा और भांग चूहों ने नष्ट कर दिया। इस मामले से जुड़े एक वकील ने रविवार को बताया कि पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में 10 किलोग्राम भांग और नौ किलोग्राम गांजा को नष्ट करने का आरोप चूहों पर लगा दिया। जब्त माल को अदालत ने पेश करने का आदेश दिया था। (शेष पेज 11 पर)

### न्यूज डायरी

#### आइपीएल : मुंबई की पहली जीत, दिल्ली को हराया

**मुंबई।** आइपीएल में मुंबई इंडियंस ने रविवार को पहली जीत दर्ज कर ली है। शुरुआती तीन मुकाबलों में हार के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली इस टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हरा दिया। अंक तालिका में खाता खेल लिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गये मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 234 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 205 रन तक ही पहुंच सकी।

#### सड़क दुर्घटना में पत्नी और बेटी की मौत

**लोहरदगा।** किस्को के लिवेंस अकादमी स्कूल के निक सड़क दुर्घटना में महिला और बच्ची की मौत हो गयी। परहेपाट पंचायत अंतर्गत हिरदे टोली निवासी शमशेर अंसारी अपनी पत्नी और एक साल की बेटी के साथ लोहरदगा ईद की खरीदारी करने आ रहे थे। इसी दौरान लोहरदगा की ओर से बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने शमशेर आलम की बाइक को टक्कर मार दी। इससे वे अनियंत्रित हो कर सड़क पर गिर गये। इसी क्रम में सड़क पर गुजर रही ट्रेलर ने शमशेर अंसारी की पत्नी रूमाना खातून और एक साल की बेटी सुमैया फिरदौस को अपने चपेट में ले लिया।

#### जनता को पांच न्याय, 25 गारंटी पर भरोसा: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि आम जनता को पार्टी की पांच न्याय 25 गारंटी पर पूरा भरोसा है। वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय, पच्चीस गारंटी भारत के लोगों में 10 साल के कथित अन्याय-काल के बाद एक नयी उम्मीद जगा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी वक्त की मांग है। यह देश की पीड़ित जनता की आवाज है।

#### कृषि बाजार में लगी आग, आठ गाड़िया जली

धनबाद। बरवाअड्डा स्थित कृषि बाजार समिति परिसर में रविवार की दोपहर अचानक आग लग जाने से वहां खड़ी 8 गाड़िया जल कर खाक हो गयी। सभी गाड़िया बरवाअड्डा थाना के द्वारा जब्त की गयी थी। अग्निशमन विभाग की दो गाड़िया लेकर मौके पर पहुंचे दीपक कुमार और उनकी टीम ने घंटो मसाकत के बाद आग पर कबू पाया। तबतक गाड़ियां राख हो चुकी थीं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 66300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 84000 रु./प्रति किलो |



## स्पीड न्यूज

### मेराल मुखिया गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** पाटन थाना में दर्ज मामले के प्राथमिक अभियुक्त छोटू सिंह उर्फ धनंजय सिंह वर्तमान मेराल पंचायत मुखिया पिता कृष्णा सिंह, सिक्की कला थाना पाटन को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### राम त्याग के प्रतीक : दिलीप नामधारी



**चैनपुर पलामू।** दोकरा में हो रहे 35वें नवाह्न परायण महायज्ञ के समापन पर युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने भगवान राम को त्याग का प्रतीक बताया। कहा कि राम जब राज छोड़कर वन गमन करते हैं तो भी उनके चेहरे पर सिकन नहीं आती और वनवास के क्रम में लंका में हुए भीषण युद्ध के बाद विजय प्राप्त करने पर जब लक्ष्मण जी उन्हें सोने की लंका में ही रहने की सलाह देते हैं। आज के वातावरण में देश के नेताओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि वे राम के पदचिन्हों पर चलें और सत्ता के लिए राम का इस्तेमाल न करें क्योंकि राम अपने आप में त्याग के प्रतीक हैं। इसमें मुखिया नीतिश सिंह, महायज्ञ समिति अध्यक्ष ब्रजभूषण चौबे, चंदन तिवारी, राजकिशोर ठाकुर, प्रफुल्ल उपाध्याय, राजकुमार वर्मा, विष्णुदेव सिंह थे।

### इंसानियत : मनु ने करायी संत की अंत्येष्टि



**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कर्मी प्रियरंजन दुबे उर्फ मनु (पूर्वडीहा) ने इंसानियत का परिचय देते हुए अस्पताल परिसर में मृत पड़े संत प्रेमानंद कुरी (बीकानेर राजस्थान), जो पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड के मंदिर में पिछले दो वर्षों से पुजारी थे उनकी अंत्येष्टि क्रिया अपने कुछ सहकर्मी मित्रों के साथ मिलकर विधि विधान से सम्मान पूर्वक किया। इसमें सहेंदर नाथ, गोल्डी वर्मा, अमित तिवारी, राजीव रंजन दुबे, रोहित कुमार, अरुण गुप्ता व दिलीप कुमार भी थे।

### यज्ञ पूजा को ले निकली दीप ज्योति यात्रा



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर परिसर में श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। यज्ञ की भूमिका में मंदिर परिसर से दीप ज्योति यात्रा निकली। जहां बड़ी संख्या में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन के साथ श्रद्धालु यात्रा में भाग लिये। यात्रा लेस्लीगंज महावीर मंदिर से प्रारंभ होकर जैप आठ, कोट खास, पुराना बाजार, दुर्गा मंडप, पथराही, गोपालगंज, नया बाजार, ढेला, कठौधा, कुराईन पतरा, जगतपुरवा, बाबूडीह होते वापस महावीर मंदिर लौटी। मौके पर आचार्य प्रवीण मिश्रा, यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद, डिसिल्वा सचिव पवन सोनी, उप सचिव शंकर बैठा, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, उप कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, ओम प्रकाश गिरी, धर्मेंद्र सोनी, सनातन धर्म के अध्यक्ष अजीत तिवारी, संदीप सौंडीक थे।

### प्रदेश अध्यक्ष और सांसद का स्वागत

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड भाजपा कार्यालय में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम का स्वागत किया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामवृद्ध यादव मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, सुनील तिवारी किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, अखिलेश दीक्षित, रामसुंदर विश्वकर्मा, दयाशंकर विश्वकर्मा, दिलीप सिंह, नगीना देवी, बबन ठाकुर आदि थे।

### रामनवमी पर वैश्य महासम्मेलन करेगा विशाल भंडारा : ज्ञान शंकर



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक ज्योतिलोक होटल में हुई। जिसमें संगठन की मजबूती व विस्तार पर चर्चा की गयी। साथ ही नौ से 30 अप्रैल तक वैश्य दिवस मनाया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा कि सभी प्रखंडों में वैश्य दिवस विशेष रूप से मनाया जायेगा। इस दिवस को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों में प्रभारी नियुक्त किये जायेंगे। साथ ही रामजन्मोत्सव रामनवमी पर वैश्य महासम्मेलन विशेष भंडारा किया जायेगा। इसकी जवाबदेही युवा अध्यक्ष सुभम प्रसाद निभायेंगे। मौके पर महामंत्री अरबिंद गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, राजेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, राजहंस अग्रवाल, रंजन अग्रवाल, मनीष मिवानिया, अरुण गुप्ता, पवन साहु, मोहित अग्रवाल भी थे।

### लोकसभा चुनाव जीतने की बनी रणनीति



**मेदिनीनगर।** राजद के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक माली मुहल्ला स्थित जियाउद्दीन अंसारी के आवास पर हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां को जिताने के लिए रणनीति पर चर्चा हुई। अध्यक्षता करते हुए राजद ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चंद्रवंशी ने कहा कि चुनाव में सभी घटक दलों को एक मंच पर आना होगा। इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। वर्तमान समय में चुनाव का जो माहौल है उसमें राजद जीत की ओर दिख रहा है। बस इसे कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी के पक्ष में करने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए राजद, कांग्रेस, झामुमो, माले समेत अन्य घटक दल मिलकर रणनीति बनायेंगे। सभी घटक दलों के लोगों को भी जवाबदेही लेनी होगी। ममता को जिताकर पलामू के विकास के लिए दिल्ली में भेजना होगा।

# रामनवमी पर्व शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने की जरूरत : डॉ शशिभूषण मेहता

■ रामनवमी पूजा के सफल संचालन को लेकर की गयी बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां के प्रांगण में रामनवमी पूजा को सुचारू रूप से संचालन के लिए सार्वजनिक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने की। बैठक में उपस्थित लोगों ने रामनवमी पूजा संपन्न कराने को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। बैठक का संचालन मंझौली पंचायत के मुखिया पति अनुज कुमार सिंह ने किया। इधर मां झालखंडी मंदिर कमिटी, मेला कमिटी व सदस्यों व अखाड़ा के लोगों ने शांति समिति की बैठक में सीसीटीवी लगाने समेत कई समस्या समाधान करने की मांग की। बैठक में विधायक डा मेहता ने कहा कि मंदिर कमिटी व मेला कमिटी की समस्या को हरहाल में निदान किया जायेगा।



**खास बातें :** रामनवमी पर्व लोग शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ मनायें। पर्व उत्साह के साथ मनायें लेकिन इसका ध्यान रखें कि कहीं कोई गलती न हो। पांकी विस क्षेत्र में रामनवमी का झंडा लगेगा। साथ ही धूमधाम से पूजा अर्चना भी होगी। रामनवमी के दौरान पुलिस प्रशासन व आमजन भी चौकस रहें। अफवाह व घटना की जानकारी पुलिस व जिला प्रशासन को दें ताकि तत्काल कार्रवाई हो सके। बैठक में तरहसी थाना प्रभारी निरज कुमार, अनुज सिंह, परमेंद्र प्रजापति, लोकनाथ यादव, अमरजीत सिंह, अमुक प्रियदर्शी, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, प्रो बच्चन ठाकुर भी थे।

# विधायक का स्वागत कर पंचायत स्वयंसेवक संघ ने जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के पंचायत स्वयंसेवक संघ ने पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को बुके व शॉल ओढ़ाकर आभार व्यक्त किया। मालूम हो की पिछले दिनों झारखंड के स्वयंसेवक संघ के मांग पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण ने विधानसभा में स्वयंसेवक संघ का मामला उठाकर सरकार को ध्यान आकृष्ट कराते हुए राज्य में किस तरह स्वयंसेवक जनता और प्रशासन के बीच कड़ी बनकर मनरेगा योजना के साथ साथ अन्य कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में महती भूमिका अदा कर रहे। जिसके बाद विधायक के मांग पर सरकार ने गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए हर महीने 2500 रुपया वेतन लागू किया और पंचायत स्वयंसेवक की जगह पंचायत सहायक का नाम का दर्जा दिया। विधायक डॉ मेहता ने कहा वे स्वयंसेवको को सहयोग करने के हमेशा पूरी ईमानदारी के साथ लगें हुए। उनका प्रयास है कि समाज के सभी लोगों को उनका हक व अधिकार मिले। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, समाजसेवी कमेश यादव, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, अजय उरांव, अनुज चंद्रवंशी, नवीन कुमार सहित काफी संख्या में पंचायत स्वयंसेवक संघ के सदस्य मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष और सांसद का किया भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** जिले के ऊंटारी रोड स्थित भाजपा कार्यालय में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी व सांसद विष्णु दयाल राम को कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यकर्ता सम्मेलन में हुसैनाबाद जाने के क्रम में उंटारी के कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं का स्वागत कर अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मोदी सरकार की उपलब्धि को घर घर जाकर बताने व मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, पूर्व प्रमुख रामसेवक राम, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, अरविंद मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, अखिलेश दीक्षित, रामसुंदर विश्वकर्मा, दयाशंकर विश्वकर्मा, दिलीप सिंह सहित अन्य कई कार्यकर्ता शामिल थे।



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते लोग।

# आधी रात एसडीएम और डीएसपी ने अंतर राज्य सीमा पर चलाया चेकिंग अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** उपायुक्त, पलामू के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार के आधी रात्री को हुसैनाबाद एसडीम आइएएस पीयूष सिन्हा, एवं एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से झारखण्ड व बिहार के सीमावर्ती चेकनाका एवं पुलिस चेक पोस्टों का निरीक्षण किया एवं जपला छत्तरपुर हुसैनाबाद के मुख्य मार्ग पर। एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला। इस दौरान एसडीएम और डीएसपी ने खुद रात्री में सीमावर्ती क्षेत्रों से बाहर जा रही छोटे बड़े कई वाहनों को स्वेम विधिवत चेक किया। इस दौरान एसडीपीओ मुकेश महतो ने चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस अधिकारियों तथा जवानों को कई हिदायत दी।



देर रात वाहनों की चेकिंग में जुटे एसडीओ और डीएसपी व अन्य।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में कोई भी वाहन बिना सर्च किये हुए सीमा क्षेत्र से बाहर ना जा सके यह जिम्मेदारी आपलोगों की है। विदित हो कि 2024 लोकसभा चुनाव के पहले चरण 19 अप्रैल को बिहार के औरंगाबाद सांसदीय क्षेत्र में मतदान होना है जिसका इण्टर सीमा क्षेत्र हुसैनाबाद झारखण्ड हैं वंही चौथे चरण में झारखण्ड के पलामू सांसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। जिसको दोनों राज्यो के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से बैठक कर सूचना की आदान प्रदान करने को लेकर सभी अधिकारियों और पुलिस बल को निर्देश दिया गया था। वंही सुरक्षा व्यवस्था की जिमेदारी संबंधित क्षेत्र के एसडीएम और डीएसपी को दी गयी ताकि भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सके।

## बूथ संख्या 179 पर मतदाता जागरूकता बैठक



**उंटारी रोड पलामू।** डेवडर के आंगनबाड़ी केंद्र बूथ संख्या 179 पर मतदाता जागरूकता समूह की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत सचिव अनुज कुमार ने की। बैठक में बैठक में ग्राम मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान 100 प्रतिशत कराये जाने हेतु प्रयास करने पर चर्चा हुई। बैठक में मुखिया कलमा देवी, उप मुखिया दुर्गेश कुमार, बीएलओ राधिका देवी, शिक्षक विजय सिंह, मनरेगा मेठ, जल सहिया सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## हिंदूवादी संगठनों ने किया छोटू व विनोद को नमन



**विश्रामपुर (पलामू)।** हिंदूवादी संगठन ने पुण्यतिथि पर छोटू साव व बिनोद यादव को श्रद्धांजलि दी। हिंदूवादी संगठनों ने दोनों की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया। उल्लेखनीय है कि सात अप्रैल 2006 को रामनवमी जुलूस के दौरान हुई पुलिस फायरिंग में छोटू साव व बिनोद यादव की मौत हो गयी थी। तब से हिंदूवादी संगठन प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को शहादत दिवस के रूप में मनाते हैं। इसके अलावा श्रद्धांजलि सभा भी करते हैं। अध्यक्षता बजरंग दल के संयोजक मोनू गुप्ता व संचालन पंकज लाल ने किया। मौके पर पुष्प रंजन मेहता, राजकुमार मेहता सुरेश ठाकुर, अमित गुप्ता, शशि ठाकुर, छोटू साह के पिता राजू साह, खुटुल ठाकुर, सुरेंद्र मेहता, कृष्णा केशरी, प्रदीप विश्वकर्मा, शिंकू, सत्यनरायण सोनी रामनावमी पूजा समिति अध्यक्ष मुनु कुमार भी थे।

# कार्यकर्ताओं ने किया चतरा संसदीय भाजपा प्रत्याशी कालीचरण का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी कालीचरण सिंह का रविवार को प्रखंड क्षेत्र के तुम्बागड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला और अंग वस्त्र देकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान श्री सिंह पूर्व पंचायत समिति सदस्य धीरज कुमार के आवास पर कार्यकर्ताओं से मिलकर पूरे जोर-शोर से चुनाव कार्य में लग जाने को कहा। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे चतरा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। कालीचरण सिंह ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे देश में भाजपा को अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तारीफ करते हुए कहा कि दूरदर्शी सोच रखने वाले प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में भारत आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से मजबूत हुआ है।

# रामनवमी व ईद को लेकर शहर थाना में शांति समिति की बैठक

■ पर्व को शांति माहौल में मनायें : सीओ अमरदीप

■ पर्व के दौरान सुरक्षा के व्यापक पुलिस बल तैनात की जायेगी : एसडीपीओ मणिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना में रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें महावीर नवयुवक दल जेनरल, मुहर्रम इंतजामिया कमिटी जेनरल, विभिन्न पूजा समिति के लोग एवं पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में दोनों पर्व एक साथ मनाये जाने को लेकर आपसी सौहार्द बनाये रखने तथा भाईचारा का संदेश देने का निर्णय दोनों समुदाय के लोगों ने दिया। साथ ही जिला प्रशासन, विद्युत विभाग, नगर निगम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से आग्रह किया गया कि जनहित को देखते हुए ये सभी विभाग अपनी जवाबदेही को प्रमुखता से निभायें। लोगों ने कहा कि अक्सर रामनवमी, मुहर्रम या किसी बड़े त्योहार में यह बराबर देखने को मिलता है कि नगर निगम, विद्युत विभाग, पेयजल विभाग अपनी जवाबदेही से कोसों दूर रहता है।



# शत प्रतिशत मतदान के प्रति सक्रिय रहें भाजपा कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ हैदरनगर हाई स्कूल मैदान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित

**हैदरनगर पलामू।** केन्द्र सरकार ही अब तक सुदूर क्षेत्र में बहुपयोगी व कई योजनाओं के लाभ को लेकर ग्रामीण मतदाताओं तक जाना है। वर्ष 2014 से पूर्व और वर्तमान देश की स्थिति से उन्हें अवगत भी कराना है। रविवार को हाईस्कूल हैदरनगर के मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंडल व बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि



तीसरी बार पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जीताने व देश में पुनः नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये उन्हें अपना मत देने व आसपास को हर हाल में शत प्रतिशत मतदान कराने के प्रति सजग व सक्रिय रहने की जरुरत है।

## तरहसी के मजदूर की दिल्ली में हुई मौत



**तरहसी पलामू।** सोनपुरा पंचायत के सिलदिलिया कला के रमेश मोची, पिता- मांदी मोची की मौत दिल्ली में हो गयी। मृतक मजदूरी करने दिल्ली गये थे, उनकी मौत सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली में हो गयी थी। आर्थिक स्थिति खराब होने से परिजन शव मंगाने में असमर्थ थे। जानकारी मिली, तो पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निर्देश पर उपायुक्त एवं श्रम अधीक्षक, पलामू ने त्वरित कार्यवाही कर शव को एंबुलेंस से मंगाया।

# भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनायें : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ छतरपुर में भाजपा का बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

**छतरपुर पलामू।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में छतरपुर पहुंचे। छतरपुर के हाई स्कूल के मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन के आयोजन में क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी गुच्छ और अंग वस्त्र देकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पलामू



लोक सभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को रिकॉर्ड मतो से विजयी बनाना है। 2024 का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। विरोधियों द्वारा नरेंद्र मोदी को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

## ईद-रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें ईद तथा रामनवमी समारोह को परंपरागत तरीके से शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने किया। पर्व के उल्लास में आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करना आवश्यक है। वहीं थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने कहा कि शांति में बाधक तथा असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। साथ ही सभी समुदाय आपसी भाईचारा कायम रखते हुए गंगा जमुनी तहजीब का परिचय दे। उन्होंने कहा कि यहां के नागरिकों की सुरक्षा के साथ उनकी सुझाव का क्रियान्वयन करना प्राथमिकता होगी।

## एसडीओ-डीएसपी ने सुदूरवर्ती क्षेत्रों के दर्जनों बूथों का किया निरीक्षण

# पदाधिकारियों ने युवाओं के साथ क्रिकेट खेलकर दिया जागरूकता का संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीएम पीयूष सिन्हा और हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने रविवार को अंचल थाना क्षेत्र के ने क्षेत्र के ग्राम कचरा, विश्वसिया , अमही, सीताचूआ,डंडीला, सड़ेया, लेपेया आदि जंगली एवं सुदरवर्ती क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया गया संयुक्त रूप से क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया इस दौरान दर्जनो से ज्यादा गांव में मोटरसाइकिल व पैदल चलकर स्कूल में मतदाताओं के लिए पानी, शौचालय आदि कई चीजों का अवलोकन किया वही गांव में क्रिकेट खेल रहे युवाओं से मिलकर एसडीएम और डीएसपी ने क्रिकेट खेला लोगों के साथ मिलकर उनके साथ सुरक्षा व्यवस्था की अहम जानकारी लिया व गांव गांव में भयमुक्त मतदान व नूतन मतदाताओं को इस लोकतांत्रिक त्यौहार में अधिक से अधिक मात्रा में मतदान करने के लिए जकरुक किया व हर हाल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की त्वरित कार्यवाही की ग्रामीणों को भरोसा दिया।



युवाओं के बीच जागरूकता का संदेश देते एसडीएम और एसडीपीओ।

# सतबरवा में विहिप-बजरंग दल ने बनायी राम और हनुमान जन्मोत्सव की रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक सतबरवा में हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सभी पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस दौरान 09 अप्रैल से 24 अप्रैल तक राम जन्मोत्सव और हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। आचार संहिता के कारण सभी कार्यक्रम मंदिर केंद्रित होंगे। प्रखंड में कम से कम 151 स्थानों पर कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।

संविधान निर्माता डॉ भिमराव अंबेडकर की जयंती भी 14 अप्रैल को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला प्रयवेक्षक के रूप में विकास कश्यप, गोपाल तिवारी, सुरेश वर्मा रवि तिवारी, राजीव सिंह, रोशन मेहता, सुनील कुमार विश्वकर्मा, नंदकिशोर प्रजापति, जुगल किशोर, धर्मेंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार सिंह, टिंकू विश्वकर्मा, मोनू कुमार, रमेश कुमार, करण मिश्रा अजय प्रसाद, मंटू कुमार, जितेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश पाठक, नंदकिशोर प्रजापति, रामदुलारी देवी राज वैद्य अंकित मिश्र, अंबर कुमार, रोशन कुमार ठाकुर व कई लोग मौजूद थे।




कार्यक्रम की तैयारी में जुटे विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता।

# अरविंद विद्रोही लिखित पुस्तक जलती रहे मशाल का लोकार्पण

■ स्वतंत्रता सेनानियों के तीन पीढ़ियों की कहानी बयान करती है पुस्तक जलती रहे मशाल

■ भोजपुरी भवन, गोलमुरी में सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जलती रहे मशाल का विमोचन करते बायें से मुख्य अतिथि और अर्का जैन यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ अंगद तिवारी, दमयंती राय शर्मा, लेखक अरविंद विद्रोही, दिनेश्वर प्रसाद सिंह दिनेश, डॉ अशोक अविचल और उदय हयात तथा विमोचन समारोह को संबोधित करते डॉ अंगद तिवारी।**

**जमशेदपुर।** देशभक्ति गीतों की धुन जब भी हमारे कानों में पहुंचती है, तब अनायास ही हम महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार भगत सिंह जैसे आजादी के महानायकों को याद करते है, हम उनके देश के प्रति समर्पण और बलिदान को कोटि कोटि नमन करते है, जिसकी बदौलत हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। आजादी की लड़ाई में महानायकों के अलावा अनगिनत देशवासियों ने भी स्वतंत्रता की लड़ाई में अपनी आहुतियां दी थी। अगर आप आम देशवासियों, स्वतंत्रता सेनानियों की नजर से स्वतंत्रता की लड़ाई को महसूस करना चाहते हैं तो आपको जलती रहे मशाल जरूर पढ़नी चाहिए।

स्वतंत्र भारत में शोषितों और पीड़ितों की आवाज बन अनगिनत प्रयास करने वाले जनवादी कवि अरविंद विद्रोही के बहुप्रतीक्षित पुस्तक जलती रहे मशाल का लोकार्पण गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन में सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद, जमशेदपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया गया। पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि एवं अर्का जैन यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ अंगद तिवारी, विशिष्ट अतिथि एवं लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज,करणडीह के प्राचार्य डॉ अशोक अविचल, साहित्यकार दिनेश्वर प्रसाद सिंह दिनेश, के द्वारा किया गया। अतिथियों ने अरविंद विद्रोही जी की पुस्तक जलती रहे मशाल से जुड़े कई कहानियां व किस्से विस्तार से बताते हुए कार्यक्रम को बेहद रोचक बना दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक अविचल ने कहा कि हम भारतीय आने पूर्वजों को नहीं भूलते और हमारे पूर्वजों का जीन हमारी पीढ़ियों को निर्देशित करता हैं। साहित्यकार अरविन्द विद्रोही के साथ यह बात बखूबी लागु होती हैं। देश की आजादी की लड़ाई में उनके तीन पीढ़ियों ने योगदान किया और आज भी उनका परिवार समाज के लिए समर्पित हैं।

मुख्य अतिथि डॉ अंगद तिवारी ने कहा कि जलती रहे मशाल एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार कि कहानी हैं और परिवार के संघर्षों का दस्तावेज हैं। इस पुस्तक को पढ़ने से पता चलता हैं कि देश कि स्वतंत्रता की लड़ाई में शामिल सेनानियों और उनके परिवार ने देश के लिए कितने कष्ट उठाये। बाबा भाषी राय का परिवार आज भी समाज में कैसे सक्रिय और पहचान बनाये हुए है और कैसे संघर्ष करते हुए आगे बढ़ रहा हैं, जलती रहे मशाल में इसका जीवंत बर्णन है। इस पुस्तक के बड़ी मेहनत से लेखक अरविन्द विद्रोही ने लिखा हैं। इससे उनके परिवार के साथ समाज को भी दिशा मिलेगी।

**क्रांतिकारी परिवार की चौथी पीढ़ी से हैं साहित्यकार अरविंद विद्रोही :** अरविंद विद्रोही (81) अपने परिवार की चौथी पीढ़ी है, जिन्होंने सर्वहारा व वंचित वर्ग के लिए लगातार लड़ाई लड़ी। इनके पिता स्वतंत्रता सेनानी जगन्नाथ राय शर्मा, दादा दुर्गा प्रसाद राय व परदादा भाषी राय तीन पीढ़ियों ने आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया। बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ प्रखंड कार्यालय के सामने स्थित स्वतंत्रता सेनानियों के शिलालेख पर भी स्वतंत्रता सेनानी जगन्नाथ राय शर्मा का नाम अंकित है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिनेश्वर प्रसाद सिंह दिनेश ने अरविन्द विद्रोही और उनके पूर्वजों के योगदान कि चर्चा की। संध्या सिन्हा ने लेखक अरविन्द विद्रोही के जीवन पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण अरविन्द विद्रोही के पुत्र और पत्रकार सत्येंद्र कुमार ने दिया।

## स्पीड न्यूज

### आज निकलेगी गणगौर की बिंदोरी

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी सम्मेलन जुगसलाई शाखा द्वारा आयोजित गणगौर उत्सव की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। गणगौर पूजा में बिंदोरी का बड़ा महत्व है एवं जमशेदपुर में पहली बार मारवाड़ी समाज द्वारा गणगौर की भव्य बिंदोरी निकाली जा रही है। जयपुर में मनाया जाने वाला गणगौर उत्सव विश्व प्रसिद्ध है। वहां के बिंदोरी जुलूस को देखने के लिए यूरोप से हजारों पर्यटक जयपुर आते हैं। जयपुर गणगौर उत्सव की तर्ज पर अपने जमशेदपुर में भी बिंदोरी जुलूस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को संध्या 5 बजे जुगसलाई के चौक बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में गणगौर की पूजा के पश्चात बिंदोरी निकाली जाएगी जो कि राजस्थान शिव मंदिर, एम ई स्कूल रोड तक जाएगी। भव्य रथ में विराजमान इशर गौरा की झांकी, ढ़ोल नगाड़ा, ब्यावली लड़कियां, मां पार्वती की भक्ति का जुलूस, सुहागनों की आस्था। रास्ते मे जगह जगह राणी सती सत्संग समिति, मानव कल्याण संस्थान, मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा सहित मारवाड़ी समाज की अन्य संस्था ठंडे पानी इत्यादि के स्टॉल लगा रहे हैं। मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष लिपु शर्मा ने आग्रह किया है कि सभी महिलाएं संध्या 5 बजे चौक बाजार श्री सत्यनारायण मंदिर आ जायें।

### रेडक्रॉस भवन में चित्तो दा की स्मृति में रक्तदान आज

**जमशेदपुर।** वीर शहीद सैनिकों तथा स्वतंत्रता सेनानी चितरंजन मुखर्जी (चित्तो दा) की स्मृति में प्रत्येक वर्ष की भांति रेड क्रॉस भवन, साकची में 8 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड तथा लॉयन्स क्लब ऑफ जमशेदपुर नार्थ के संयोजन में किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील सिंह तथा लॉयन्स क्लब के लॉयन सुदिप्तो मुखर्जी ने संयुक्त रूप से कहा कि अचानक बढ़ी हुई गर्मी के कारण इस वर्ष बीमार जरूरतमंदों के लिए रक्त की व्यवस्था बड़ी मात्रा में करना आवश्यक है, इसलिए अधिक रक्तदाता इस अवसर पर रक्तदान के लिए आयें तथा शहीद सैनिकों एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व चितरंजन मुखर्जी की स्मृति में आयोजित इस रक्तदान शिविर में उन्हें अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करें।

### रेडक्रॉस के शिविर में 25 रोगियों का ऑपरेशन



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 718वें नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र में आज 25 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर में सम्पन्न किया गया। इससे पूर्व राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष श्री बालमुकुन्द गोयल, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह एवं राकेश मिश्र ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नेत्र शिविर का शुभारंभ किया। समाजसेवी मंजू मुसद्दी एवं अजय मुसद्दी के माता-पिता स्व रामा देवी-स्व घीसाराम जी मुसद्दी के पुण्य स्मृति में मारवाड़ी महिला मंच के संयोजन में आयोजित हुए इस नेत्र शिविर में ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की कल सोमवार को पट्टी खोलकर अंतिम जांच की जायेगी तथा उन्हें आवश्यक दवा, चश्मा व ऑपरेशन कराये आंखों की देखभाल की जानकारी देकर विदा किया जायेगा। आज नेत्र शिविर के साथ ही एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में किया गया।

# उल्लास... हनुमान मंदिर, मानगो से निकलेगी भव्य नववर्ष शोभा यात्रा

■ हिन्दू उत्सव समिति निकालेगी बड़ा हनुमान मंदिर से आशीर्वाद लेकर मानगो चौक भव्य हिन्दू नववर्ष यात्रा

■ उमड़ेगा एक लाख का जनसैलाब : रवि सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार को हिन्दू उत्सव समिति द्वारा हिन्दू नववर्ष यात्रा को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक उपेंद्र सिंह मस्तान, धर्मेंद्र सोनकर हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रविप्रकाश सिंह, पप्पू सिंह, गौ रक्षा से अवतार सिंह परमार, हिन्दू जनजागरण मंच से सुमित कुमार, अक्षय कोड़ा, गोल्डन पांडेय, केसरिया सेना के चंदन चतुर्वेदी, मृत्युंजय जी, धीरज जी सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से बताया कि कल 8 अप्रैल 2024 दिन सोमवार को हिन्दू उत्सव समिति,हिन्दू जनजागरण मंच ओर केशरिया सेना के संयुक्त तत्वाधान में मानगो बड़ा हनुमान मंदिर से वीर बजरंगबली का आशीर्वाद लेते हुए मानगो चौक से लाखो रामभक्तों के साथ भव्य यात्रा निकाला जायेगा जो महाराणा प्रताप चौक ओर पुराना कोर्ट होते हुए साकची सुभाष मैदान (आमबगान) में पहुंचकर, 21 पंडितों द्वारा भारत माता की भव्य आरती होगी जिसके सहभागी लाखो रामभक्त हिन्दू बनेंगे।

मानगो चौक पर मुख्य आकर्षण केंद्र रहेगा, श्रीराम की 21 फिट ऊंची प्रतिमा, रामगढ़ का डंका, श्रीराम परिवार का झांकी, शिव परिवार की झांकी, बानर सेना



आधुनिक भव्य डीजे इस वर्ष यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र श्री राम भगवान की 21 फिट ऊंची प्रतिमा व राम दरबार, शिव परिवार की झाकियां साथ ही रामगढ़ का प्रसिद्ध डंका रहेगा जो उपस्थित रामभक्तों का मन मोह लेगा साथ ही आधुनिक भव्य डीजे रहेगा, जिसके धुन पर हजारों रामभक्त थिरकेंगे।

**हजारों महिलाएं पारंपरिक परिधान में करेंगी यात्रा की अगुवाई : रवि सिंह–** रवि सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष हिन्दू नववर्ष यात्रा में महिलाओं की सहभागिता अधिक रहने वाली है लाखो की भीड़ में हजारों की संख्या में पूरे शहर से महिलाएं यात्रा में शामिल होंगी और पारंपरिक परिधान के साथ महारानी लक्ष्मी बाई व दुर्गावाती के समान अपने धर्म की रक्षा करने का संदेश देंगी। सभी महिलाओं की अगुवाई सुनीता शर्मा करेंगी जो हिन्दू उत्सव समिति के महिला प्रमुख भी है।

**200 कार्यकर्ताओं को दी गयी जिम्मेदारी :** उपरोक्त भव्य यात्रा को सफल बनाने के लिए हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि सिंह में बताया कि विधि व्यवस्था व यातायात नियमों को पालन कराने के लिए हिन्दू उत्सव समिती ने लगभग 200 प्रमुख कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी है जो यात्रा के निमित्त सारे रास्ते मे यातायात नियमो का पालन कराने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएंगे। साथ ही हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक श्री धर्मेंद्र सोनकर ने हिन्दू समाज से आह्वान किया कि शहर के समस्त हिन्दू परिवारों से आग्रह है कि हिन्दू एकता को बढ़ाने के लिए सभी हिन्दू अपने अपने घरों से किसी न किसी की सहभागिता इस यात्रा में सुनिश्चित करने की कृपा करें।

## एक नजर में

### एसएसपी ने मुसाबनी में की समीक्षा बैठक



**मुसासबनी।** रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के द्वारा पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग की उपस्थिति में प्रखंड सभागार मुसाबनी में एक समीक्षात्मक बैठक की गई। आयोजित बैठक मे चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने हेतू आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया। साथ ही साथ मुसाबनी थाना अंतर्गत कलस्टर एवं बूथो का निरीक्षण किया गया।

### बीएनएच ने लक्ष्मीनाथ मंदिर में लगाया हेल्थ कैंप

**जमशेदपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के शुभ अवसर पर परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति एवं ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक मेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके किया गया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश कुमार एवं जनरल फिजिशियन डॉ शुभाशीष डे ने 150 से ज्यादा मरीजों की जांच की। शिविर में निशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, ईसीजी, मैमोग्राफी एवं पीएफटी की जांच की गयी। शिविर में अध्यक्ष, मानस मिश्रा, महासचिव चंद्रशेखर झा एवं मुख्य अतिथि जमशेदपुर के जाने-माने डॉ उमेश खान, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, विकास सिंह, रघुनाथ पांडे इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### हरिनाम संकीर्तन में विधायक कालिंदी हुए शामिल



**पटमदा।** पटमदा प्रखंड के महुलबना पंचायत अंतर्गत धाधकीडीह गांव में सोलोआना कमेटी द्वारा आयोजित चौबीस प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन रविवार को विधायक मंगल कालिंदी व झामुमो नेता आस्तिक महतो शामिल होकर मंदिर में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली कामना की। विधायक ने कहा कि कलयुग में हरिनाम संकीर्तन ही जीवों के उद्धार के लिए एकमात्र सहारा है। उन्होंने कहा कि गांव में इस तरह धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करने से सुख समृद्धि व खुशहाली आती है। इस दौरान झामुमो विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, ग्राम प्रधान सुधीर चंद्र माझी, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, सिजेन हेम्ब्रम, रामपद महतो, स्वपन महतो आदि मौजूद थे।

### अंकुश कुमार ने रिकॉर्ड 14वीं बार और अजय कुमार ने नौवीं बार किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** रक्तदाता जागरुकता अभियान के तहत लगातार एसडीपी डोनेशन के माध्यम से जरूरतमंद रोगियों को प्लेटलेट्स की जरूरत पूरी की जा रही है। इस अभियान के तहत रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की सक्रियता से नियमित एसडीपी डोनर व टाटा स्टील कर्मी अंकुश कुमार ने 14वीं बार एसडीपी दान किया, उन्होने 31 बार कुल रक्तदान किया है, इसी क्रम में टाटा स्टीलकर्मी अजय कुमार ने 9वीं बार एसडीपी दान किया, उनका कुल रक्तदान 34 बार हुआ। रेड क्रॉस सोसाईटी मानवता की सेवा में अहम भूमिका निभाने वाले रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करता है।

### सेसा ने लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**मेदिनीनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वयंसेवी संगठन सेसा पलामू के ने महुआडांड प्रखंड के रेंगाई पंचायत भवन में एकदिवसीय निशुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर लगाया। कार्यक्रम का उद्घाटन रेंगाई मुखिया मला किंडो ने किया। यह शिविर वन साइट एसिलर लक्जॉटिका फाऊंडेशन बैंगलोर ने प्रायोजित किया। शिविर में 40 साल और उससे ऊपर के लोगों को पहले निशुल्क नेत्र जांच की गयी एवं उसके पश्चात आवश्यकतानुसार चश्मा भी दिया गया। शिविर में मोतियाबिंद पाये जाने वाले लोगों को अन्यत्र ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। शिविर में नेत्र सहायक के रूप में श्याम सुंदर साह, अमरेंद्र कुमार एवं नीलध्वज कुमार ने अपनी स्वैच्छिक सेवा दी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेसा संस्था के परियोजना निदेशक डॉक्टर जसबीर बग्गा ने किया और संचालन संस्था के महासचिव डॉक्टर कौशिक मल्लिक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सेसा के उप सचिव संजय कुमार ने प्रदान किया। शिविर में 170 लोगों का जांच किया गया जबकि 125 लोगों को चश्मा दिया गया। शिविर के सफल आयोजन में अजय कुमार, ज्योति टोप्पो, कंचन कुजूर, जुस्टीन कुजुर, धनंजय कुमार, लिविंन गिद्ध, अजीत मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

### अब गांव-गांव में समिति बनाने पर जोर : विहिप

**मेदिनीनगर।** कवल पंचायत के गुरदी ग्राम देवी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल समिति का गठन हुआ। उसके पूर्व एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता छत्तरपुर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव और संचालन नगर बजरंग दल संयोजक अंकित ने किया। बैठक में जिला बजरंग दल सह संयोजक सह छत्तरपुर प्रखंड पालक सोनू सिंह, वरिष्ठ ग्रामीण राम किशन यादव, गुप्ता यादव, शिव साव, नरेश यादव, कपिल यादव, राम केवल यादव, छत्तरपुर नगर सह संयोजक रॉकी गुप्ता, अमित ठाकुर और छत्तरपुर नगर गौ रक्षा सह प्रमुख मनीष मिश्रा की सहभागिता रही।

## भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी का भाषा गुंडों और अपराधियों जैसी : मंजू सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजु सिंह एवं महामंत्री काकोली मुखर्जी ने संयुक्त बयान जारी कर भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी के द्वारा कल जमशेदपुर दौरे के क्रम में मीडिया को दिए साक्षात्कार में भाजपा के धनबाद प्रत्याशी ढुल्लु महतो के समर्थन में महिलाओं का अपमान करते हुए दिए बयान की हम माँ बहन करते थे की कड़े शब्दों में निंदा की है। नेत्रीद्वय ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता सह झारखंड प्रभारी एक आपराधिक छवि के भ्रष्टाचार के दल-दल से निकले धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुल्लु महतो के समर्थन करते हुए इस प्रकार दृष्टिहीन हो गये की। उन्होने भाषा व सभ्यता की सारी मर्यादाओं को लांगते हुए माताओं व बहनों का भाषाई चीरहरण कर दिया। नेत्रीद्वय ने आगे कहा कि लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा को तिलांजलि देते हुए अपराधी व सड़क छाप गुंडे प्रिंस खान की विचारधारा व उनके आचरण को परिलक्षित कर दिय। श्री बाजपेयी को रह भी स्मरण नहीं रहा कि जिस वक्त वे इस प्रकार महिलाओं- बहनों के लिए घृणित शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे ।



## माखनलाल चतुर्वेदी जयंती सह काव्य कलश का भव्य आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** तुलसीभवन के प्रयाग कक्ष में सिंहभुम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन द्वारा माखनलाल चतुर्वेदी जयंती एवं मासिक काव्य कलश का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता सुभाष चंद्र मुनका ने की। स्वागत भाषण साहित्य समिति के अध्यक्ष एवं मानद महासचिव तुलसीभवन डॉ प्रसेनजित तिवारी और संचालन श्री अशोक पाठक स्नेही के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी व्यथित ने किया। सबसे पहले मंचासन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया, सरस्वती जी एवं माखनलाल चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। सभी साहित्यकारों ने भी पुष्प अर्पित किये। डॉ वीणा पांडेय भारती ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। श्रीमती नीता सागर ने माखनलाल चतुर्वेर्दी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके बाद मानद महासचिव प्रसेनजित ने माधुरी मिश्रा को श्री साहित्य कुंज रांची से सम्मानित होने के उपलक्ष मे शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद काव्य कलश का सत्र हुआ।

## बुजुर्ग नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए गठित होगा सीनियर सिटिजंस वेलफेयर क्लब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शहर के बुजुर्ग नागरिकों के स्वास्थ्य देखभाल एवं उनके जन कल्याण के लिए शीघ्र ही जिले में सीनियर सिटीजन वेलफेयर क्लब का गठन किया जायेगा। इसका संचालन रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से किया जायेगा, उक्त बातें संगठन के चेयरमेन मनोज मिश्रा ने छाया नगर मे विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बुजुर्ग हमारे धरोहर विषय पर रोटी बैंक द्वारा अयोजित एक संगोष्ठी में कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहर एवं जिले के तमाम बुजुर्गो को एक मंच पर लाकर उन्हें क्लब से जोड़ा जायेगा। क्लब के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की नियमित देखभाल की जायेगी। साथ ही साथ उन्हें विभिन्न प्रकार के एक्टिविटी से भी जोड़ा जायेगा। जरूरत पड़ने पर उन्हें आपातकालीन चिकित्सकीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। मनोज मिश्रा ने कहा कि बुजुर्ग हमारे धरोहर है, उन्हें संजो कर रखना हमारा कर्तव्य है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में साकची गोलचक्कर में मौन प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आप पार्टी के महिला जिलाध्यक्ष बिनीता मिश्रा के नेतृत्व में साकची गोलचक्कर में यह मोन प्रदर्शन का आयोजन किया गया। आप पार्टी के महिला जिला अध्यक्ष बिनीता मिश्रा ने कहा की आप पार्टी से भाजपा पूरी तरह डर गयी हैं, हमारे नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरबिंद केजीरवाल को तरह -तरह के आरोप लगा कर जेल में डाल दिया गया, जिससे कार्यकर्त्तावों में उबाल हैं,वहीं आज दिल्ली के राम लीला मैदान में आप पार्टी के द्वारा विशाल पर्दशन भी किया जा रहा हैं देश की जनता भाजपा को माफ नहीं करेंगी। मौके पर जिला महिला संयोजक विनीता मिश्रा जिला सचिव शंभू सिंह गांधी, जिला बुद्धिजीवी मंच के प्रमुख प्रो शालिग्राम मिश्रा, जिला सह सचिव- कन्नन गणेशन, जिला उपाध्यक्ष जीतेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष शंकर ठाकुर आदि थे।

# गुरुद्वारा मैदान, साकची में 13 से 16 तक बैसाखी सभ्याचार मेला

■ विभिन्न व्यंजनों, सौंदर्य प्रसाधन, हस्तशिल्प के लगेंगे स्टॉल

■ बच्चों के लिए झूले, भांगड़ा, गिद्दा और गायिकी होगी आकर्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के इतिहास में पहली बार बैसाखी पर्व के पावन मौके पर साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के सौजन्य से कोल्हान की संगत चार दिवसीय ₹बैसाखी सभ्याचार मेला₹ का आनंद लेगी। साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी द्वारा बैसाखी को इतिहासिक बनाने के लिए आगामी 13 अप्रैल से 16 अप्रैल तक व्यापक पैमाने पर कार्यक्रम साकची गुरुद्वारा मैदान में आयोजित किये जा रहे हैं।

रविवार को प्रेस वार्ता में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए साकची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह ने बताया कि बैसाखी सभ्याचार मेला में धार्मिक समागमों के साथ-साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कार्यक्रमों के अनूठे समावेश से सिख इतिहास से रु-ब-रु होने का भरपूर मौका होगा। बैसाखी के पावन मौके पर 13 अप्रैल से 16 अप्रैल तक साकची गुरुद्वारा मैदान में बैसाखी सभ्याचार मेला का आयोजन धूमधाम से होगा। सरदार निशान सिंह के अनुसार चारो दिन मेला का भव्य आयोजन किया जायेगा जहाँ विभिन्न स्टाल का निर्माण भी किया जा रहा है जिसमे विभिन्न व्यंजनों, सौंदर्य प्रसाधन, हस्तशिल्प के स्टॉल लगेंगे साथ ही साथ बच्चों के लिए झूले, सन्नी ग्रुप का भांगड़ा, गिद्दा और शहर के उभरते हुए गायक रणजीत मेहरा और अश्मीक सिंह द्वारा गायिकी की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होगी।

**...और क्या होगा खास :** इसके अलावा सिख मार्शल आर्ट गतका और अन्य सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। आयोजन समिति के मुख्य सदस्य सतिंदर सिंह रोमी ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता को ध्यान में रखते हुए साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी द्वारा एक आयोजन समिति बनाई गई है। गुरुद्वारा मैदान परिसर में दो चरणों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। महामंत्री परमजीत सिंह काले ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि धार्मिक समागम के तहत 13 और 14 अप्रैल को गुरुद्वारा साहिब में महान कीर्तन दरबार का आयोजन संगत के लिए किया जायेगा जबकि शाम के कार्यक्रम में पंजाब, अमृतसर से विशेष आमंत्रण पर जमशेदपुर पहुंचने वाली नाटक कलाकार टीम कला प्रीत मंच की 25 सदस्यीय टीम ध्वनि और रौशनी के संगम से हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर जी महाराज एवं चार साहिबजादों की शहीदी गाथा का मंचन करेंगे। इनकी अभिनय शैली को पंजाब में काफी पसंद किया जाता है।

# सही दिशा

भारत ने साल 2030 तक अपने कार्बन उत्सर्जन में 45 प्रतिशत की कमी लाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, इस लक्ष्य को साकार करने में ईवी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की बिक्री इस साल 66 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस बारे में काउंटरप्वाइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राज्य की सब्सिडी और सहायक बुनियादी ढांचे के विकास के कारण ईवी की सेल में तेजी देखने को मिलेगी, इसी के साथ साल 2024 के आखिर तक ईवी कुल पीवी बाजार का लगभग 4 प्रतिशत हिस्सा होगा। इस रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है कि साल 2030 तक, ईवी भारत के निजी वाहन बाजार में लगभग एक तिहाई हिस्सेदारी बना लेगी। वित्तीय आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय ईवी सेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2024 में ईवी के विभिन्न प्रकार के वाहनों में रिकॉर्ड बिक्री हुई। बिक्री में सालाना 41% की बढ़ोतरी हुई और 1.66 मिलियन ईवी की सेल दर्ज की गई। मार्च के महीने में 197,000 से अधिक इकाइयों की बिक्री के साथ एक नया रिकॉर्ड बना, सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम 2024 शुरू की है, जिसमें इलेक्ट्रिक दो और तीन-पहिया वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक, भारत में 1,6 लाख ईवी की खरीद देखी गई, हर दिन औसतन 4,562 ईवी की बिक्री हुई, जो पिछले वर्ष की 3,242 दैनिक बिक्री से एक महत्वपूर्ण उछाल है। यह वृद्धि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की ऊंची कीमतों के बावजूद ईवी में बढ़ती रुचि को दशार्ती है। भारतीय ईवी बाजार में टाटा मोटर्स टॉप पर हैं, जिनके पास 2023 में दो-तिहाई से अधिक बाजार हिस्सेदारी थी। इसके बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और बीवाईडी हैं।

# टैक्स राहत

हाल के दिनों में पार्टी के बकाया कर मामले में कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि उसके खाते सील होने के चलते उसे चुनाव लड़ने में दिक्कत हो रही है। वह अपने प्रत्याशियों को हवाई टिकट नहीं दे पा रही है। यह भी कि वह बड़ी चुनावी रैलियां नहीं कर पा रही है। आरोपों की तार्किकता और देश में सबसे लंबे समय तक राज करने वाली पार्टी का वित्तीय प्रबंधन अपनी जगह है, लेकिन किसी भी मुकाबले का नैतिक नियम यही है कि चुनावी मुकाबले में हर राजनीतिक दल को बराबर का अवसर दिया जाए। बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को वचन दिया है कि जुलाई तक आयकर विभाग कांग्रेस से बकाया तीन हजार पांच सौ करोड़ से अधिक के कर वसूलने के बाबत कोई भी कठोर कदम उठाने से परहेज करेगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कुछ ही हफ्ते बाकी रह गये हैं। यह प्रकरण इन्हीं आरोपों की कड़ी को विस्तार देता है। निश्चित रूप से, बार-बार आयकर विभाग की चेतावनी और ठीक चुनाव से पहले कांग्रेस के फंड पर रोक कई सवालों को जन्म देती है। जो किसी भी स्वतंत्र लोकतंत्र की पारदर्शी व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाता है क्योंकि ऐन चुनाव के वक्त पार्टी फंड पर रोक लगाने से कोई भी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार अभियान में पंगु हो जाता है। जो किसी भी लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं कहा जा सकता। निश्चित रूप से कांग्रेस को तात्कालिक वित्तीय दबाव से कुछ राहत जरूर देगा। लेकिन यह कदम कर कानून प्रवर्तन में निष्पक्षता और पारदर्शिता की अंतर्निहित चिंताओं का समाधान प्रदान नहीं करता है। निश्चित रूप से ऐसे मामलों में निष्पक्ष रूप से निर्णय लेने में न्यायपालिका की भूमिका कानून के शासन को स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो जाती है।

# शैक्षणिक विकास को सुगम और तेज करें



राजस्थान में बीकानेर के दूरदराज के गांवों के स्कूलों में अक्सर एक ही कमरे में एक साथ दो कक्षाएं चलती हैं- इसमें बच्चे कतारों में बैठे होते हैं, और एक समूह एक तरफ ब्लैकबोर्ड की तरफ देख रहा होता है और दूसरा समूह दूसरी तरफ ब्लैकबोर्ड को देख रहा होता है। कभी-कभी दोनों पाठ आपस में गड्डमड्ड हो जाते हैं, जिससे किसी भी छात्र के लिए इतिहास के पाठ के बीच अंकगणित को समझना मुश्किल हो सकता है। कोई छात्र बीच में कक्षा से खिसक जाए, तो शिक्षक को शायद पता भी न चले।

ग्रामीण भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आकांक्षा वास्तव में कभी फलीभूत नहीं हुई। ऐसे में ऊंचे लक्ष्य तय करना जरूरी है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रति छात्र सालाना 12,500 रुपये खर्च किए, जो कि जीडीपी का करीब तीन-चार फीसदी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चाहती है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपना खर्च बढ़ाकर जीडीपी के करीब छह फीसद तक लाएं। 1960 के दशक से यह वांछित लक्ष्य रहा है, लेकिन अब जाकर सरकार ने इसे वास्तविक लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में कुल पंजीकरण का अनुपात 50 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर, शिक्षा के क्षेत्र में दूसरी समस्याएं भी हैं। संगीता कश्यप मध्य प्रदेश की 46 वर्षीय स्कूल शिक्षिका हैं, जो इंदौर और आसपास के इलाके के मशहूर सरकारी अहिल्या आश्रम स्कूल में पढ़ाती हैं। पीटीआई की अगस्त, 2014 की खबर के अनुसार, अपने 24 साल लंबे करियर में पिछले 23 वर्षों से वह ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली की ऐसी दुसाध्य बीमारियों को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दुरुस्त करना चाहती है।

ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए। उनके काम की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन प्रणाली बनानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। और अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा।



–वरुण गांधी

> विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा। कला संकाय (मानविकी) को लेकर हमारी लंबी उपेक्षा आखिरकार सुधर जाएगी। नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं पर भी ध्यान दिया गया है। हमारे देश के संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए स्कूल बोर्डों को तीन भाषाओं (राज्य और क्षेत्र के हिसाब से) के विकल्प का अधिकार दिया जाएगा, जबकि संस्कृत विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक संस्थानों में बदल दिया जाएगा। स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाले संस्थानों की स्थापना में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देना भी स्वागतयोग्य कदम है।

विश्वविद्यालयी-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं-कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं।

विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) जो कई सौ विश्वविद्यालयों और हजारों कॉलेजों की देखरेख करता है, अब भी खुलेपन और रचनात्मकता का गला घोंट रहा है। हमें पूरे विश्वविद्यालय ढांचे का पुनर्गठन करने की जरूरत है। नई शिक्षा नीति में अब यूजीसी की जगह पर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा नियामक परिषद का गठन किया जा रहा है। उच्च शिक्षा संस्थानों को अब कई तरह के पाठ्यक्रम चलाने की जरूरत है। साथ ही ऐसे संस्थान हर जिले में खोलने की जरूरत है। ग्रामीण इलाकों या गांवों में सार्वजनिक सुविधाएं क्षेत्र में विकास की स्थिति का आईना दिखाती हैं।

स्थानीय सरकारी स्कूल अक्सर आयताकार कमरों की एक इमारत होती है, जो किताबों और जरूरी शिक्षण उपकरणों की गैरमौजूदगी में कुछ खस्ताहाल कुर्सियों, बेंचों और ब्लैकबोर्डों से भरी होती है। भारत अब बदल चुका है और बेहतर शिक्षा की मांग कर रहा है।

## खास बात

# शांति के लिये शक्ति

**जीवीएस शास्त्री**

**भारतीय** सेनाओं में अत्याधुनिक अस्त्रों-शस्त्रों की आपूर्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। मगर भारतीय वायुसेना में 4.5वीं पीढ़ी के अत्याधुनिक विमान राफेल का शामिल होना इस मायने में खास है क्योंकि भारत चीन के साथ सीमा रक्षा में उलझा हुआ है। देश के सामने बड़ी चुनौती है और दुनिया में फिलहाल इस विमान की टक्कर का कोई दूसरा विमान नहीं है। हर संकट के समय में काम आने वाले मित्र देश फ्रांस ने चुनौती के वक्त राफेल की पहली खेप की आपूर्ति की है। ऐसी मदद उसने कारगिल युद्ध के दौरान मिराज लड़ाकू विमान को लेकर भी की थी। इस बेजोड़ लड़ाकू जहाज को एक साल से फ्रांस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय पायलट पूरी तैयारी के साथ भारतीय धरती पर लाये हैं। फिलहाल वे इतने सक्षम हैं कि राफेल की तैनाती तनावपूर्ण क्षेत्र लद्दाख में हो सकती है। इन विमानों के आगमन को लेकर देश में इतना उत्साह था कि लोग महामारी के संकट को भूल लड़ाकू जहाजों के आगमन की प्रतीक्षा करते रहे। यह उत्साह सिर्फ अंबाला में ही नहीं था जहां इन लड़ाकू विमानों को उतरना था, बल्कि सारे देश में था। महत्वपूर्ण इतना कि इनकी अगवानी के लिये खुद वायुसेनाध्यक्ष अंबाला में मौजूद थे। फ्रांस से लंबा सफर तय करके जैसे ही इन पांचों राफेल विमानों ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया, दो सुखोई लड़ाकू विमान इनका साथ देने लगे।

समय की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार ने इस आयोजन को मीडिया से दूर रखा और अंबाला के कुछ इलाकों में धारा 144 लगाई गई तथा छतों से फोटो खींचने तक पर रोक लगाई गयी। इन लड़ाकू विमानों के आगमन को लेकर सार्वजनिक कार्यक्रम अगस्त के दूसरे हफ्ते में किये जाने की बात कही जा रही है। राफेल विमान के सुर्खियों में होने की वजह जहां एक ओर चीन से चल रहा सीमा विवाद है तो वहीं पिछले आम चुनाव में कांग्रेस द्वारा इसे चुनावी मुद्दा बनाया जाना भी है। बहरहाल, अब राफेल भारतीय वायुसेना का हिस्सा है। एक हकीकत यह है कि वायुसेना को रणनीतिक व सामरिक दृष्टि से आधुनिक हथियारों की सख्त जरूरत थी।

# शूर्पणखा का विलाप

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शूर्पनखा** ने रावण को डांटकर बोली तुम रात दिन मदिरा पान करों और निद्रा में रहो। इस प्रकार पूर्वजों के इस राज का नाश हो जाएगा। सिर पर विपति आ गयी है और तुमको पता भी नहीं है। रावण ने कहा बहना क्या हो गया ? यह किसने किया? शूर्पनखा ने अपने नाक-कान दिखाते हुए कहा कि राम और लक्ष्मण नाम के दो युवक हैं। अयोध्या के राजा के लड़के हैं उनके साथ सीता नाम की स्त्री है। मैं उनका पता लगाने गयी तो मेरा नाक-कान काट दिया। रावण ने कहा तुम खर-दूषण के पास क्यों नहीं गयी। यही बताने आई हूं कि मैं खर-दूषण के पास गयी और वे दस हजार सेना सहित उनसे युद्ध करने गये और सभी मारे गये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

घटनाएं जो धटती है प्रारब्धवश नियोजित होती है अथवा क्रियमाण के कर्म का फल होता है। लेकिन उसमें व्यक्ति की जो भावना होती है यही ईश्वर की ओर उन्मुख होती है या ईश्वर से विमुख करती है। जितनी घटनाएं घटी सब पूर्व नियोजित थी। लेकिन श्रीराम की भावना भक्ति की ओर उन्मुख थी। कारण है कि उनके भीतर हमेशा यही भाव है कि मेरे द्वारा वही हो जो गुरु महाराज चाहते हैं। वसिष्ठ जी ने जब कह दिया चित्रकूट के बाद जिन-जिन रास्ते पर वे चलने के लिये कहे जिन लोगों से मिलने की बात की वैसे ही वे चलते चले गये और इस बात का ख्याल रखें कि मैं जो भी करूं वो उनके अनुरूप करूं। अगर अगस्त्य जी ने बताया तो उसे भी माना।

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

**काफी** अकेला हूं !
या
अकेला काफी हूं...!

नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

**– अनुपम खेर अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

पिछले 4 वर्षों से हमारी सरकार ने प्रदेश के आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, उन्हें पेंशन, रोटी, कपड़ा, अनाज, शिक्षा एवं आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया है। **– चंपई सोरेन, सीएम**





कांग्रेस का घोषणापत्र बता रहा है कि 21वीं सदी में भारत को आगे ले जाने का उसके पास कोई विजन नहीं।

**– नरेन्द्र मोदी**

# देश की राजनीतिक बदलाव की दो कहानियां

**इंद्रजित गुप्ता**

## चुनाव 2024

जब 9 फरवरी को संतृप्त मिश्र ने औपचारिक घोषणा कर दी कि वह बीजू जनता दल (बीजद) के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में पार्टी से जुड़ रहे हैं तो अटकलें तेज हो गईं कि आदित्य बिड़ला समूह के इस दिग्गज को राज्यसभा के लिए नामित किया जा सकता है। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। लेकिन अब कहा जा रहा है कि पार्टी उन्हें आगामी लोकसभा चुनावों के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतार सकती है।

वहीं दूसरी ओर पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में मनीष खंडूड़ी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए स्थानीय उम्मीदवार के लिए प्रचार कर रहे हैं। हालांकि कुछ ही हफ्ते पहले तक खंडूड़ी उसी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट पाने के लिए पूरी तरह तैयार लग रहे थे, जब तक कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पार्टी से इस्तीफा नहीं दे दिया। बाद में उन्होंने भाजपा से जुड़ने का फैसला कर लिया। उन्होंने भाजपा से पार्टी का टिकट नहीं मांगा और न ही इसकी पेशकश उन्हें की गई। लेकिन उन्हें भविष्य में दिल्ली में पार्टी में संगठनात्मक भूमिका देने की चर्चा जरूर हुई।

खंडूड़ी के कांग्रेस से इस्तीफे की खबर से हम पत्रकार समुदाय में गहरी निराशा छाई खासतौर पर हममें से कुछ उन लोगों में जिन्होंने उनके साथ मिलकर काम किया था और1990 के दशक की शुरूआत में इसी अखबार से अपना करियर शुरू करना भी शामिल था।

मिश्र और खंडूड़ी की राजनीतिक यात्रा की तुलना स्पष्ट रूप से नहीं की जा सकती। मिश्र कॉरपोरेट जगत के एक दिग्गज हैं, जिनके खाते में बदलाव का एक उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड है। दूसरी ओर, खंडूड़ी ने एक वित्तीय पत्रकार के रूप में और बाद में केलॉग से एमबीए की डिग्री हासिल करने के बाद, सीएनएन और मेटा जैसी वैश्विक मीडिया कंपनियों में एक वरिष्ठ कारोबारी अधिकारी के रूप में एक सफल करियर बनाने के बाद 2019 में राजनीति में कदम रखा।

आखिर इन बातों का सार क्या है? पार्टी बदलने की घोषणा के कुछ ही समय बाद ही मिश्र से कॉरपोरेट जगत के उनके साथियों ने सवालों की बौछार कर दी। दरअसल वे जानना चाहते थे कि सार्वजनिक जीवन में आने के लिए क्या करना होगा। इन सवालों को लेकर कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए, खासतौर पर इस वजह से कि कॉरपोरेट जीवन एक निश्चित बिंदु के बाद बेहद उथला सा और अधूरा मालूम पड़ सकता है। लोगों को क्या चीजें पीछे खींच रही हैं? देश के अधिकांश मध्यम वर्ग का भारतीय राजनीति को लेकर बेहद उत्साहहीन दृष्टिकोण है।मैं यह बात सुनता रहता हूं कि भारत की राजनीति में ईमानदार और नैतिकता को बढ़ावा देने वाले कॉरपोरेट जगत के उन दिग्गज अगुआई करने वालों की आवश्यकता है ताकि भ्रष्टाचार को दूर करने के साथ ही एक बेहतर भविष्य को बढ़ावा देने का बेहतर मौका मिल सके। यह और बात है कि ज्यादातर लोग यह चाहेंगे कि उनके बजाय कोई और सार्वजनिक जीवन में जाने का बीड़ा ले और जोखिम उठाए। हालांकि कुछ लोगों का इरादा है और वे गंभीर हैं, लेकिन अपनी वास्तविक हैसियत, पोजिशन और पूंजी से दूर होना शायद ही कभी आसान होता है। खंडूड़ी और मिश्र दोनों की राजनीति में पारिवारिक पृष्ठभूमि थी, खासतौर पर तब जब वे युवा थे।

खंडूड़ी ने अपने पिता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के लिए प्रचार किया, जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री के रूप में काम किया था। इसके अलावा इस दौरान स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के निर्माण में उनकी छवि भी साफ-सुथरी थी। उन्होंने उत्तराखंड में भाजपा के मुख्यमंत्री के तौर पर भी काम किया।

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### जल संरक्षण की मुहिम

**जल** संरक्षण सभी शहरों से लेकर गांव तक बल्कि देशभर में प्रारंभ किया जाए। वहीं कृषकों व आम जनता को बारह महीने भरपूर जल उपलब्ध रहेगा, मवेशियों और वृक्षों तक को प्यासा नहीं रहना पड़ेगा। कई स्थानों पर तालाब और जल संग्रहण क्षेत्र में नवनिर्माण के कारण जल नहीं पहुंच पा रहा है! ऐसे अवरोध हटाकर सभी पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए।**– रवि, रांची**

### मंदिर पर गतिरोध

**आजाद** भारत के इतिहास में इस मंदिर की वजह से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच गतिरोध भी हुआ था। एक लंबी कहानी है सोमनाथ मंदिर की। इन कहानियों को सुनने के बाद आपको लिए सोमनाथ मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहेगा। जिजिविषा का, संघर्ष का और साथ ही इस संदेश का भी कि पुनर्निर्माण की ताकत हमेशा तबाही की ताकत से बड़ी होती। **– सुनीता उरांव, सिमडेगा**

# युवाओं में वैवाहिक समझ की कमी से समस्या

**मोनिका शर्मा**

## समाज

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने पत्नी के सिंदूर लगाने और चूड़ी पहनने से इनकार करने पर एक व्यक्ति को पत्नी से तलाक लेने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि महिला रीति-रिवाजों को नहीं मान रही, इसातलब है कि वह शादी को स्वीकार नहीं कर रही है। पत्नी का भी यही कहना था कि वह उस आदमी को अपना पति नहीं मानती। फिर भी तलाक के लिए दोनों के बीच लंबा मुकदमा चला, बल्कि हाई कोर्ट से पहले फैमिली कोर्ट ने तलाक का फैसला देने से भी मना कर दिया था। इस मामले में मुकदमा लड़ने वाले पति-पत्नी की शादी 2012 में हुई थी और अगले ही साल पत्नी ने शादी को मानने से इन्कार करते हुए पति का घर छोड़ दिया था। इसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की एप्लीकेशन लगाई थी, जो वहां से खारिज हो गई थी। फिर मामला हाई कोर्ट पहुंचा, जहां पत्नी ने बयान दिया था, मैं अभी सिंदूर नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं इस आदमी को अपना पति नहीं मानती। हाई कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने उचित परिप्रेक्ष्य में साक्ष्यों का मूल्यांकन नहीं किया है। साथ यह भी कहा कि प्रतिवादी यानी कि पत्नी का ऐसा रुख उसके स्पष्ट इरादे की ओर इशारा करता है कि वह पति के साथ अपने वैवाहिक जीवन को जारी रखने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में पति का पत्नी के साथ विवाह में बने रहना, अपीलकर्ता पति और उसके परिवार के सदस्यों का उत्पीड़न माना जाएगा।

...हाल के वर्षों में वैवाहिक संबंधों में पेचीदगियां बढ़ी हैं। ऐसे में यह सिंदूर और शांखा न अपनाने का मामला नहीं, बल्कि एक घिसटते रिश्ते पर विराम लगाकर जिंदगी में आगे बढ़ने की बात कहने वाला फैसला है। इस मुकदमे में पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ तीन आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना प्रमुख थी। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के कानून पर कहा था कि इसका इस्तेमाल गलत तरीके से करना अब आम बात हो गई है।

हमारी अदालतें बार-बार ऐसे मामलों में दिशा-निर्देश देती रही हैं, इसके बावजूद तलाक के केसों में पेचीदगियां घटने का नाम नहीं ले रही हैं। बजाय इसके कि शांति से तलाक लेकर अपना जीवन नए सिरे से सुनियोजित किया जाए, तलाक चाहने वाले अधिकतर लोग इन्हीं झगड़ों में फंसे रहे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 में धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना) के तहत करीब 2 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई, जो 2011 के मुकाबले 9.4 फीसद ज्यादा थी। गिरफ्तार हुए लोगों में लगभग एक चौथाई महिलाएं थीं। झूठे मामलों के कारण ही हमारे यहां इस धारा में चार्जशीट की दर 93.6 फीसद है, जबकि सजा की दर महज 15 फीसद।भारतीय समाज में पिछले कुछ वर्षों में दहेज के प्रति काफी चेतना आई है और प्रेम विवाहों की भी संख्या बढ़ी है, फिर भी भारत की परिवार अदालतों में मियां-बीवी सालों साल लड़ते रहते हैं। हर जिले में थाने से लेकर कोर्ट तक मियां-बीवी के बीच रास्ता निकालने के लिए परिवार परामर्श केंद्र हैं, फास्ट ट्रैक अदालतें हैं, लेकिन झगड़े हैं कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे। कभी घरेलू हिंसा का बहाना, कभी क्रूरता तो कभी दहेज उत्पीड़न का बहाना। इन्हीं सबके चलते जो वाकई प्रताड़ित हैं, उन्हें भी संदेह की नजर से देखा जाता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सौंदा डी : झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन में दर्जनों लोग हुये शामिल



भुरकुंडा (रामगढ़)। दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक रविवार को सौंदा डी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रवीर चटर्जी व संचालन यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में यूनियन की मजबूती पर बल देते हुए अधिक से अधिक लोगों को संगठन में जोड़ने की बात कही गई। बैठक के दौरान अनिल कुमार दुबे अपने दर्जनों समर्थकों के साथ दि झारखंड कोलियरी मजदूर युनियन की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर क्षेत्रीय सचिव अनिल कुमार सिंह ने सभी नये सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही यूनियन के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। श्री सिंह ने कहा कि हमारी यूनियन में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। यही कारण है कि दिन-प्रतिदिन दर्जनों लोग दि झाकोमयू से जुड़ रहे हैं। अनिल कुमार दुबे के नेतृत्व में दि झाकोमयू का दामन थामने वालो में प्रमोद कुमार राय, शिवकुमार यादव, रिंकु वर्णवाल, रंजीत कुमार यादव, उमेश सोनी, धर्मेंद्र कुमार, रामेश्वर मुंडा, राजकुमार, बालेश्वर शर्मा आदि शामिल हैं। बैठक में सुरेश यादव, अजय कुमार सिंह, अलीमाम राय, गजेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना



भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। आज का कार्यक्रम सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी स्व. लालमुनी देवी की चौथी पुण्यतिथि पर उनके दामाद रघुवंश कुमार सिंह द्वारा उनकी आत्मा की शांति के लिए दर्जनों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत स्व. लालमुनी देवी के तस्वीर पर दामाद रघुवंश कुमार सिंह द्वारा माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद रघुवंश सिंह, राजकुमार सिंह, आनंद शर्मा, उपेंद्र सिंह सहित मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह द्वारा गरीबों को भोजन कराया गया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है, ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए।

### किन्नी में प्रार्थना सभा आयोजित



भुरकुंडा (रामगढ़)। किन्नी गांव स्थित सरना स्थल में रविवार को प्रथम सरना झंडा गड़ी सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सुनील पाहन एवं सोमा उरांव के अगुवाई में पूरे विधि-विधान एवं पारंपरित रीति-रिवाज से मां सरना की पूजा की गई। पूजा के बाद प्रथम झंडा गड़ी स्थापित कर समस्त गांव के लिए सुख-समृद्धि व हरियाली-खुशहाली की कामना की गई। मौके पर कुरसे मुखिया सह राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के प्रदेश महासचिव संदीप उरांव ने झारखंड की संस्कृति व सभ्यता को संजोते हुए अपने पूर्वजों की धरोहर जल, जंगल व जमीन कर रक्षा का सामुहिक संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव संदीप उरांव, रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष सुनील मुंडा, समाजसेवी विकास कच्छप, आदित्य केरकेट्टा, लट्टू उरांव, संजय उरांव, भारत लिंडा, सुभाष उरांव, पैरो पाहन, सुधा पाहन सहित दर्जनों सरना धर्मावावलंबी मौजूद थे।

### सरहुल को ले ग्रामीणों की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। आराशाह गांव में 12 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सरहुल व मिलन समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। कहा गया की 12 अप्रैल को पूरे धूमधाम से सरहुल पूजा मनाई जायेगी। समारोह में पतरातू प्रखंड के गांवो से भारी संख्या में महिला-पुरूष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। प्रकृति का महापर्व सरहुल के अवसर ढोल-नगाड़ों के बीच भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। सरहुल पूजा की सफलता को ले उपस्थित ग्रामीणो को कई जिम्मेवारियां भी सौंपी गई। बताया गया कि सरहुल मिलन समारोह के संगठन सचिव सुनील मुंडा, संरक्षक भुवनेश्वर पाहन, वार्ड सदस्य लालमोहन मुंडा सरहुल पूजा एवं जुलूस में पारम्परिक वेशभूषा व ढोल-नगाड़े के साथ शामिल होंगे। बैठक में गुड़न मुंडा, कृष्णा मुंडा, हरीनाथ गंझु, विशाल मुंडा, किशोर मुंडा, दीपक मुंडा, जगमोहन मुंडा, धनेश्वर पाहन, विशाल मुंडा, रामप्रसाद मुंडा, बबलू मुंडा, कृष मुंडा, महावीर मुंडा आदि मौजूद थे।

### पुराना सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर



रामगढ़। पुराना सदर अस्पताल में रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर लगा, जिसमें 52 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। बालिकाओं ने रक्तदान कर समाज कल्याण के क्षेत्र में अहम योगदान दिया। शिविर में डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ उदय श्रीवास्तव एवं सदर अस्पताल ब्लड बैंक के पैथोलोजिस्ट डॉ रेणु मौजूद थे। शिविर के सफल आयोजन में ब्लड बैंक के अजय चित्रां, सोनी, गुलाबी, अनिशा ,झारखंड मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम निरेख दुबे, उपाध्यक्ष अजीत मंडल, सचिव टिकेश्वर प्रसाद कुशवाहा, विवेक कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार सिन्हा, रवि शेखर सिंह, सुनील यादव, अमरजीत भारती, मुकेश कुमार सिन्हा आदि ने योगदान दिया।

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए 400 पार लक्ष्य पूरा करना है : अभय

## लोकसभा चुनाव को ले भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल की बैठक में नेताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**लाभार्थी जनसंपर्क अभियान में तेजी लायें कार्यकर्ता : विवेकानंद सिंह**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल की एक आवश्यक बैठक किसान मोर्चा अध्यक्ष हरली निवासी त्रिवेणी महतो के आवास में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं संचालन किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जिला प्रभारी अभय सिंह, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव को लेकर भरा जोश। जिला प्रभारी अभय सिंह ने कहा कि भारत विश्वगुरू बने इसके लिए हमें भाजपा को 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। बूथ मजबूत, संगठन मजबूत तो देश मजबूत के लक्ष्य के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लाभार्थियों तक जाकर जनसंपर्क अभियान चलाना है, क्योंकि केंद्र की योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर प्रत्येक घरों में किसी न किसी रूप में अवश्य प्राप्त हुआ है। 70 वर्षों के कांग्रेस के विकास पर भाजपा के 10 वर्षों के कार्यकाल भारी पड़ गई है। विवेकानंद सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता लाभार्थी जनसंपर्क अभियान में तेजी लाएं, सभी घरों में मोदी सरकार की कुछ ना कुछ योजनाओं का लाभ पहुंची है। अपने घरों के कार्यों से समय निकालकर अपने लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में ईमानदारी पूर्वक बचे हुए 40 दिनों में मेहनत करें तो परिणाम बेहतर से बेहतर साबित होंगे। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि कांग्रेस के नेता स्वयं कहते थे कि 100% में 19% ही लाभ जनता तक पहुंचती थी,अभी 100 में 100 प्रतिशत लाभार्थियों के पास सीधे तौर पर केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रही है। मौके पर पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला,महामंत्री सुमन गिरी, उपाध्यक्ष अशोक साव,किशोर राणा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भुपाल स्वर्णकार, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष दानिश खान, महिला मोर्चा अध्यक्ष सेवंती कुमारी, संगीता कुमारी, सुमित्रा कुमारी, श्याम प्रसाद गुप्ता, सचिदानंद पांडेय,भगीरथ ठाकुर, मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, पुर्व मुखिया महेंद्र महतो समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन हरली मुखिया कविता कुमारी ने किया।

# आदिवासियों की धार्मिक पर्व है दिशोम बाहा, इससे बरकरार रखें : फागू बेसरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** चुरचू ग्राम बागजोबरा में झरना झारखंड ट्रस्ट,जाहेर संस्था व बागजोबरा बाहा महोत्सव तैयारी समिति के तत्वाधान में दिशोम बाहा महोत्सव मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि संताल समाज दिशोम मांझी हाड़ाम सह झारखंड राज्य समन्वय समिति सदस्य फागु बेसरा व पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति , चुरचू मुखिया पूनम बेसरा ,बीडीओ ललित राम , चुरचू थाना प्रभारी शंभु शरण दास , आंगो थाना प्रभारी जानू कुमार थे। आदिवासी युवा-युक्तियों ने ढोल मांदर से पारंपरिक नृत्य व संगीत से अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

फागू बेसरा ने कहा कि दिशोम बाहा आदिवासियों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है। जो प्रकृति प्रेमी ,जंगलो, नदी-नालों पहाड़ों को ईश्वरीय देन मानकर पूरे प्रकृति को सम्मान देते

**▸▸ नृत्य व संगीत में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया दिशोम बाहा**

हैं। वर्तमान पीढ़ी को इसे बरकरार रखने की जरूरत है। पूर्व जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि आदिवासियों को अपनी धर्म ,भाषा और संस्कति को बरकरार रखने की जरूरत है। चुरचू मुखिया पूनम बेसरा ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को अपना भाषा व संस्कृति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दिशोम बाहा नृत्य व संगीत में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसमें कई गांवों के नृत्य मंडली ने भाग लिया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन करने महिला टीम को सम्मानित किया गया।इसके पूर्व कार्यक्रम के शुरूआत में जाहेर मुनी दीदी सिस्टर जेरमेन , स्व. श्याम मुर्मू व स्व. चरण मांझी के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित किये। रंगारंग कार्यक्रम में शाम को गांव के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें बागजोबरा ,कीमो सहित कई गावं के टीमों ने भाग लिया।संताली आर्केस्ट्रा में गोड्डा के कलाकारों ने समा बांधा। गोड्डा बीर भंटा भजल बाबा आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने रात्रि को अपने गीत संगीत से लोगो को काफी मनोरंजन कराया।संताली फिल्म जगत की कलाकारों ने अपने मधुर संताली संगीत से लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिये। वंही दिशोम बाहा सरहुल महोत्सव में चुरचू ,मांडू ,दारू सहित अन्य गांवो के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। महोत्सव को सफल बनाने में बाहा महोत्सव के अध्यक्ष गुरुदयाल हांसदा ,सचिव - सहदेव किस्कु व कोषाध्यक्ष आनंद सोरेन ,संरक्षक सह नायके लालजी मांझी, लाजरुष सोरेन रामकिशोर मुर्मू , संजय मुर्मू , बाबूचंद हंसदा , प्रकाश सोरेन ,महादेव सोरेन, महालाल हांसदा, पन्नालाल मुर्मू, चुनुलाल हांसदा, फिनिलाल किस्कु ,लखीराम मांझी,भीमसेंट टुडु सहित अन्य लोग शामिल थे।

### भुरकुंडा में खुला सत्संग आयोजित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संत निरंकारी मंडल के तत्वावधान में शनिवार को भुरकुंडा सत्संग भवन में खुला सत्संग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता दिल्ली के केंद्रीय प्रचारक गजेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। सत्संग का शुभारंभ परम पिता परमात्मा कण-कण में तेरा वास प्रार्थना से किया गया। मौके पर केंद्रीय प्रचारक गजेंद्र कुमार द्विवेदी ने कहा की ब्रह्मज्ञान के बिना इंसान का जीवन अधूरा है। अगर जीवन में शांती चाहिए तो गुरु के शरण में जाना ही होगा। सत्संग के बाद भव्य लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंच संचालन शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान ने किया। सत्संग को सफल बनाने में अमन चौहान, सुरजीत सिंह, आदिया, तुषार, तुलेशर, राजेश, केसी दास, कृष्णा दास राम, बलराम, चेतलाल नायक, केसिया देवी, लक्ष्मी देवी सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

# रजरप्पा में सीसीएल कर्मी सम्मानित



रजरप्पा। सेंट्रल कोल्डफील्ड लिमिटेड रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक बिनोद कुमार एवं रजरप्पा पीओ यूएन प्रसाद की उपस्थिति में रविवार को 10 बजे बेस वर्कशॉप, रजरप्पा प्रोजेक्ट के संचालन दिर्घा में पुरस्कार स्वरूप शील्ड, प्रमाण पत्र एवं माला पहनाकर उन कामगारों को दिया गया जो उत्पादन ट्रीप व श्रमदान किया। उन्हें श्रम देवता का सम्मान दिया गया।

तीनों पालियों में श्रमदान करने वाले श्रमदेवता एवं श्रमवीर को सम्मानित किया गया. इस बावत जीएम ने कहा कि 2024-25 के लिए क्षेत्र को 20 लाख टन कोयला उत्पादन एवं ओबी के लिए 73 लाख क्यूबीक मीटर लक्ष्य मिला है, उसे हर हाल में लक्ष्य हासिल किया जाएगा। मौके पर एक्सभेसन के शम्भु रजक, कोलियरी मैनेजर आलोक कुमार मलिक, पीईएस दिग्विजय, पीईएनडम कमलेश प्रसाद, यूनियन प्रतिनिधि शिवशंकर महतो, दिलीप खान, गुनु महतो, आरसीएमएस जीतराम, जेसीएम पीएन सिंह सहित एसके चौरसिया, अब्दुल शहीद, मुख़्तार मियाँ, गुलजार अंसारी, चरित्र राम, हाजरी बाबू चितरंजन दास चौधरी, सहायक ओमप्रकाश महतो के अलावा प्रयाग केवट, शिवराम, आशुतोष मुंडा आदि कर्मचारी मौजूद थे।

### असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर पुलिस की होगी पैनी नजर : बीरेंद्र राम



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकसभा चुनाव को लेकर सीमावर्ती अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों की बैठक रविवार को अनुमंडल कार्यालय पतरातू में हुई। बैठक में पतरातु एसडीपीओ बीरेंद्र कुमार राम व बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप मौजूद थें। एसडीपीओ ने कहा कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों और अपराधियों के खिलाफ पुलिस पैनी नजर रखेगी। किसी भी हाल में अपराधियों को बक्क्षा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के थाना प्रभारी भी एक-दूसरे के साथ समन्वय स्थापित कर अपराधियों पर नकेल कसें। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक रविवार को महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा के सिन्हा मार्केट स्थिति आवासीय परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने की। जबकि बैठक में अभाकाम के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य सहित सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और श्री चित्रगुप्त महापरिवार के अध्यक्ष व महामंत्री शामिल हुए।

अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव काफी अहम है। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव में अभाकाम उसी दल को समर्थन देगा जो हमारे समाज के हितों का ख्याल रखेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि इधर देखा जा रहा है की कुछ दलों द्वारा हमारे समाज के हितों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हम देख रहे हैं

**▸▸ जो हमारे समाज के हितों की बात करेगा, उसी पार्टी को करेंगे समर्थन : अरूण कुमार सिन्हा**

की हमारे समाज के लोगों को राजनीति में जो भागीदारी दी जानी चाहिये थी वह नही मिल रहा है। इसलिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से यह निर्णय लिया गया है की जो दल हमारे समाज को उचित प्रतिनिधित्व देगा और हमारे समाज के हितों का ख्याल रखेगा हमलोग लोकसभा चुनाव में उसी दल को समर्थन देंगे। सिन्हा ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में कायस्थ समाज के लोगों का अहम योगदान था।

देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जेल गए और देश के आजाद होने पर वे राष्ट्रपति बने। देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री अपनी सादगी के लिए दुनियाभर में जाने जाते हैं। महामाया बाबू के सशक्त नेतृत्व में



बिहार का काफी विकास हुआ। वहीं, 1977 में जयप्रकाश नारायण ने एक आंदोलन चलाया। जिसके परिणाम स्वरूप देश की सत्ता बदल गयी। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों से कहा की रामगढ़ जिले में संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें। क्योंकि संगठन जितना मजबूत होगा हम सबों को अपने अधिकारों की प्राप्ति में उतनी ही आसानी होगी। इसलिए संगठन से समाज के लोगों को जोड़ें और इसे मजबूत बनाएं।

बैठक का संचालन महामंत्री राजीव रंजन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन बारमेश्वर प्रसाद द्वारा किया गया। मौके पर अखिल भारतीय का महासभा के बारमेश्वर प्रसाद,विनोद श्रीवास्तव, राजेश कुमार,डॉ शंभू प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा, सुबोध कुमार सिन्हा, अमोद कुमार सिन्हा, धनंजय वर्मा, उपेंद्र कुमार सिन्हा, कमलेश सिन्हा, विरेंद्र कुमार सिन्हा, मुन्ना श्रीवास्तव, डॉ रोहित वर्मा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, सुजीत सिन्हा, अवधेश सिन्हा, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, मनोज सिन्हा, ज्योति सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रशांत कुमार, संजय श्रीवास्तव सहित महासभा के कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बरका खुर्द शिव मंदिर में अखंड कीर्तन आयोजित



इचाक। बरका खुर्द के शिव मंदिर में सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता और शिक्षक श्रीकांत मेहता के सौजन्य से अखंड कीर्तन 12:25 बजे शुरू हुआ। कीर्तन की शुरूआत सर्वप्रथम अच्युत मिश्रा एवं पप्पू पांडे के वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुई। पुजारी के रूप में श्रीकांत मेहता एवं उनकी पत्नी पर बरका खुर्द की मुखिया सीता कुमारी शामिल थे। कीर्तन का बोल हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे के तर्ज पर कीर्तन की जा रही है। कीर्तन में मुख्य रूप से गांव की मंडली में टांडपर की मंडली मंदिर मोहल्ला की मंडली बीच टोला की मंडली हेथखोरी की मंडली समेत प्रजापति मोहल्ला की महिला एवं पुरुष मंडली के अलावे ग्राम रतनपुर काला द्वार फुफंदी दरिया असिया मनाई समेत कई गांव की मंडली भाग लेंगे। कीर्तन की शुरूआत बरका खुर्द के ही महिला पुरुष मंडली द्वारा शुरू की गई, जिसमें मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख कौशल नाथ मेहता परमेश्वर प्रसाद मेहता रामचंद्र मेहता शिक्षक बैज नाथ प्रजापति बाबूलाल राणा भेखलाल मेहता महादेव महतो प्रभु मेहता उमेश मेहता अजय प्रसाद सरजू प्रसाद शिवकुमार मेहता शंभू मेहता मुंशी ठाकुर गोविंद मेहता साकेत कुमार दीपक रंजन महेंद्र मेहता सीताराम मेहता कोई खिरु महतो विजय मेहता बिरजू मेहता जमनी देवी मालती देवी आशा देवी शिक्षिका संजू कुमारी रेखा देवी अन्नपूर्णा देवी नूतन देवी सरिता देवी कविलाश देवी नेहा कुमारी शांति देवी मो कलावती सोनम कुमारी संध्या सुप्रिया मनीषा डम डम अंकित निमित्त आदित्य समेत गांव के सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

### अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक

**चरही।** चुरचू में रविवार को संविधान निर्माता डॉ.भीम राव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक। इसकी अध्यक्षता योगेंद्र राम और संचालन जय प्रकाश दास ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संविधान निर्माता डॉ.भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बेहतर तरीके से साज-सजा तथा आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल मुख्य व विशिष्ट अतिथियों को भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे कमिटी का गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव,उपाध्यक्ष योगेन्द्र राम ,सचिव चंद्रिका राम ,सह सचिव संतोष राम,पवन कुमार गुप्ता,राजेन्द्र कुमार,कोषाध्यक्ष जय प्रकाश दास , निगरानी मंत्री डॉ.राम पुकार वर्मा , संगठन मंत्री बंगाली राम,महामंत्री शंभु राम,मीडिया प्रभारी विजय दास को बनाया गया। इसके अलावे 11 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया। बैठक में लोकेश्वर करमाली , सुरेश विश्वकर्मा,समशु मियां,लाल मोहन राम,अशोक राम सहित कई लोग शामिल थे।

### भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक

बड़कागांव।अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की ग्राम स्तरीय बैठक ग्राम गोंदलपूरा में हुई जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य गणेश रिक्याशन एवं संचालन पुरन भुईयां ने किया। मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी,विशिष्ट अतिथि प्रखंड अध्यक्ष प्रभु भुइयां ,केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष शारदा ऋषि ,प्रमुख प्रतिनिधि हेमन्त भुईयां एवं झामुमो जिला सोशाल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां को फूल माला एवं गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। प्रमुख फूलवा देवी ने कहा कि शिक्षा पर लोग विषय ध्यान दें। लोग शराब को छोड़ शिक्षा पर विशेष ध्यान दें,शराब से किसी का विकास नहीं हुआ है,सिर्फ विनाश हुआ है।हमें गंभीरता से समझने की आवश्यकता है।मौके पर प्रखंड सचिव शंकर भुईयां,पूर्व सचिव महावीर राम,गिरजा भुइयां, ग्राम अध्यक्ष भांगो,सचिव सुरेश भुईयां,कोषाध्यक्ष दिनेशवर राम,सोनी देवी,पूजा कुमारी,खुशबू देवी,सरोज देवी,अरुण देवी ,सीता देवी,सुनीता देवी,बेबी देवी, देवंती देवी,कुंती देवी,बिंदिया देवी सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे ।

### रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने पंकज

बड़कागाव।रामनवमी पूजा को धूमधाम से मानने को लेकर कुशवाहा धर्मशाला गुरुचट्टी में बैठक हुयी, इसकी अध्यक्षता झमन महतो व संचालन प्रकाश कुमार ने किया। बैठक में रामनवमी को शांतिपूर्ण धूम-धाम से मानने के लिए समिति गुरुचट्टी के पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्व समिति से अध्यक्ष पंकज कुमार,सचिव अवध किशोर कुमार, कोषाध्यक्ष अमृत कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार,उपसचिव उदय कुमार, उपकोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, संरक्षक लाइसेंस धारी बालेश्वर महतो, झमन प्रसाद, बंधु महतो, रामधनी महतो, सुरेंद्र कुमार, संदीप कुशवाह, संयोजक जयशंकर मेहता,अरविंद कुमार,धूपन महतो,नर्सिंग प्रसाद, मीडिया प्रभारी सत्यजीत विद्या अनलंकर,डेकोरेशन प्रभारी कुलेश्वर कुमार,प्रदीप कुमार,अनिल कुमार, सुधांशु शेखर को पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में प्रकाश कुमार, रविन्द्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, शिबू मेहता, प्रदीप कुमार,योगेंद्र कुमार, कंचन कुमार, मुकेश कुमार, दिलीप कुमार, शशि कुमार, मनोहर कुमार, मीना कुमार, राहुल कुमार, मन्नू कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

### रामनवमी धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक

**चरही ।** इस वर्ष भी महारामनवी का पर्व धूमधाम और आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर रविवार को चरही के प्रबुद्धों लोगों की बैठक शिव मंदिर प्रांगण में की गई।इस बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर लेखा जोखा को प्रस्तुत किया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महारामनवीं का पर्व को भव्य और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा।इसके अलावे कई निर्णय लिए गए।इसके लिए कमिटी के गठन भी किया गया।जिसमें अध्यक्ष कुलेश्वर करमाली,उपाध्यक्ष किशुन महतो,रमेश करमाली और अनिरुद्ध प्रकाश,सचिव सत्येन्द्र नारायण सिंह, उप सचिव ओम कुमार सिन्हा, शिव कुमार यादव,संतोष रविदास और राजू करमाली, कोषाध्यक्ष रामदेव महतो,उपकोषाध्यक्ष इंदर करमाली,संरक्षक चुरचू जिप सदस्य बासुदेव करमाली सहित कई लोग थे।

### पर्व में चलंत डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध : एसडीपीओ



**दारू।** ईद व रामनवमी त्योहार को शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर दारू थाना में शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद जबकि संचालन थाना प्रभारी मो सफीक खान ने किया। थाना प्रभारी ने बैठक की विषय वस्तु से अवगत कराते हुए उपस्थित लोगो से क्षेत्र की समस्याओं और सुझाव को रखने के लिए कहा। उपस्थित लोगो ने बारी बारी से समस्या और सुझाव को रखा। जिसमे बिजली व्यवस्था, स्वस्थ्य पेयजल,की समस्या बताया। समस्याओं का समाधान के लिए उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रयास करने की बात कही।एस डीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने दोनो समुदाय को एक दूसरे के आपसी सहयोग से त्योहार मनाने की अपील की।वर्तमान में लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार लोस चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इसे ध्यान में रखें और श्रीराम की जीवन शैली का अनुश्रवण कर त्योहार मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। चलंत डीजे पूर्णता प्रतिबंध रहेगा।थाना प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।बैठक में इंस्पेक्टर साहिद रजा ए एस आई श्रवण पासवान,सहित सभी थाना के सदस्य मौजूद रहे।प्रमुख कुमारी श्वेता,इरगा मुखिया अनिता देवी,महेंद्र मुर्मू , पंसस महावीर यादव,और दोनो समुदाय के लोग बैठक में शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## चेक बाउंस मामले में एक गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया पुलिस ने रविवार को चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पानी टंकी रोड निवासी जयप्रकाश नारायण सिंह पिता राम बुझावन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जयप्रकाश नारायण सिंह ने एक व्यक्ति को भुगतान से संबंति चेक दिया था, जो बाउंस हो गया था। जिसके बाद यह मामला न्यायालय में चला गया, जहां न्यायालय ने उसके विरुद्ध वारंट निर्गत किया था।

## चुनाव को लेकर आजसू की बैठक

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा संसदीय क्षेत्र के लिए आजसू का लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर केंद्रीय सचिव अजीत बर्णवाल को पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाई दी। रविवार को श्री बर्णवाल के आवासीय कार्यालय में आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। वहीं उन्होंने कहा कि सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी रिकॉर्ड मतों से जीतेंगी। झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए की प्रचंड जीत होगी। मौके पर केंद्रीय सचिव संतोष सहाय, जिलाध्यक्ष राजकुमार मेहता, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, केंद्रीय समिति सदस्य मनोज यादव, यदुनंदन यादव, शंकर साव, मंटू गुप्ता, शंभू बर्णवाल, रोहित मेहता, जितेंद्र मेहता आदि मौजूद थे।

## अवैध शराब के विरूद्ध चला अभियान

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में थाना प्रभारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में मरकच्चो थाना अंतर्गत ग्राम महूगायं में अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। वहीं भोला कुमार पिता स्व लोकन दास के घर में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान 15 लीटर देशी महुआ बरामद किया गया एवं लगभग 555 किलो जावा महुआ शराब स्थल पर विनष्ट किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी के साथ सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## बूथों का एसडीओ और एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**चतरा।** हंटरगंज में लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीओ सुरेंद्र उरांव एवं एसडीपीओ संदीप सुमन के द्वारा रविवार को कई बुथो निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीओ, एसडीपीओ के द्वारा पांडेपुरा, घंघरी, आमीन, नावाडीह पनारी, धरधारा, हंटरगंज हाई स्कूल के अलावा कई जगहो के बुथ का भौतिक निरीक्षण किया। बुथ पर पेयजल, शौचालय, बिजली की व्यवस्था का जायजा लिया गया। एससीओ और एसडीपीओ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरव कमान कश्यप एवं थाना प्रभारी सनोज चौधरी को कई दिशा निर्देश दिया। गोसाईडीह स्थित झारखंड बिहार बॉर्डर पर लगाये गए चेकपोस्ट पर पूरे सजगता के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही चुनाव के दौरान सत प्रतिशत मतदान को लेकर पदाधिकारी के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश चुनाव कार्य मे जुटे कर्मियों को दिया गया। पानी के टंकी के समीप एसडीओ के द्वारा बालू लदे दो ट्रैक्टर को जप्त थाना को सोंप दिया गया है। जप्त बालू लदे ट्रैक्टर के चालान और कागजात की जांच की जा रही है।

## महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा कल, तैयारी पूरी

**चतरा।** मयूरहंड प्रखंड के ढेबादौरी गांव में 9 अप्रैल से महायज्ञ की शुरूआत होगी। इसको लेकर 9 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें हजारों लोगों के शामिल होने का अनुमान है। यज्ञ में श्री श्री 1008 मां दुर्गा, हनुमान एवं विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह श्री शतचंडी महा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, तीन मंदिरों का निर्माण किया गया है और विशाल पंडाल लगाया गया है। समिति के लोग यज्ञ को भव्य बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

# बालू और स्टोन चिप्स लदे छह ट्रैक्टर जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चतरा उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में खनन पदाधिकारी, खान निरीक्षक, थाना प्रभारी टंडवा के साथ संयुक्त रूप से खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की जांच के लिए टंडवा क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों और क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनन पदाधिकारी ने बताया कि बड़की, उड़सु और बिंगलात बालू घाटों से बालू का उठाव नहीं पाया गया। लेकिन सिमरिया टंडवा मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से बालू और स्टोन चिप्स का परिवहन करते हुए छह ट्रैक्टर पकड़े गए। इनमें से चार ट्रैक्टरों में 100-100 सीएफटी बालू और दो ट्रैक्टरों में 100-100 सीएफटी स्टोन चिप्स लोड थे। सभी वाहनों को जब्त कर अगले आदेश तक टंडवा थाना में सुरक्षित रखा गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी और अवैधकताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विशेष लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आगामी 27 अप्रैल को विद्युत विभाग से संबंधित एवं चेक बाउंस से संबंधित मामलो के निष्पादन को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने के लिए कोडरमा के प्रान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में कोडरमा न्याय मंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक की गयी।

बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी एवं संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने किया। बैठक में आगामी 27 अप्रैल को विद्युत विभाग से संबंधित मामलों एवं चेक बाउंस से संबंधित मामलों के अधिक से अधिक निष्पादन किये जाने की दिशा में विचार विमर्श किया गया। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों को चेक बाउंस एवं विद्युत विभाग से संबंधित मामलों को चिन्हित कर उनके पक्षकारों को नोटिस भेज कर सूचित करने का निर्देश दिया। वहीं सभी न्यायिक पदाधिकारियों को अपने-अपने न्यायालय में लंबित चेक बाउंस एवं विद्युत विभाग के मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन की दिशा में सक्रिय पहल किए जाने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि विद्युत विभाग के विशेष न्यायाधीश सह जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह के न्यायालय में लंबित विद्युत विभाग के मामलों के निष्पादन के लिए लोक अदालत के पूर्व 22 अप्रैल से 26 अप्रैल 2024 तक प्रतिदिन पूर्वाहन 10 बजे से विद्युत विभाग से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए प्री-कॉन्सिलिएशन सीटिंग का आयोजन किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत की तर्ज पर फाइन की आधी राशि चुकाने पर उनके मामलों का निष्पादन कर दिया जाएगा। बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सैयद सलीम फातमी, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह, जिला जज तृतीय तरुण कुमार, जिला जज चतुर्थ वैशाली श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद, अवर न्यायाधीश गौतम कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो, न्यायाधीश प्रभारी शिवांगी प्रिया, मुंसिफ दानिश नवाज, न्यायालय कर्मी रणजीत कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# ईद-उल-फितर व सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना परिसर में रविवार को ईद-उल-फितर व सरहुल को लेकर प्रमुख मंजू देवी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ अशोक कुमार भारती, बीडीओ कनक, माइका अंचल निरीक्षक सुबोध लकड़ा, थाना प्रभारी अरविंद कुमार के अलावा ग्रामीण व पुलिस कर्मी उपस्थित थे। वहीं सीओ अशोक कुमार भारती ने कहा भाईचारे का त्योहार ईद जिसमें एक दूसरे का गले मिल कर मुबारकबाद देते हैं। साथ ही झारखण्ड का महत्वपूर्ण त्योहार सरहुल भी है। दोनों समुदाय के लोगों से अपील है कि शांति व अमन भाईचारा बनाते हुए मिलजुल कर त्योहार मनायेंगे। साथ ही कोई भी व्यक्ति ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे समाज की शांति व्यवस्था भंग हो, सभी लोग एक-दूसरे के धार्मिक त्यौहारों एवं उत्सवों का सम्मान करेंगे और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे। अगर कोई भी समस्या हो व किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो बिना देर किए पुलिस को सूचित करेंगें। सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबरें को ना फैलायें।

## रामनवमी पर्व एवं ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**चतरा।** मयूरहंड थाना परिसर में रामनवमी पर्व एवं ईद को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में बीडीओ मनीष कुमार ने उपस्थित लोगों से त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। बैठक में रामनवमी के दौरान डीजे साउंड को पूरी तरह से बंद रखने का निर्णय लिया गया और कहीं भी डीजे बजता पाए जाने पर मशीन को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी दी गई।

# तिलैया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर रविवार को तिलैया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता सिटी मैनेजर डॉ. अरविंद कुमार मोदी एवं संचालन थाना प्रभारी विनय कुमार ने किया।

वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू है। ऐसे में त्यौहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील किया कि कहीं भी असामाजिक तत्वों की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके अलावा उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया के अफवाहों पर यान नहीं देने एवं अफवाह फैलाने वालों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। बैठक के दौरान लोगों ने त्यौहार में विशेष साफ-सफाई एवं लाइटिंग व्यवस्था की मांग की। जिसे सिटी मैनेजर ने नगर परिषद के मायम से पूरा करने का आश्वासन दिया।

वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि त्योहार के दौरान भीड़ भाड़ वालों इलाके में पुलिस की विशेष तैनाती रहेगी, वहीं पुलिस पेट्रोलिंग भी सख्त रहेगी।

बैठक में बलराम यादव, अरशद खान, विनोद विश्वकर्मा, गंदोरी रजक, विशाल भदानी, मो. यूसुफ अंसारी, उमेश सिंह, शमीम अहमद, मो. सद्दाम, राजू यादव, दिनेश सिंह, मो.इम्तियाज, सत्यदेव राय, घनश्याम तुरी समेत कई लोग मौजूद थे।

# संजय शर्मा बने रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** रामनवमी पूजा की महासमिति के गठन के लिए रविवार को कृषि फार्म स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में महासमिति के कार्यकताओं की एक बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा महासमिति का पुनर्गठन किया गया। संजय शर्मा को सर्वसम्मति से दूसरी बार महासमिति का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि टुन्नी सिंह तथा सतीश सिंह को महासमिति का महासचिव बनाया गया। वहीं महासमिति के उपाध्यक्ष पद के लिए श्याम कुमार सिंह, बबलू राज, ओमप्रकाश सिंह, मन्टू कुमार दांगी, सुधीर राय का चयन किया गया। सचिव के पद पर शक्ति सिंह, राहुल केशरी, राजू शर्मा, अशोक सिंह तथा संयुक्त सचिव के पद पर अंजू सिंह का चयन हुआ। सर्वसम्मति से पंकज सिंह को महासमिति का कोषाध्यक्ष बनाया गया। सौरभ तिवारी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। महासमिति के संरक्षक के रूप में मुखिया जुगेश्वर दांगी, पंचायत समिति सदस्य मृत्युंजय सिंह, सरिता देवी, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश राम, संदीप सिन्हा, संतोष सोनी, रतन शर्मा, सच्चिदानंद प्रसाद, इंद्रदेव केशरी, दिलीप साल का मनोनयन किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी समिति में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद तथा संकटमोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के सदस्यों को शामिल किया गया। को शामिल किया गया। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। रामनवमी के दिन निकाले जाने वाली झांकियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रखंड के हर चौक चौराहे पर विद्युत साज सज्जा होगी। महावीरी पताकों से पूरे क्षेत्र को पाटा जाएगा। राम नवमी के दिन झांकियों के आयोजन के वक्त महासमिति के द्वारा शरबत व पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। महासमिति के मुख्य मंच के समीप एक स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा। परंपरागत अस्त्र शस्त्र के संचालन में अगर कोई घायल हो जाता है तो उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एंबुलेंस भी मुस्तैद रहेगा।

# नवगठित प्रेस क्लब चतरा की पहली कार्यसमिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिला मुख्यालय के परिषद भवन परिसर में स्थित उत्सव पैलेस में प्रेस क्लब चतरा के नवगठित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आहूत की गई। पहली कार्य समिति की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप व संचालन सचिव जितेंद्र कुमार तिवारी ने की। बैठक में उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिंहा, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष बंटी कुमार समेत कार्यकारिणी सदस्य नवीन पांडेय, संतोष केसरी, शैलेश कुमार, अजय चौरसिया, श्रीकांत राणा, कुलदीप राम, जितेंद्र कुमार, रणधीर सिंह, अजीत पांडेय, अमीत सिंह शामिल हुए। बैठक में प्रेस क्लब कार्य समिति के सदस्यों ने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शिता पूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग करने वाले तदर्थ कमेटी, चुनाव संचालन समिति, सदस्यता समीक्षा समिति और निवार्ची पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया व धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने कहा कि चतरा जिले में पहली बार 156 पत्रकार बंधुओं में से 153 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया और नई कमेटी को कार्य करने का मौका दिया है। इसके लिए पूरी कमेटी सभी पत्रकार बंधुओ के प्रति आभार व्यक्त करती है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रेस के गठन में जिनका भी योगदान रहा है। साथ ही वरिष्ठ पत्रकारों व पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले महानुभावों को प्रेस क्लब जल्द ही समारोह आयोजित कर सम्मानित करेगी। बैठक में बायोलॉज के अनुरूप पत्रकार हित में काम करने का निर्णय लिया गया। चतरा प्रेस क्लब के नाम से वेबसाइट बनाने का निर्णय लिया गया। साथ में पत्रकारों को पहचान पत्र देने व अन्य सुविधाओं को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। क्लब के उपाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि आंचलिक पत्रकारों के उत्थान के लिए प्रेस क्लब जल्द ही कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। साथ ही वरीय पत्रकारों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। प्रेस क्लब को हाईटेक बनाने पर भी चर्चा की गई। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि जल्द ही सम्मान समारोह आयोजित कर जिले के पत्रकारों को आमंत्रित किया जायेगा और कार्यक्रम में आने का आग्रह न्योता भेजा जायेग। सम्मान समारोह मों राज्य के कई नामचीन पत्रकारों को भी आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

एक नजर में

## रामनवमी व ईद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**गिद्धौर।** थाना परिसर के अंतर्गत में रामनवमी पर्व व ईद को लेकर गिद्धौर थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई । जिसमें रामनवमी पर्व व ईद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई ,पुलिस अधीक्षक अमित कुमार गुप्ता ने रामनवमी जुलूस में शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेने व साउंड सिस्टम को नियंत्रित रखने की बात कही। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को चिन्हित कर करवाई की जाएगी। जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। इस मौके पर विश्व सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान प्रमुख अनीता यादव उपप्रमुख प्रीतम यादव जिला परीषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, चमारी दांगी अर्जुन दांगी विकाश कुमार विकु मुख्य रूप उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में रखे लकड़ियों में लगी आग

**कोडरमा।** करमा स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में रखे बेसकीमती लकड़ियों में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। जिससे वहां रखे लाखों रुपये की लकड़ियां आधे से ज्यादा जल गई। हालांकि स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को तत्काल इसकी सूचना दी। जिससे अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गई, जब तक अग्निशमन की टीम आग पर काबू पाती, तब तक लकड़ियां आधे से ज्यादा जल चुकी थी। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो जहां यह लकड़ियां रखी हुई थीं, उसके चारों ओर लोहे के चदरे से घेराबंदी का कार्य चल रहा था, जिसमें वेल्डिग मशीन का उपयोग किया जा रहा था। तभी वेल्डिग मशीन से निकलने वाली चिंगारी से वहां रखे लकड़ी के एक बोटे में आग लग गई और आग धीरे-धीरे फैल गई।

## 27 वर्षो से फरार अभियुक्त को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत निवासी बीरेंद्र सिंह पिता दुलारचंद सिंह तथा दुलारचंद सिंह पिता स्व बबनी सिंह सी30/97 अभियुक्त को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि दोनों पिता पुत्र करीब 27 वर्षो से फरार चल रहे थे। वहीं पुलिस ने एक अन्य गैर जमानती जीआर-101/20 के अभियुक्त ईटांय निवासी धर्मेंद्र राजवंशी पिता राजेन्द्र राजवंशी को भी गिरफ्तार कर न्याययिक हिरासत में भेज दिया।

## भगवती मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय अनुष्ठान

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती कोठियार पंचायत अंतर्गत पचाने गांव में रविवार को भगवती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय अनुष्ठान की शुरआत कलश यात्रा के साथ हुई। वहीं जिसमें मुख्य अतिथि जिपद सदस्या नीतू कुमारी के द्वारा फीता काटकर यज्ञ मंडप का उद्घाटन किया गया। वहीं सर्वप्रथम यज्ञाचार्य उपेंद्र पांडेय के द्वारा मंत्रोचारण के साथ सैकड़ों महिलाओं के द्वारा पचाने स्थित सोवा नदी में कलश में जल भर कर गाजे बाजे, ढोल नगाड़े के साथ झूमते हुए यज्ञ मड़प में कलश को रखा गया। ज्ञात हो की यज्ञाचार्य उपेंद्र पांडेय के द्वारा ही संध्या काल में कथा का अनुश्रवण कराया जायेगा।

## आपसी विवाद में पत्नी के सामने अधेड़ की गोली मारकर हत्या

**कुंदा (चतरा)।** डुमरवार गाँव के 50 वर्षीय रामस्वरूप पासवान की 3 अप्रैल की रात को हत्या कर दी गई। हत्या का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रामस्वरूप पासवान जब अपने पुराने घर से दूसरे घर जा रहे थे, तभी मुगीर्याडीह के पास घात लगाए बैठे अपराधियों ने उन्हें सिर में गोली मार दी। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय उनकी पत्नी भी मौजूद थीं। थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया कि आपसी विवाद में हत्या हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। पत्नी के लिखित आवेदन पर दो नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जाँच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## श्रमदान कर ग्रामीणों ने आधा किमी सड़क बनायी

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत सिंदरी गाँव में ग्रामीणों ने श्रमदान कर नीम पेड़ से जीतन गंझू के घर तक आधा किलोमीटर सड़क का निर्माण किया है। आजादी के बाद से किसी ने भी इस सड़क को बनवाने का काम नहीं किया था, जबकि इस गाँव में केवल गंझू भोक्ता समाज के लोग ही निवास करते हैं। समाज के मंत्री और विधायक होने के बाद भी किसी ने इस गाँव की ओर ध्यान नहीं दिया। अंततः हार कर सभी ग्रामीणों ने मिलकर सड़क बनाई है। नवादा मुखिया भरत यादव ने भी आर्थिक सहयोग किया है और साथ रहकर सड़क बनवाने का काम किया है। इस सड़क निर्माण कार्य में गोविंद गंझू, झरि गंझू, कामेश गंझू, युगेश गंझू, अखलेश गंझू और समोद गंझू ने सहयोग किया है।

## अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान जारी

**चतरा।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चतरा उपायुक्त के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। 6 अप्रैल 2024 को हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा और नावाडीह गांवों में छापेमारी कर अवैध चुलाई शराब की भट्टियों को तोड़ा गया। इस दौरान करीब 200 लीटर से अधिक अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त की गई और करीब 1500 किलोग्राम से अधिक चुलाई योग्य जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले से ही जिले में अभियान चलाकर लगातार छापेमारी की जा रही है और आगे भी अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

## मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**चतरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार, चतरा जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन के लिए मतदान प्रक्रिया और ईवीएम संचालन से संबंधित मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चतरा जिले के सभी प्रखंडों और कोल्ड फील्ड एरिया के पीठासीन पदाधिकारियों को 5 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लगभग 560 पीठासीन पदाधिकारियों ने प्रथम पाली और 513 पीठासीन पदाधिकारियों ने द्वितीय पाली में भाग लिया। 6 अप्रैल को, जिले के सभी प्रखंडों और कोल्ड फील्ड एरिया के प्रथम मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लगभग 560 प्रथम मतदान पदाधिकारियों ने प्रथम पाली और 513 प्रथम मतदान पदाधिकारियों ने द्वितीय पाली में भाग लिया। चतरा जिले के सभी प्रखंडों और कोल्ड फील्ड एरिया से द्वितीय मतदान पदाधिकारियों और तृतीय मतदान पदाधिकारियों को 8 अप्रैल और 9 अप्रैल को कला भवन चतरा कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## खेल-खेल में बच्चों ने पुआल के गांज में लगायी आग

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के सिलम गांव में कृष्णा उरॉंव के आंगन में मवेशियों को खिलाने हेतु पुआल का गांज रखा हुआ था। गांव के बच्चे खेल रहे थे। किसी बच्चा के हाथ में माचिस था और खेलते खेलते नादानी में ही पुआल में आग लगा दिया। जिससे देखते ही देखते आग की लपटें जोर पकड़ने लगी और धू धू कर जलने लगा। जिससे आसपास अफरा तफरी मच गया। लोग बाल्टी और बर्तन में पानी लेकर आग बुझाने की कोशिश करते रहे। इसी बीच समाजसेवी मांगू उरांव ने रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को फोन कर घटना की जानकारी दी।उसके बाद थाना प्रभारी ने अविलंब इसकी सूचना गुमला के अग्नि शामक विभाग को दिया। बिना देर किए दमकल की गाड़ी घटनास्थल पहुँची।फिर पानी को बौछार से दहकते आग पर काफी मशक्कत से काबू पाया गया।

## सरहुल महोत्सव 16 अप्रैल को मनाने का निर्णय

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड सरहुल संचालन समिति की बैठक रविवार को प्रखंड स्थित सरना धुमकुड़िया भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष जून उरांव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 16 अप्रैल को प्रखंड में सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आदिवासी धार्मिक स्थल ककड़ोलता में पूजा अर्चना कर गांव-गांव जाकर जोर शोर से प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड सरहुल महोत्सव के मुख्यातिथि के रूप आदिवासी धर्मगुरु बंधन तिग्गा, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव होंगे। साथ ही महोत्सव को सफल बनाने के लिए तोरणद्वार निर्माण, पूजा सामग्री व्यवस्था,अतिथि स्वागत, सजावट, टेंट साउंड बाजा, खिचड़ी, प्रसाद वितरण सहित अन्य विभागों का बटवारा कर जिम्मेवारी दिया गया। मौके पर बीरेंद्र भगत,प्रेम प्रकाश भगत, रविशंकर भगत, जयचंद भगत, हेमंत भगत, बेला देवी, सुखमनी देवी, शशिकला देवी, मीना देवी, अन्नपूर्णा देवी, हीरामुनी देवी, ममता देवी, सेवाती उरांव, संजय उरांव, रामकृपा भगत, श्रीराम उरांव, सुरेश भगत, वासुदेव भगत, दिनेश महतो, राकेश भगत, सेवाती उरांव, सुरेंद्र उरांव, अजय भगत, जसिंता देवी सहित कई सरना धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## पुलिस ने चलाया जांच अभियान

**गुमला।** लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को गुमला पुलिस के द्वारा सिसई रोड स्थित भट्ठी तालाब के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी छोटे-बड़े वाहनों को रोक कर जांच की गई। विशेषकर चार पहिया वाहनों के डिक्की व सीटों की जांच की गई। जांच के दौरान गुमला पुलिस के जवान व एसआई उपस्थित थे।

## बीएसएफ जवान की सड़क दुर्घटना में मौत, शव पहुंचा पैतृक गांव

घाघरा। प्रखंड के तुरियाडीह ग्राम निवासी बीएसएफ जवान कमलेश भगत का सड़क दुर्घटना में शनिवार को मौत हो गई थी। जहां रविवार की देर शाम बीएसएफ जवान कमलेश भगत का शव पैतृक गांव तुरियाडीह पहुंचा। जहां देर शाम पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार कमलेश भगत राजस्थान में पदस्थापित थे। होली से पूर्व वह छुट्टी में आए हुए थे। जहां शनिवार को वह रांची में स्थित अपने रूम रेंट वाले घर से मोटरसाइकिल से किसी काम को लेकर हजारीबाग मेरु अपने कैंप जा रहे थे। इसी क्रम में चुट्टूपाली घाटी में ट्रेलर गाड़ी द्वारा कई वाहनों को टक्कर मारा था।जिस क्रम में टक्कर में कमलेश भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां उन्हें घायल अवस्था में रिम्स ले जाया गया। जहां उनकी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि कमलेश भगत के दो छोटे छोटे बच्चे और पत्नी हैं। वर्ष 2010 में बीएसएफ के जवान के रूप में उनका चयनित हुआ था।

# चैनपुर में धड़ल्ले से हो रही है अवैध अंग्रेजी व देशी शराब की बिक्री

### आदर्श आचार संहिता के बाद भी शराब की बिक्री नहीं थम रही है, छतीसगढ़ व डाल्टेनगंज के रास्ते मंगाया जा रहा है अंग्रेजी शराब

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय में इन दिनों अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध महुआ शराब की बिक्री तेजी से हो रही है। शराब से लोकसभा चुनाव को भी प्रभावित किया जाता है। शराब क प्रलोभन देकर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास राजनीतिक दलों के द्वारा किया जाता है। चैनपुर प्रखंड में महुआ शराब का बहुत बड़ा बाजार है।

वहीं अंग्रेजी शराब की बिक्री भी प्रखंड में काफी होती है। प्रखंड के होटलों से लेकर कई दुकानों में अंग्रेजी शराब की बिक्री खुलेआम होती है। प्रखंड के लोगों का कहना है कि चैनपुर में कई जगहों पर अवैध शराब और बीयर की बिक्री बे रोक टोक की जा रही है। चैनपुर में प्रशासन व आबकारी विभाग कोरम पूरा करने के लिए महुआ शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती है। आबकारी विभाग व चैनपुर पुलिस महुआ शराब भट्ठियों में छापामारी कर फाइन की वसूली कर अपना कोरम पूरा कर रही है। लेकिन सवाल यह है कि चैनपुर में बड़े पैमाने पर अंग्रेजी शराब और बीयर की बिक्री की जा रही है। मगर इस पर अब तक कार्रवाई नहीं होना। आबकारी विभाग को सवालो के घेरे में लेता है। क्योंकि प्रत्येक दिन चैनपुर में बड़े पैमाने पर अवैध अंग्रेजी शराब एवं बियर की काफी उंचे कीमतों पर बिक्री की जा रही है। 700 वाली शराब की 1 हजार से 1100 रुपया तक लिया जाता है। इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। अंग्रेजी व देशी शराब की बिक्री से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। वहीं दूसरी ओर युवा पीढ़ी नशे की लत के आदि होते जा रहे हैं। आये दिन शराब के नशे में कई सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। जिसमें लोगों की जान भी जा रही है। लोगों का यही मानना है कि चैनपुर में बिना लाइसेंस का शराब बिक्री होता है। जिसके कारण यहां नकली शराब की बिक्री की जाती है। कुछ लोगों ने यह भी बताया है कि चैनपुर में डाल्टेनगंज से महुआडाड के रास्ते व छत्तीसगढ़ राज्य से भी जारी के रास्ते से नकली शराब लाई जा रही है और चैनपुर में इसे बेचा जा रहा है। इस प्रकार के शराब से लोगों के जीवन को खतरा है। ऐसा भी नहीं है कि चैनपुर में हो रहे शराब के अवैध कारोबार की जानकारी आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन को ना हो लेकिन स्थानीय प्रशासन अपनी सुस्ती और नाकामी का परिचय दे रहा है। इससे पूर्व जब भी प्रशासन के द्वारा शराब को लेकर छापेमारी की गई है तो लाखों रुपये का अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। वहीं चैनपुर में गांजा व कोरेक्स की भी अवैध रूप से बिक्री की जाती है। नशे का सिरप कोरेक्स का शिकार काफी युवा होते जा रहे हैं। विभिन्न चौक चौराहों पर गांजा व कोरेक्स पीते लोगों को देखना चैनपुर में आम बात है।

### संयुक्त रूप से छापेमारी कर नशे के कारोबारी पर की जाए की कठोर कार्रवाई : बीडीओ

इस संबंध में चैनपुर बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि चैनपुर में हो रहे अवैध अंग्रेजी-देशी शराब और बीयर की बिक्री की सूचना मुझे मिली है। लोकसभा चुनाव के मध्य नजर आबकारी विभाग व चैनपुर पुलिस प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की जाएगी और अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहे लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हरेक कार्यकर्ता अभी से जुट जाए चुनाव की तैयारी में : सुखदेव



बैठक में मौजूद पार्टी पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में विशेष चर्चा की गई। बैठक में लोहरदगा लोक सभा के प्रत्याशी सुखदेव भगत,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, लोहरदगा लोकसभा प्रभारी प्रदीप तुलसियान, सह प्रभारी बेलश तिर्की विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी और पंचायत अध्यक्ष मौजूद थे। बैठक में आगामी लोकसभा में जीत को लेकर रणनीति बनाई गई,सभी लोगो को बूथ कमिटी के साथ संयोजन बना कर कार्य करने पर जोर दिया गया। मौके पर लोहरदगा लोकसभा के महागंठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कहा की शुक्रवार को झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम मीर अहमद ने राज्य के सभी पार्टी प्रत्याशियों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारी को लेकर जरूरी सुझाव दिए है। उन्होंने कहा की ये चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का है। भारतीय जनता पार्टी अपने अहंकार में देश के संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा की आज की बैठक में लोहरदगा लोकसभा में जीत को लेकर रणनीति बनाई गई।

## सुरक्षा के दृष्टिकोण से गुमला जिले के 25 मतदान केंद्रों का हुआ रिलोकेशन

### लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सुरक्षा के दृष्टिकोण से आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित गुमला जिला के कुल 25 बूथों को रिलोकेट किया गया है। जिसमें से गुमला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कुल 13 बूथों का स्थानांतरण किया गया। जिसमें से बूथ संख्या 113 राजकियाकृत उत्क. मध्य विद्यालय राजाडेगा को आर. सी. मध्य विद्यालय डुमरपाठ में किया गया। इसी प्रकार बूथ संख्या 114 एवं 115 प्रा. वि. डोकापाठ उ. एवं द. को बूथ संख्या 110 आर. सी. मध्य विद्यालय महुआ टोली में स्थानांतरित किया गया। बूथ संख्या 124 (नव प्राथमिक विधायलय दरकाना एवं 125 (रा. उत्क. मध्य विद्यालय कोटाम, बहेराटोली को 123 बूथ संख्या सीनियर बेसिक मध्य विद्यालय कुरुमगढ़ में स्थानांतरित किया गया है। बूथ संख्या 127 प्राथमिक विद्यालय चांदगो एवं 128 उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुटवां को बूथ संख्या 126 प्राथमिक विद्यालय बामदा में स्थानांतरित किया गया। बूथ संख्या 130 उत्क्रमित मध्य विद्यालय रोघाडीह एवं बूथ 131 उत्क्रमित मध्य विद्यालय उरू को स्थानांतरित करते हुए बूथ संख्या 129 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिविल में स्थानांतरित किया गया है। बूथ संख्या 132 राजकियाकृत मध्य विद्यालय कोचागानी के बूथ को स्थानांतरित करते हुए बूथ संख्या 138 राजकियाकृत प्राथमिक विद्यालय, जिलिंगा - डूमरडीह पंचायत में किया गया है। इसी क्रम में बूथ संख्या 133 पंचायत सचिवालय,बारीडीह एवं बूथ संख्या 134 उत्क्रमित उच्च विद्यालय तबेला को स्थानांतरित करते हुए बूथ संख्या 129 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिविल किया गया है। बूथ संख्या 135 उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुकरूंजा को बूथ संख्या 271 राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बांसडीह (रायडीह प्रखंड) में स्थानांतरित किया गया है। 69- विशुनपुर विधानसभा अंतर्गत विशुनपुर के 5 एवं घाघरा अंतर्गत 7 मतदान केंद्रों को स्थानांतरित किया गया है। जिसमें बूथ संख्या 105 राजकियाकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय,निरासी( बोरहा) को बूथ संख्या 110 राजकियाकृय मध्य विधायकाय, बनालात में स्थानांतरित किया गया। बूथ संख्या 106 राजकियाकृत उत्क्रमित मध्य विध्याय, कुमारी को बूथ संख्या 107 राजकियाकृत उत्क्रमित मध्य विधायकाय, जमटी में स्थानांतरित किया गया है। बूथ संख्या 133 राजकियाकृत प्राथमिक विद्यालय, जालिम एवं बूथ संख्या 134 राजकियाकृत मध्य विद्यालय, केचकी, को बूथ संख्या 135 राजकियाकृत मध्य विद्यालय, हाडूप में स्थानांतरित किया गया।

## रामनवमी मेला आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने किया बैठक

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डॉडू में रामनवमी मेला आयोजन को लेकर मिथलेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में 17 अप्रैल को भव्य तरीके से मेला और अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता आयोजित करने को लेकर चर्चा किया गया। वही मिथलेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजार डॉडू में वर्ष 1971 ई.से रामनवमी मेला लगना प्रारम्भ हुआ था। प्रारम्भ में मेला लगाने के लिये पेट्रोमैक्स जला कर और गांव गांव घूम कर लोग मेला आने का निमंत्रण देते थे परन्तु अब धीरे धीरे बदलाव हुआ। आज भी मेला से पूर्व लगातार दो दिन सप्तमी व अष्टमी को ढोल नगाड़ा और बैंड बाजा के साथ पारम्परिक अस्त्र शस्त्र लेकर जुलूस भ्रमण कर ग्रामीण भक्तों द्वारा मेला आने के लिये निमंत्रण दिया जाता है।

## सरहुल पर्व प्रकृति की रक्षा का देता है संदेश : उपायुक्त

### सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** रविवार को आदिवासी कर्मचारी समिति, लोहरदगा के द्वार सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम का अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने कहा की सरहुल प्रकृति पर्व है जो हमे जल जंगल और जमीन की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने कहा की भविष्य बेहतर करने के लिए बच्चो को शिक्षित जरूर करे। जो आगे चलकर अपने पूर्वजों का अनुसरण कर सके। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा की आज आप सभी पूर्वजो को परंपरा को बचाने के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्होंने सरहुल एवं ईद को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा की अपने पूर्वजों के संघर्ष के कारण आप शांति पूर्ण पर्व माना रहे हैं। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा की सरहुल पर्व आदिवासियों के जीवन जीने की कला को दशार्ता है। अपर समाहर्ता जीतेन्द्र मुंडा ने प्राकृतिक के रक्षा हर हाल में जरूरी बताया। सरहुल साल पेड़ का पूजा आदिवासियों के लिऐ बहुत महत्वपूर्ण त्यौहार है।



उपस्थित अतिथि

## जय श्री राम समिति की हुई बैठक

**किस्को।** जय श्रीराम समिति की बैठक किस्को प्रखंड के अरेया गांव में प्रखंड प्रभारी हरिओम प्रजापति की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नववर्ष को लेकर भावी रणनीति बनाई गई। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा नववर्ष विक्रम संवत के उपलक्ष पर जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें हजारों हजार की संख्या में लोग ललित नारायण स्टेडियम में पहुंचेंगे जहां से भव्य शोभा यात्रा नगर में भ्रमण करेगी और पुनः ललित नारायण स्टेडियम में पहुंचेगी। इसके बाद भव्य भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को देखते हुए समिति के पदाधिकारी विधि व्यवस्था को लेकर प्रयासरत है।

## भाजपा ने पार्टी की 45वीं स्थापना दिवस पर पुराने कार्यकर्ताओ को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** बक्सीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में '45वीं भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर झंडोत्तोलन , महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवं जनसंघ कार्यकताओं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक कमलेश उराँव उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सभी मण्डल अध्यक्ष अपने मण्डल मुख्यालय में एवं मण्डल के सभी बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों पर भाजपा स्थापना दिवस का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को अपने अपने घरों में पार्टी का झण्डा लगाए।

जिला कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि हमारी विचारधारा भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकताओं को जोड़ने वाला सूत्र है। भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे। पांचों निष्ठाओं की बात करते हैं तो अपने आसपास या देश में घटे कुछ ऐसे प्रसंग ध्यान में आते हैं, जिनसे लगता है कि हम हर स्तर पर पूरी तरह सभी निष्ठाओं का पालन करते हैं। हम यह विश्वास से कह सकते हैं कि ये निष्ठाएं हमारे लिए प्रकाश-स्तम्भ की तरह हैं।

विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक कमलेश उराँव ने कहा कि भाजपा की विचारधारा को एक पंक्ति में कहना हो तो वह है भारत माता की जय भारत का अर्थ है अपना देश देश जो हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला है और जिसे प्रकृति ने एक अखंड भूभाग के रूप में हमें दिया है। यह हमारी माता है और हम सभी भारतवासी उसकी संतान है। भारत माता कहने से एक भूमि और एक जन के साथ हमारी एक संस्कृति का भी ध्यान बना रहता है। इस माता की जय में हमारा संकल्प घोषित होता है और परम वैभव में है मां की सभी संतानों का सुख और अपनी संस्कृति के आधार पर विश्व में शांति व सौख्य की स्थापना। यही है भारत माता की जय है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद हमारा पार्टी का मूल दर्शन है। यह दर्शन हमें मनुष्य के शरीर, मन, बृद्धि और आत्मा का एकात्म यानि समग्र विचार करना सिखाता है। ब्रजबिहारी प्रसाद ने कहा कि सश कि 6 अप्रेल 1980 का भारतीय जनता पार्टी की स्थापना इसी दिन हुई थी। इसका लक्ष्य ही था भारत की मूल संस्कृति का विकास करना इसके लिए कई प्रकार के संघर्ष किए ।अंततः हम सभी सफल हुए और परिणाम स्वरूप गौरवशाली भारत की ताकत आज पूरे विश्व में देख रहा है एकात्मकता और अंतोदय की सोंच ने दिया। मंच संचालन जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह ने की। कार्यक्रम में मदनमोहन पाठक, विनोद राय, राजेंद्र खत्री, मोहन साहू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, मीना बाखला, नवीन कुमार टिंकू त्रिवेणी दास, ब्रजकिशोर साहू लाल ललित नाथ शाहदेव, उमेश कास्यकार ,ओम सिंह, बलराम ओझा, शिव पूजन सिंह, लाल राधेश्याम नाथ शाहदेव, हीरालाल अग्रवाल,गोपाल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओ को सम्मानित करते जिला समिति

एक नजर में

## मेडाल गरीब मरीजों के जेब में डाल रहा है डांका

### सरकार से एमयू के बाद भी प्राईवेट जांच घरों से अधिक दर है मेडाल का



सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती अपने बच्चे के साथ परीना खातुन व इनसेट में जांच के लिए लिखा गया पर्चा दिखाती परीना खातुन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला सदर अस्पताल परिसर में पीपी मोड में संचालित मेडाल जांच केंद्र में जांच के नाम पर लूट मचा हुआ है। या यू कहें कि गरीब मरीजों के जेब पर सीधे डांका डालने का काम कर रहा है। जो जांच प्राईवेट जांच घरों में चार सौ रूपये में हो रहा है वह जांच मेडॉल में चार हजार रूपये में किया जा रहा है। जिसे सदर अस्पताल में आने वाले गरीब मरीज परेशान हो उठे हैं। जबकि सरकार से एमयू होने पर मेडाल के द्वारा अस्पताल के मरीजों को सुलभ व सस्ता जांच करना है। ऐसा ही एक मामला सदर अस्पताल में अपने बच्चे का इलाज कर रही महिला परीना खातुन ने बताया है।

परीना ने बताया कि उसका बच्चा पेट दर्द व बुखार से पीड़ित है और कई दिनों से अस्पताल में इलाज करा रहा है। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे कई तरह की जांच के लिए पर्ची लिखा। जिसे लेकर परीना मेडाल गयी तो उसका जांच का खर्च 4 हजार 461 रूपये बताया गया। यह सुनकर वह महिला बिलख-बिलख कर रोने लगी और कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं है। जिसपर मेडॉल के कर्मियों ने कोई रहम नहीं दिखाया। महिला मायूस होकर पर्चा लेकर सदर अस्पताल के बाहर स्थित प्रतीक जांच घर चली गयी। जहां पर्चा दिखाकर उसने जांच खर्च पूछा तो उसे चार सौ रूपया बताया गया। महिला ने तत्काल बच्चे के आवश्यक जांच करा लिये। जबकि मेडाल सरकार के साथ एमयू कर जांच कर रहा है और उसका जांच प्राइवेट जांच घरों से दस गुणा अधिक लिया जा रहा है जो अचरज में डाल रहा है। ऐसा में एक गाना मशहूर है कि सुनो से झन-झन की झंकार ये दुनिया है कालाबाजार की पैसा बोलता है..। यह गाना सरकार के साथ एमयू किये मेडाल में स्टीक बैठता है। मामले को लेकर जब अस्पताल उपाधीक्षक अनूपम किशोर से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बच्चे का राशन कार्ड में नाम नहीं है। जिसके कारण उसका आयुष्मान नहीं बन पाया। नहीं तो उसका जांच निशुल्क हो जाता है। महिला भी उनसे आकर नहीं मिला। मिलती तो कोई व्यवस्था किया जाता। उन्होंने कहा कि बाहर चार सौ रूपया में जांच होना व मेडाल में चार हजार मांगने की मामले की वे जांच करेंगे और गलत पाये जाने पर कार्रवाई करेंगे। हालांकि अस्पताल उपाधीक्षक ने गोलमटोल बात करके मामले में पानी डालने का काम किया। लेकिन सचाई तो यह है कि मेडाल जांच के नाम पर गरीबों के जेब पर डाका डालने का काम कर रही है। जिसपर अंकुश लगाना जरूरी है।

## केंद्र सरकार एजेंसियों का कर रही है दुरुपयोग: मो. शाहिद



इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के गुमला जिल के चयनित पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग गुमला जिला की बैठक आजाद बस्ती गुमला में रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहिद ने की। मोहम्मद शाहिद ने बताया कि पहले गुमला जिला अध्यक्ष का प्रभार उनका था। प्रदेश कमिटी ने उनको प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी है। इसलिए गुमला जिला कमिटी का पुनर्गठन हुआ है। पार्टी ने तीन महीने का राज्यव्यापी सदस्यता अभियान चलाया और पूरे राज्य में लाखों सदस्य बनाये। गुमला जिला कमिटी में तीन महीने में 14700 सदस्य बनासे गये। मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष मो. साजिद आलम ने गुमला जिला कमिटी की लिस्ट जारी की है। जिसमे जिला अध्यक्ष ललित एक्का को बनाया गया जबकि महासचिव अफरोज कुरैशी, कोषाध्यक्ष एडवोकेट शावेज अफसर, उपाध्यक्ष मोहम्मद आदिल, सचिव मोहम्मद शादाब तथा प्रवक्ता फिरोज खान को बनाया गया।

वहीं पार्टी की महिला मोर्चा का अध्यक्ष शबाना खातून को बनाया गया। जबकि महासचिव सकीना परवीन, संगठन सचिव सफीना खातून, कोषाध्यक्ष सलमा खातून, उपाध्यक्ष कोरैशा खातून तथा सचिव संजीदा खातून को बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने गुमला जिला कमिटी की सराहना करते हुए कहा है कि गुमला जिला पार्टी के लिए बहुत ही मजबूत जिला है। जिसमे पार्टी ने मेहनत की है और जमीनी स्तर पर संगठन को बनाने का काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कमिटी को निर्देश दिया है की आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला कमिटी आगामी 15 दिनों में प्रखंड तथा पंचायत कमिटी की लिस्ट प्रदेश कमिटी को सौंपे। प्रदेश सचिव शाहिद ने यह भी बताया कि मुस्लिम लीग केरल और तमिलनाडु में इंडिया गठबंधन के साथ है और झारखंड में भी उम्मीद है की सम्मानजनक स्थान मिलने पर हम गठबंधन धर्म निभायेगे। जिस तरह केंद्र सरकार भारत के सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कभी ईडी के द्वारा विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी, कभी विपक्ष के बैंक खातों को सील करना, इलेक्ट्रोल बॉन्ड का मामला, चुनाव से तुरंत पहले सीएए लागू कर वोट का ध्रुवीकरण करने की कोशिश, शिक्षा, स्वस्थ और रोजगार की जगह धर्म में जनता को उलझा कर रखना। देश की जनता सब देख रही है और लोकसभा चुनाव में जवाब देगी। जिला अध्यक्ष ललित एक्का ने कहा की प्रदेश कमिटी ने जिस तरह उनपर विश्वास जताया है, वो उसपर पूरी तरह खरा उतरने की कोशिश करेंगे और जल्द से जल्द ब्लॉक तथा पंचायत कमिटी की लिस्ट प्रदेश को भेजेंगे। महिला अध्यक्ष शबाना खातून ने भी प्रदेश कमिटी का आभार वयक्त करते हुए कहा की महिला देश की आधी आबादी है और किसी भी सरकार को जिताने और हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस बार के चुनावों में महिलाओं को जागरूक कर के वोट के जरिए सत्ता परिवर्तन का काम किया जायेगा। गुमला जिला की मुस्लिम, आदिवासी, दलित तथा पिछड़ी महिलाओं के साथ विमेंस लीग खड़ी है। बैठक में मंच का संचालन जिला महासचिव अफरोज कुरैशी तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश प्रवक्ता फिरोज खान ने किया।

# विकास से कोसो दूर है सांसद आदर्श ग्राम चटुआग

## पगडंडी के सहारे आवागमन करते हैं ग्रामीण, आज भी एम्बुलेंस नहीं पहुंचती है गांव

- परहैया टोला स्कूल तक जाने के लिए नहीं है सड़क
- सामाजिक कार्यकर्ता अयुब खान द्वारा वोट के लिए जागरूक किए जाने पर मतदाताओं का छलका दर्द
- मतदाताओं मे जन प्रतिनिधियों के प्रति निराशा, मतदाता बोले इसके बाद भी हम सभी ग्रामीण वोट करने जाएंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड क्षेत्र की कामता पंचायत के ग्राम चटुआग को वर्ष 2017-18 में तत्कालीन सांसद ने सांसद आदर्श ग्राम के रूप में चयन किया था, लेकिन विकास से वंचित सांसद आदर्श ग्राम चटुआग की पांच साल में तस्वीर व तकदीर नहीं बदली। 12 घरों की आबादी वाले इस पहना पानी टोले में छः घरों में आदिम जनजाति और 6 घरों में अनुसूचित जनजाति परिवार के लोग निवास करते हैं जिसकी कुल जन संख्या करीब 50 के आसपास है। इस योजना को 2014-15 में केंद्र सरकार ने शुरूआत की थी।इस योजना में हर एक सांसद को एक गांव को सांसद आदर्श ग्राम के लिए गोद लेकर गांव में मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के साथ बुनियादी एवं संस्थागत ढांचे को विकसित कर गांव को आदर्श और सशक्त बनाना था। गांव के सर्वांगीण विकास के लिए शुरू की गई यह योजना चटुआग में दम तोड़ चुकी है। गोद लिए हुए गांव में तमाम वो सुविधाएं होनी थी, जो गांव के नागरिको को जरूरी हैं पर ऐसा नहीं हो पाया। इस पांच छः वर्ष की अवधि में राज्य में दो वर्ष रघुवर दास की सरकार रही, फिर हेमंत सोरेन की और अब चंपई सोरेन की सरकार है। सामाजिक कार्यकर्ता सह कामता पंसस अयुब खान द्वारा वोट को लेकर जागरुक किए जाने के क्रम में ग्रामीणों का दर्द छलक कर सामने आ गया। ग्रामीण कमल गंझु, दसवा परहैया, अभिराम बारला, सिमान भेंगरा, गोला मुंडा, दुखन परहैया, जिदन टोपनो, बुधराम बारला, शनिचर परहैया, बोने टोपनो ने बताया की सांसद महोदय गांव आये थे। हमारे गांव को गोद लिए थे और नाम रखा गया था सांसद आदर्श ग्राम, उस समय हमें ऐसा लगने लगा था कि हमारा गांव आदर्श गांव बन जाएगा जहां हर तरह की बुनियादी सुविधाएं होंगी किंतु ऐसा नहीं हो पाया। ग्रामीण बताते हैं की गांव में अब भी पानी बिजली सड़क समस्या है, पीने के साफ पानी की दिक्कत है। चुआंड़ी के दुषित पानी पीने को आज भी मजबूर हैं। वोट होने की बात कहे जाने पर कहते हैं कि वोट होना है लेकिन कब होगा उन्हें पता नहीं है, वोट देने जाना है यह कहे जाने पर कहते हैं कि वोट देने से कोई फायदा नहीं है बाबू, हमनी के वोट देते देते अब बुढ़ा होई गेली लेकिन अबतक गांव का कोई फायदा नहीं होलै। कई साल से वोट दे रहे हैं, अब तो शरीर भी थक गया, लाठी के सहारे चलते हैं, अपने घर पहना पानी से बूथ तक जाने के लिए सड़क तक नहीं है, रास्ता के अभाव में इस टोले तक एम्बुलेंस नहीं आती है, बिमार होने पर आधे किलोमीटर तक मरीज को खटिया डोली के सहारे कंधे में लेकर एम्बुलेंस तक लाते हैं, गांव से परहैया टोला तक जाने के लिए पगडंडी रास्ता है, परहैया टोला से चटुआग बूथ तक जाने के रास्ते में नुकीले पत्थर निकले हुए हैं जिससे आवाजाही करने मे काफी परेशानी होती है, हमनी हर बार यह उम्मीद लगाकर वोट देते हैं कि अबकी बार हमर गांव की सड़क और कई समस्याएं दूर होतै लेकिन हरबार वोट लेने वालों की वादा खिलाफी से हम ठगे जात हैं, वोट देने से कोनो फायदा आजतक नई होलै, वोट देकर कई सांसद, विधायक बने लेकिन गांव की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। वोट लेने के बाद गांव में कोई झांकने तक नहीं आता, समस्याओं की अनदेखी से जन प्रतिनिधियों के प्रति मतदाताओं में रोष साफ झलक रहा था। सामाजिक कार्यकर्ता अयुब खान कहते हैं कि यह सही बात है कि आज भी गांव की मुद्दे जहां थे वहीं हैं, राजनीतिक पार्टी उपर से जनता के माथे मे प्रत्याशी थोप देते हैं, काम करने वाले जनता के बीच रहने वाले जमीनी कार्यकर्ता नेता को पार्टी टिकट देती नहीं है, यही कारण है कि आज भी गांव पिछड़े हुए हैं, यदि जनता के बीच जमीनी नेता कार्यकर्ता को और उसके दुख दर्द समझने वाले को पार्टी टिकट देती तो वह जीतने के बाद जनता के लिए जरुर काम करता, आज राजनीतिक पार्टी टिकट वैसे लोगों को देती है जो वोट लेते ही मतदाता को भुल जाते हैं और उसके नेता कार्यकर्ता भी अपने हित की पूर्ति में लग जाते हैं।

### आदिम जनजाति बाहुल्य परहिया टोला की स्कूल तक नही है सड़क


जानकारी देते ग्रामीण।

आदिम जनजाति परहैया टोला की स्कूल तक जाने के लिए सड़क तक नहीं है। बच्चे पगडंडी नाला झाड़ी से होकर स्कूल पहुंचते हैं। जन प्रतिनिधियों की ओर से समस्याओं की लगातार हो रही अनदेखी और पार्टी नेताओं कार्यकताओं की झुठी बातों से ग्रामीणों में काफी निराशा है। सभी ग्रामीण क्षेत्रों की गांवों की स्थिति लगभग यही है। ग्रामीण बोले फिर भी हम सभी ग्रामीण लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट करने जाएंगे।


जर्जर सड़क।

## सेविका के निधन पर शोक

**चंदवा।** प्रखंड के हिसरी की आंगनबाड़ी सेविका सह बीएलओ जोलजेन मिंज के निधन पर बाल विकास परियोजना कर्मियों के साथ अन्य ने शोक जताया है। उसके असामयिक निधन को लोगों ने परिवार के साथ समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। अचानक तबियत बिगड़ जाने के कारण उसकी मौत हो गई। शोक व्यक्त करनेवालों में बीडीओ चंदन प्रसाद, पर्यवेक्षक ज्योति बाला, मीरू झा, रूबी रानी, पूजा विनायक, मीना देवी, विद्या रानी, अंजु देवी, मंजरी देवी, सुकृता देवी, सुषमा वैद्य, बसंती देवी, मारग्रेट कुजूर, संध्या बाला, आरती देवी, बबीता देवी, बारथा मिंज, लक्ष्मी देवी, ललिता देवी, मीनू कुजूर, नगीना देवी, रजनी देवी, रंथी देवी, सरोज देवी, सुधीर प्रसाद समेत कई अन्य शामिल हैं।

# उपायुक्त गरिमा सिंह ने प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 12 कर्मी व पदाधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत पांच अप्रैल को गांधी इन्टर कॉलेज लातेहार एवं बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार में पीठासीन पदाधिकारी हेतु आयोजित प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 12 कर्मी/पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य से अनुपस्थित रहना उनके कार्य के प्रति लापरवाही एवं कर्त्तव्यहीनता का द्योतक है। बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित पाया जाना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 एवं आईपीसी की धारा-187 एवं 188 का उल्लंघन तथा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा 24 घंटे के अंदर अनुपस्थित कर्मी/पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है एवं स्पष्टीकरण समय पर अप्राप्त रहने एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उक्त के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 एवं आईपीसी की धारा-187 एवं 188 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए हैं।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उक्त 12 कर्मी/पदाधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण


जानकारी देती डीसी गरिमा सिंह।

रंजन दानिएल बारला, टी.जी.टी., स्तरोन्नत+2 उ.वि. सरयू, अरूण कुमार सिंह, सहा. शि., राजकीय कृत मध्य वि. मारंगलोईया बालूमाथ, शिवनाथ मांझी, सहा. शि., राजकीय कृत मध्य वि. सेरेगाड़ा बालूमाथ। मासा सोरेन, प्रबंधक (खान), तेतरियाखाड़ ओसी.पी., बालूमाथ। रमेश नगेसिया, सहा.शि., उ.मध्य वि. कबरी गारू, दिवाकर मिश्रा, व्याख्याता, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, श्रवण कुमार सिंह यादव, सहा.शि., उ.उ.वि. मोरवाई कला, बरवाडीह। जोसेफ एक्का, प्रधानाध्यापक, खीस्त राजा हाई स्कूल, चन्दवा। मंगरा आइंद, प्रारूपक, पथ प्रमंडल, लातेहार। प्रभाकर कुमार, वरीय लिपिक, पथ प्रमंडल, लातेहार। राजगीर सिंह, सहा. शि., राजकीय कृत मध्य वि., सेरेगाड़ा, बालूमाथ। सुमन कुमार साव, टी.जी.टी., अंग्रेजी, जवाहर नावोदय विद्यालय, लातेहार।

## एक नजर में

### मृतक के परिजनो से मिली प्रियंका कुमारी


परिजनों से मुलाकात जिप सदस्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के चमातू ग्राम स्तिथ तिलैयाटांड़ में एक तालाब से बुधवार को शाम में सीसीएल कर्मी एवं उनके दो बच्चों का शव बरामद हुआ था। तीनों का शव मोटरसाइकिल में बांधकर तालाब में फेंक दिया गया था। जिसके बाद ज़िप सदस्य प्रियंका कुमारी ने कई भाजपा कार्यकताओं के साथ चमातु ग्राम में मृतक के घर पहुंचकर मृतक की पत्नी गुड्डी देवी से मिल ढाढस बढ़ाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में मैं और सभी भाजपा परिवार आपके साथ है। मौके पर प्रियंका कुमारी ने प्रशासन से मांग किया जल्द से जल्द इस हत्याकांड का उद्भेदन किया जाए और पीड़ित को उचित मुवावजा सहित सीसीएल में नौकरी की मांग किया। भाजपा नेता अमित कुमार ने कहा कि प्रशासन का डर अपराधियों में नहीं है अपराधी बेलगाम हो गए हैं। प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़े एवं कड़ी से कड़ी सजा दे नहीं तो बाध्य होकर आंदोलन करेंगे। मौके पर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी संतोष पासवान ईश्वर साव बूथ अध्यक्ष तुलसी प्रसाद सेरेगाड़ा बूथ अध्यक्ष मोहन पांडे, महेंद्र साव, केदार साव, लछमन कुशवाहा, अजीत साव सतेंद्र उराँव, फुलदेव उरांव, राजेश उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### श्री रामनवमी को लेकर बैठक संपन्न



**चंदवा।** श्री रामनवमी पूजा को भव्यता प्रदान करने को लेकर देवी मंडप पूजा समिति की बैठक स्थानीय देवी मंडप प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिनंदन दुबे ने की। बैठक के दौरान श्री रामनवमी पूजा के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए व सफल संचालन को लेकर नवगठित कमेटी के बीच कार्यों का बंटवारा भी किया गया। इसके पूर्व नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत कमेटी के सदस्यों का माला पहनकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। बैठक में संजीव आजाद, बबलू गिरी, अनिल साहू विनय कुमार नरेश यादव सूरज देव यादव उदय तिवारी शंकर सिंह किशोर वर्मा समेत दर्जनों धर्म प्रेमी मौजूद थे।

## एसडीओ ने चंदवा प्रखंड के सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों में ली विधि व्यवस्था की जानकारी

- बोरसीदाग व सासंग में स्ट्रांग रूम का भी लिया जायजा


जायजा लेते एसडीओ।

**चंदवा।** आसन लोक सभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी एवं मतदान केंद्रों में विधि व्यवस्था को सुदृढ बनाने को लेकर प्रशासन के द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रखंड के सुदूरवर्ती मतदान केंद्रो पर विधि व्यवस्था का जायजा लेने लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार चंदवा पहुंचे, जहां उन्होंने अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद के साथ प्रखंड के माल्हन, डुमारो, हुटाप एवं सासंग पंचायत अंतर्गत दर्जनों बूथों पर विधि व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्दों में बिजली, पानी, शौचालय, पथ की जानकारी ली व व्यवस्था को सुदृढ बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान सासंग व बोरसीदाग में बनाये गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। एसडीओ ने कहा कि मतदाताओं व मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की परेशान न हो इसका पुरा ख्याल रखा जाए। लोक तंत्र के महापर्व को हम सभी को लेकर सफल बनाना है। मौके पर प्रखंड कर्मी, बीएलओ सुपरवाइज, बीएलओ समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव के निमित प्रशासन ने सघन वाहन जांच अभियान को किया तेज

# चुनाव में धनबल व अवैध शराब के उपयोग पर रोक को लेकर अनवरत जारी रहेगा अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के बाद से चंदवा में प्रशासन के द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वाहन जांच के दौरान जिले के बरियातू में दो जगह, बरवाडीह व लातेहार में बड़ी मात्रा में कैश बरामद होने के बाद प्रशासन के द्वारा जांच अभियान को और सख्त कर दिया गया है। प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के साथ बीडीओ सह उप निवार्ची पदाधिकारी चंदन प्रसाद व सीओ जयशंकर पाठक समय समय पर स्वयं मोर्चा संभाले नजर आ रहे है। रविवार की देर शाम खराब मौसम के बावजूद सीओ जयशंकर पाठक मुस्तैदी के साथ वाहनों की जांच करते नजर आए। बता दें कि चुनाव को भय व भ्रष्टाचार मुक्त संपन्न करने व धनबल-शराब के अवैध इस्तेमाल पर रोक को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह व पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा पुलिस के द्वारा एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा प्रखण्ड कार्यलय के समीप स्थित वन विभाग चेकनाका के पास चेकिंग पॉइंट बनाया गया है, जहां वाहनों की जांच की जा रही है। हालांकि जांच के दौरान अब तक किसी प्रकार की अवैध पैसे या सामग्री की बरामदगी की सूचना नहीं है। जांच में मजिस्ट्रेट निशांत कुमार, सअनि जगत प्रकाश शर्मा समेत चंदवा थाना के जवान शामिल थे।


वाहन जांच करती पुलिस।

### लोकहित पार्टी का की गई बैठक, किया विशेष चर्चा


बैठक करते पार्टी के लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्व. महंगू साव के आवास पर लोकहित पार्टी का एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षा तेली समाज के प्रखंड अध्यक्ष मुंसी साव ने किया। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राष्ट्रीय संगठन तेली समाज प्रदेश अध्यक्ष सुनील साव व चतरा जिला अध्यक्ष मुरारी साव उपस्थित हुए एवं चतरा लोकसभा के उम्मीदवार संजय स्नेही की गरिमापुर्ण उपस्थिति रही। बैठक मे सभी तेली समाज ने एक स्वर में लोकहित पाटी पर भरोसा विश्वास के साथ सेव छाप पर मोहर लगाने का निर्णय लिया। मुख्य अतिथि सुनील साहू को प्रखंड अध्यक्ष मुंशी साव ने गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र और माला पहना कर सम्मानित किया। बैठक में अर्जुन साव, जितेंद्र साव, चंद्रदेव साव, दिलीप साव, तुलसी साव, राजन साव, विजय कुमार, संतोष कुमार, बंधु साव, सीताराम साव, दिलेश्वर साव, विनोद साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## सरना झंडा उखाड़ने के मामले का थाना प्रभारी ने जांच कर किया खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र मे सरना झंडा उखाड़ने के संबंध मे सरहुल पुजा कमिटी द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था। जिसपर तत्वरित कारवाई करते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावार के नेतृत्व में जांच कर खुलासा किया गया। जांच मे स्पष्ट हुआ कि एक मानसिक रुप से विक्षिप्त व्यक्ति ने सरना झंडा उखाड़ कर इधर उधर किया है। विक्षिप्त व्यक्ति की पहचान बारियातु लोदमदाग निवासी किटु भुईयां के रुप मे की गई है। जो मानसिक संतुलन खराब रहने के कारण रात्रि में घुमते रहता है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से स्पष्ट हुआ। सरना झंडा उखाड़ने के संबंध मे थाना प्रभारी बारियातु द्वारा किए गए तत्वरित जांच व खुलासे के लिए सरहुल पुजा कमिटी ने थाना प्रभारी व थाना परिवार को अभार जताया है। इस संबंध में सरहुल पुजा समिति अध्यक्ष पुर्व प्रमुख महावीर उरांव ने कहा है कि आदिवासी समुदाय सदियो से शांति पसंद समुदाय रहा है। यह समुदाय किसी भी समुदाय से किसी भी तरह का द्वेश भाव नही रखता है। नाही किसी के मान सम्मान को हानी पहुँचाता है। सभी का आदर करता है। सरहुल पुजा समिति थाना प्रभारी राजा दिलावार व समस्त थाना परिवार का सम्मान करती है। इस मामले मे तत्वरित कारवाई कर खुलासा करने व क्षेत्र शांतिव्यवस्था बनाए रखने पूर्ण सहयोग के लिए अभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं। क्षेत्र मे शांति व्यवस्था व सद्भावना बनाए रखने मे हमारा सहयोग बना रहेगा।

### सरहुल पुजा कमिटी ने जताया अभार


जानकारी देते थाना प्रभारी राजा दिलावार।

### पुआल से भरी मचान में लगी आग, कोई हताहत नहीं


पुआल में लगी आग।

**हेरहंज।** रविवार की संध्या करीब 5:00 बजे हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टाड़ के समीप पुआल से भरी एक मचान में आग लग गई। जिससे लोगों में थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उक्त पुआल का मचान विनोद यादव की बताई जा रही है। उक्त पुआल के मचान में कैसे आग लगी, यह पता नहीं चल पाया है। हालांकि स्थानीय लोगों ने समय रहते लगी आग में काबू पा-लिया नहीं तो जान माल के साथ-साथ आसपास के घरों में आग का खतरा बढ़ सकता था और काफी नुकसान हो सकती थी। बता दें कि उक्त पुआल की मचान विनोद यादव एवं रामचंद्र साव के घर के बीच स्थित है। लोगों का मानना है कि अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो रामचंद्र साव के घर में आग आसानी से लग सकती थी। हालांकि हेरहंज मे साप्ताहिक बाजार होने के कारण सैकड़ो लोगों ने एक जूटता दिखाते हुए आग बुझाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस घटना में विनोद यादव को करीब 10,000/- का आर्थिक नुकसान बताया जा रहा है।

### कुशवाहा महासभा की बैठक संपन्न



**बालूमाथ।** झारखंड राज्य कुशवाहा महासभा की जिला इकाई की बैठक बालूमाथ में जिला अध्यक्ष भूषण कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में कुशवाहा महासभा के केंद्रीय मुख्य संरक्षक तथा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता झारखंड कुशवाहा महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन कुमार शामिल हुए। आयोजित बैठक में कुशवाहा समाज के विकास एवं राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें बोलते हुए भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों आज कुशवाहा समाज को दरकिनार करते हुए किसी भी कुशवाहा समाज के व्यक्ति को चतरा लोकसभा में उम्मीदवार नहीं बनाया। जबकि चतरा लोकसभा क्षेत्र में हम लोगों का 2 लाख से अधिक वोट है। टिकट बंटवारे में हमें नजर अंदाज किया जाता है। इसको लेकर जल्द ही कुशवाहा समाज की एक बैठक आयोजित होगी और उसमें इन सभी विषयों पर चर्चा होगा। बैठक में जिला महासचिव रोहित महतो, परमेश्वर महतो, बिंदेश्वर महतो, सुरेश प्रसाद, जगरनाथ महतो, सुरेश महतो, महादेव महतो, मोती महतो, हीरालाल महतो, रमेश महतो, लक्ष्मण कुशवाहा, हीरामन महतो लालमन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब, गर्मी से लोग परेशान

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के धाधु पंचायत स्थित मकईयाटांड ग्राम में पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों बढ़ती गर्मी में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पंखा,कूलर,मोटर सेमत कई दैनिक उपयोगी चीजे हम लोग इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते रात को लोग चैन से सो नहीं पा रहे हैं। इसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग से शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से मामले पर पहल करते हुए गांव में ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग किया है।

## भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ने बरवाडीह और छिपादोहर मंडल का किया तूफानी दौरा

# भाजपा को वोट देकर पीएम मोदी के हाथों को करें मजबूत: कालीचरण सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का चुनावी दौरा भारी उत्साह के साथ जारी है। रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कालीचरण सिंह ने पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ बरवाडीह और छिपादोहर मण्डल का तूफानी दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने कुटमू चौक पर राजा मेदिनिराय और बरवाडीह में स्थापित सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दौरे की शुरूवात की। इसके पूर्व मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी का स्वागत गर्मजोशी से किया। जिसके बाद कालीचरण सिंह ने पहाड़ी शिव मंदिर, पंचमुखी शिव मंदिर आदि पहुंच महाकाल के दर्शन पूजन किए। वहीं विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर केंद्र में भाजपा को भारी मतों से जीत दिलाकर भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। इधर बाजार भ्रमण के दौरान व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष सह पत्रकार दीपक राज के नेतृत्व में पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद, शंकर प्रसाद, महासचिव जैकी चौरसिया, उपाध्यक्ष स्वरीत छाबड़ा, सोनू सरदार, पिंटू कुमार और शत्रुधन प्रसाद आदि के द्वारा स्वागत किया गया। जहां दीपक राज ने बाजार की कुछ ज्वलंत समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। वहीं दोपहर बाद वह छिपादोहर के लिए रवाना हो गए। जहां छिपादोहर बाजार में कार्यकर्ताओं को सभा को संबोधित किया।


पंचमुखी मंदिर में कार्यकताओं के साथ कालीचरण सिंह।

### दौरे के क्रम में मौजूद कार्यकर्ता

मौके पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू सिंह, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप यादव, विवेक सिंह, अजय सोनी, प्रमुख जिप सदस्य संतोषी शेखर, बलवंत सिंह, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, मनोज यादव, भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिंह, बंटी ठाकुर, पारस जयसवाल, प्रवीण कुमार, हेमंत कश्यप, विनय सिंह, राकेश रंजन, उपेंद्र सिंह खरवार, संतोष विश्वकर्मा, दीपक तिवारी, राजेश गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, मुंद्रिका सिंह, सतीश यादव, सखीचंद प्रसाद, इकबाल सिंह, ईश्वरी सिंह, हेमंत ठाकुर और पवन चौधरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीएम नीतीश हुए ट्रोल, 4000 सांसद वाले बयान पर आरजेडी ने ली चुटकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सोशल मीडिया पर रविवार (07 अप्रैल) को एक भविष्यवाणी करने के लिए ट्रोल किया गया है। उन्होंने नवादा में आज पीएम मोदी की रैली में भूलवश कह दिया कि एनडीए 4,000 से अधिक सीटें जीतेगा, जो लोकसभा की स्वीकृत संख्या से कई गुना अधिक है। यह बयान अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, आरजेडी की प्रवक्ता सारिका पासवान समेत कई विपक्ष के नेताओं ने सीएम नीतीश कुमार का वीडियो साझा किया और चुटकी ली है। सारिका पासवान ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि 'माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, मोदी जी को पहले 4 लाख एमपी देने की सोचे, फिर उन्हें लगा यह ज्यादा होगा, 4 हजार एमपी में काम चल जाएगा। सीएम नीतीश कुमार तीन महीने से भी कम समय पहले बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन में लौटे हैं। नवादा में आज एक रैली के दौरान उनकी जुबान फिसल गई। इस दौरान भाषण का एक हिस्सा जो वायरल हो गया है, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने भाषण दिया। भाषण में उन्होंने चार सौ टटोलते हुए और चार हजार से भी ज्यादा एमपी जीताने की बात कह दी।

## सीएम नीतीश की कई बार फिसली है जुबान

बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले कुमार कुछ मौकों पर अपनी जुबान फिसलने के कारण चर्चा में रहे हैं। 'पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री' के रूप में उनके पहले बयान पर बीजेपी (उस समय विपक्ष में थी) ने मजाक उड़ाया था और आरोप लगाया था कि अनुभवी नेता बुढ़ापे के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। वहीं, इस बीच, जेडीयू नेताओं ने नवादा प्रकरण पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## आप नेताओं ने रखा एक दिवसीय उपवास

मझिआंव। गढ़वा जिला में समाहरणालय के समीप आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वाहन पर आप जिला संयोजक सह मझिआंव जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय सामूहिक उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आप नेता सह पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता शंकरप्रिय चंद्रवंशी भवनाथपुर विधान सभा प्रभारी, जिला उपायक्ष गौतम कुमार, ध्रुव राज, जिला मीडिया प्रभारी प्रभात रंजन, अरविंद कुमार आदि ने उपवास कार्यक्रम में शामिल होकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में एक दिवसीय सामूहिक उपवास किया। जानकारी देते हुए धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वाहन पर गढ़वा में ये उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया है। देश के लोग अरविंद केजरीवाल को बहुत प्यार करते हैं। उन्हें सीएम नहीं बल्कि अपना बेटा या भाई मानते हैं। हम सभी चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल की जल्द रिहाई हो। भाजपा की ईडी और सीबीआई आम आदमी पार्टी के नेताओं के शराब घोटाले का एक पैसा भी नहीं दिखा पाई है। अगर इस मामले में कोई मनी ट्रायल है तो वह शराब व्यापारी शरत रेड्डी से भाजपा तक है। भाजपा के लोगों पर छापा क्यों नहीं मारा गया या उन लोगों पर आरोप क्यों नहीं लगाया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अयक्ष को क्यों नहीं बुलाया गया या गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया।

## सूमो से नीतीश ने की मुलाकात



जाना हाल-चालमुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज (7 अप्रैल) पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के राजेंद्र नगर स्थित आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उनके इलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सुशील कुमार मोदी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि वे जल्द स्वस्थ होकर लोगों के बीच फिर से उपस्थित होकर उनकी सेवा करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा मौजूद रहे।

**कई दिग्गजों ने सुशील मोदी से की मुलाकात :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बताया था कि उन्हें छह माह पहले ही कैंसर से पीड़ित होने की बात पता चली है और वह पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे।

इस सूचना के बाद कई राजनीतिक दिग्गजों ने उनसे मुलाकात की और जल्द ठीक होने की कामना की, आरजेडी नेता पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव भी उनके आवास पर जाकर उनसे उनकी हाल चाल जाना था।

**1990 में सक्रिय राजनीति में हो गए शामिल :** बता दें कि अपने तीन दशक से अधिक के राजनीतिक करियर के दौरान सुशील मोदी विधायक, विधान परिषद के सदस्य, लोकसभा सदस्य और राज्यसभा के सदस्य भी रहे. वह 2005 से 2013 और 2017 से 2020 तक राज्य के उप मुख्यमंत्री रहे।

सुशील मोदी का राजनीतिक करियर पटना विश्वविद्यालय में एक छात्र कार्यकर्ता के रूप में शुरू हुआ। वह 1973 में पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के महासचिव बने। वो 1990 में सक्रिय राजनीति में शामिल हो गए और उन्होंने 'पटना सेंट्रल' विधानसभा (अब कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र) से चुनाव लड़ा और उसमें जीत हासिल की।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा व एनडीए का विरोध करेगी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा : इंदल

श्री बंशीधर नगर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा श्री बंशीधर नगर अनुमंडलीय इकाई लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए का विरोध करेगी। भोजपुर रोड स्थित महासभा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उक्त जानकारी दी गयी। महासभा के अनुमंडलीय अध्यक्ष इंदल सिंह ने बताया कि महासभा की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें भाजपा और एनडीए के विरोध का निर्णय लिया गया है।

इंदल सिंह ने बताया कि क्षत्रिय समाज ने देश में लोकतंत्र स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई रियासतों का विलय कर राष्ट्र एकता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लेकिन आज के राजनीतिक दल क्षत्रिय समाज के योगदान को नजरअंदाज करने का काम कर रहे हैं। भाजपा ने समाज को उपेक्षित किया है। हमलोगों के साथ अन्याय हुआ है। झारखंड में दो सीट पर भाजपा के सांसद थे। लेकिन इस बार एक भी क्षत्रिय को उम्मीदवार नहीं बनाकर भाजपा और एनडीए ने नाइंसाफी की है। जबकि क्षत्रिय महासभा ने भाजपा को मजबूत बनाने में काफी योगदान दिया है। इंदल सिंह ने बताया कि इस बार के चुनाव में क्षत्रिय महासभा भाजपा भाजपा और एनडीए का पुरजोर विरोध करेगी तभी भाजपा और एनडीए को क्षत्रिय समाज की ताकत समझ में आयेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपाध्यक्ष मनिरत्न प्रताप देव उर्फ चंचल सिंह, प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह, क्षत्रिय सभा के संरक्षक ललन प्रताप देव, उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाल निर्भीक होकर मत करने की अपील

**धुरकी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने प्रखंड कार्यालय से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाला। मतदाता जागरूकता रैली प्रखंड कार्यालय से होते हुए कर्पूरी चौक, शिवरी मोड़ पेट्रोल पंप तक किया गया। मौके पर बीडीओ ने लोगो को मतदान को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि मतदान करना हर व्यक्ति का अधिकार है। लोग निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें। किसी के बहकावे में न आवें। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई राजनीतिक दल के नेता या व्यक्ति डराता धमकाता या कोई भी प्रलोभन देता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में अपने घरों से लोग निकल कर मतदान अवश्य करे। मौके पर प्रखंड एवं अंचल कर्मी सहित कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

### हंटरगंज प्रखंड भाजपा मंडल ने की बैठक

**चतरा।** हंटरगंज के प्रतापपुर मोड़ के समीप रविवार को हंटरगंज प्रखंड भाजपा मंडल ने एक बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता अरुण कुमार चौरसिया ने की और संचालन अप्पू कुमार आर्य ने किया। बैठक में लोकसभा सहसंयोजक अशोक शर्मा, प्रदीप सिंह, तिलेश्वर राम और भूपेंद्र मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की सफलता के लिए बूथ स्तर पर कार्यकताओं को जनसंपर्क चलाने सहित अन्य दिशा-निर्देश देना था। संगठनात्मक मजबूती को लेकर पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकताओं के साथ चर्चा की। बैठक में भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह मुन्ना, प्रो जैनेन्द्र कुमार सिंह, टुनटुन सिंह सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय परिसर में भारतीय रेलवे मंत्रालय द्वारा विद्यालय स्तर पर 'विकसित भारत विकसित रेलवे'शीर्षक पर आधारित चित्रकला व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में अर्पण तिर्की ने प्रथम ,कुमारी पलक ने द्वितीय तथा पलक सिंह व तन्वी कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

## भवनाथपुर उमवि के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण



दल को रवाना करते मुखिया

**भवनाथपुर।** प्रखंड के सिंदुरिया पंचायत के उत्क्रमित मय विद्यालय घाघरा के सभी छात्र-छात्राओं को रविवार को प्रााचार्यापिका उर्मिला कुमारी के नेतृत्व में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर बिहार के सासाराम ले जाया गया। सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। विद्यार्थियों ने सासाराम में स्थित शेरशाह का मकबरा, पालेट बाबा, धुआ कुआं सहित कई जगहों का भ्रमण किया। मौके पर प्रााचार्यापिका ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण भी अति आवश्यक है। बच्चों का मानसिक विकास और तेजी से होता है। जो वे किताब में पढकर जानते थे उन्हें उन स्थलों को देख कर वृहद समझाया जाएगा। जिसमें उनका मनोरंजन के साथ-साथ सर्वांगीण विकास में सहयोग होगा। शैक्षणिक भ्रमण में बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता, शिक्षक राकेश चौबे, चंदेश्वर यादव शामिल थे।

## दो सीटों पर भाजपा को सपोर्ट करने से राजपूत समाज मुकरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मझिआंव।** क्षत्रिय करणी सेना के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह की अयक्षता में ब्लक रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में राजपूत समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तमाम क्षेत्रों से आए राजपूत समाज के लोगों ने लोकसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा ने राजपूत को एक भी सीट नहीं देकर राजपूत समाज का अपमान किया है। इसके साथ-साथ देश में भी कई सीटों पर भाजपा द्वारा राजपूत समाज के लोगों को टिकट नहीं देना यह दुर्भाग्य है। जिसकी करनी सेना राजपूत समाज ने भाजपा कि कड़ी निंदा की है। करणी सेना के जिलायक्ष नीरज कुमार सिंह ने कहा कि देश, धर्म और समाज की रक्षा करना राजपूतों की खून में शामिल है, जिसका इतिहास गवाह है। आगामी होने वाला लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने राजपूतों का गढ़ माने जाने वाले राजस्थान, मय प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में राजपूत समाज के लोगों को सीट नहीं देकर समाज के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। इतना ही नहीं भाजपा ने झारखंड में 14 लोक सभा सीट में सभी जाति को सीट देकर खुश किया, और राजपूत समाज को इग्नोर किया है। जबकि चतरा लोकसभा सीट से निरंतर राजपूत समाज के ही लोग जीते आ रहे हैं। फिर भी राजपूत समाज के लोकसभा उम्मीदवार नहीं दिया गया। जिसका चुनाव के दौरान करणी सेना राजपूत समाज के लोग भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने को लेकर कमर कस चुके है। उन्होंने कहा कि आगामी होने वाला लोकसभा चुनाव में झारखंड के पलामू प्रमंडल में गठबांन के प्रत्याशी ममता भुइयां एवं धनबाद में चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को खुलकर सपोर्ट करने का ऐलान किया है।

इसके अलावा करणी सेना राजपूत समाज कि संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर चर्चा की गई। साथ ही गढ़वा जिला के 20 प्रखंडों में प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव कर कोष गठन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिप सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, शिव सिंह, बृज नारायण सिंह, सुनील कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह, नवल किशोर सिंह, उमेश सिंह, विजय सिंह, बिन्दा सिंह, रोहित सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, ललित सिंह, जयराम सिंह, विनोद सिंह, अनुज सिंह सुदामा सिंह, कुंदन सिंह, रोहित कुमार

## पेज एक का शेष

### कई सीटों पर...

यहां भी भाजपा ने आदिवासी महिला पर भरोसा नहीं जताया। भाजापा ने ताला मरांडी को राजमहल सीट से प्रत्याशी बनाया है, जबकि झामुमो ने अभी तक अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। अब देखना ये है कि क्या झामुमो किसी आदिवासी महिला पर भरोसा जताती है या पुरष प्रत्याशी पर ही दांव लगाती है।

### इंडिया के नेताओं ...

**दूसरे दिन पार्टी बैठक में नहीं पहुंच सकीं :** उलगुलान महारैली को लेकर रविवार को भी झामुमो की बैठक हुई, लेकिन बैठक में कल्पना सोरेन व्यस्तता के कारण शामिल नहीं हो सकीं। उनकी जगह रविवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, कोडरमा, पलामू, गढ़वा जिले के जिलाध्यक्षों, जिला सचिवों, पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को उलगुलान महारैली में हर प्रखंड और पंचायत से लोगों को शामिल कराने का आह्वान किया।

### बिहार को बड़ी...

उन्होंने प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह और लोकनायक जयप्रकाश नारायण को याद किया। पीएम ने कहा कि भीड़ को देखकर कह सकता हूं कि नवादा समेत पूरे बिहार में एनडीए का परचम लहरेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनियाभर में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने लोगों से जवाब पूछा। वहीं, जब भीड़ ने कहा- 'मोदी के कारण', तो प्रधानमंत्री ने कहा- आपने गलत जवाब दे दिया। 'मोदी के कारण नहीं, बल्कि आपके वोट की ताकत के कारण यह सब हो रहा है।

**टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा बोल रही कांग्रेस :** मोदी ने कांग्रेस पर फिर जोरदार हमला किया और कहा कि वह टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा बोल रही है और कह रही है कि राजस्थान या देश के अन्य हिस्से के लोगों का जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने से क्या वास्ता है। देश के अन्य हिस्सों से क्या लेना देना है। उन्होंने कहा कि उनकी यह बात सुनकर उन्हें शर्म आयी, क्या जम्मू कश्मीर हमारा नहीं है। उसकी रक्षा हमें करनी है । बिहार, राजस्थान के साथ देश के अन्य हिस्से के अनेक नौजवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है ।

**आपकी मदद से दुनिया में भारत का डंका बज रहा :** बिहार को अमन-चैन और विकसित राज्य बनाने में आप सबों के सहयोग से हम दावा करते हैं कि एनडीए के खाते में सभी सीटें जायेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि लोग कहते हैं कि मोदी अब आराम क्यों नहीं करते हैं, तो मैं बताना चाहता हूं कि मोदी मौज करने के लिए नहीं जन्मा है। देश में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि नवादा समेत बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत तय है। आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। ये इसलिए संभव हो पा रहा है, क्योंकि देश की जनता ने वोट की ताकत से मजबूत सरकार बनायी है। पीएम ने कहा कि विपक्ष के लोगों को मोदी की गारंटी से दिक्कत हो रही है लेकिन उनको नहीं पता कि मोदी की गारंटी ही जीत की गारंटी है। इस पर लोग भरोसा करते हैं। उन्होंने राम मंदिर और धारा 370 को लेकर भी इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा।

**मोदी खामोश नहीं बैठेगा :** पीएम ने कहा कि मैं भूल नहीं सकता कि 2014 से पहले देश की क्या हालत थी। न गरीबों को राशन मिलता था, न शौचालय था और न ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था थी। बीते गरीब 10 सालों में गरीब कल्याण के लिए जो काम हुए, वह आजादी के 60 वर्षों में भी नहीं हुए, जब तक गरीबी खत्म नहीं कर दूंगा, मोदी खामोश नहीं बैठेगा। मोदी का जन्म ही मेहनत करने के लिए हुआ है।

### सूर्य ग्रहण आज...

दुनियाभर के खगोलशास्त्री सूर्य ग्रहण का इंतजार कर रहे हैं। वे अभिनव प्रयोग की तैयारी में जुटे हैं। सूर्य ग्रहण एक तरह का ग्रहण है, जब चन्द्रमा, पृथ्वी और सूर्य के मध्य से होकर गुजरता है तथा पृथ्वी से देखने पर सूर्य पूर्ण अथवा आंशिक रूप से चन्द्रमा द्वारा आच्छादित होता है। हर 18 महीने में पृथ्वी के किसी न किसी हिस्से में सूर्य ग्रहण लगता है। आठ अप्रैल को पड़ने वाले सूर्य ग्रहण को लेकर दुनिया भर के लोग उत्साहित हैं, क्योंकि उत्तरी अमेरिका के कुछ हिस्सों में पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखेगा और करीब 7 मिनट तक पूरी तरह से अंधेरा रहेगा।

### चूहे चट कर ...

अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चूहों ने थाने के मालखाने में रखे मादक पदार्थों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया था। राजगंज पुलिस ने 14 दिसंबर 2018 को 10 किलो भांग और नौ किलो गांजा जब्त करने के साथ शंभू प्रसाद अग्रवाल और उसके बेटे को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले के जांच अधिकारी जयप्रकाश प्रसाद को जब्त भांग और गांजा को छह अप्रैल को अदालत में पेश करने का आदेश दिया था। इस मामले में जब्त किया गया सामान अदालत में पेश नहीं किया गया। बचाव पक्ष के वकील अभय भट्ट ने बताया कि प्रसाद शनिवार को राजगंज पुलिस थाना प्रभारी के आवेदन के साथ अदालत में पेश हुए, जिसमें कहा गया कि चूहों ने सभी जब्त सामग्री को नष्ट कर दिया है। भट्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि उनके मुवक्किल को झूठे मामलों में फंसाया गया, क्योंकि पुलिस जब्त किया गया सामान पेश करने में सक्षम नहीं हो सकी।

## जागो हक के लिए लड़ो संघर्ष समिति ने गरीब, असहाय, विधवा को दिए अंगवस्त्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**उधवा।** जागो हक के लिए लड़ो संघर्ष समिति उधवा के ओर से रविवार के सुबह रमजान के नेक महीने में गरीब, असहाय, विधवा महिलाओं को अंग वस्त्र देकर मदद किया। समिति के सचिव रफीकुल आलम उर्फ टिंकू ने बताया कि रविवार को दियारा के अमानत, उत्तर पलाशगछी, उत्तर पियारपुर , मध्य पियारपुर, दक्षिण पियारपुर, प्राणपुर तथा दक्षिण पलाशगछी पंचायत के गरीब असहाय विधवा महिलाओं को अंग वस्त्र देकर मदद किया गया। इस दौरान ताजकेरा बेवा, कदबनू बीवी, अनवारा बीवी जहाना खातुन, तारा पागली, सेलीना बेवा, समरोद्दीन शेख, बेलनुर बेवा, गोलु पागली, जलेनूर वेवा, मुनसुर शेख, मोईमोना वेवा, तोफुल वेवा, रबीना वेवा सहित अन्य को अंग वस्त्र देकर मदद किया गया। समिति के अध्यक्ष मोतिउर रहमान ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य मुस्लिम समुदाय को जागरूक करने, कानून व्यवस्था को जानकारी देने, शिक्षा का प्रतीक जागरूक करने, अपने मौलिक अधिकार को समझने, महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह को रोक थाम व जागरूक करना हैं। समिति के द्वारा पिछले कई वर्षों से गांव समाज में हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाया जा रहा है तथा गरीब गुरबा को निस्वार्थ मदद किया जा रहा है।

### चेकिंग के दौरान 60 ग्राम सोना एवं 2 कि.ग्रा. चांदी मिला

**हावड़ा।** जमालपुर सुपर एक्सप्रेस से कुणाल कुमार साह 17 वर्ष, पिता उदय कुमार शाह, महाराजपूर नया टोला जो की हावड़ा से साहिबगंज आ रहा था वेटिंग टिकट लेकर ट्रेन में चढ़ा था। चेकिंग के दौरान एस आई दिनेश कुमार वंशीलाल ने साहिबगंज रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या दो पर पड़ा चेकिंग के दौरान उसके पास से 60 ग्राम सोना एवं 2 कि.ग्रा. के आसपास का चांदी का जेवरात मिला।

## श्री श्री 108 11 दिवसीय अति महारूद्र यज्ञ की पूणार्हुति के साथ समापन

**बरहेट।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गुमानी नदी के तट पर स्तिथ बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर में आयोजित 11 दिवसीय अति महा रूद्रयज्ञ की पूणार्हुति के समापन रविवार को हुई। पूणार्हुति में लोग नारियल संकल्प कराकर समर्पित किए हैं और क्षेत्र एवं राज्य की खुशहाली सहित अपनी मनोकामना को सिद्धि हेतु भगवान से प्रार्थना करते किए। वहीं राजमहल क्षेत्र के भाजपा ताला मरांडी यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए अपनी जीत की कामना किए । वहीं बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में 11 दिवसीय अति महारुद्र यज्ञ में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विद्वान पंडितो की देख रेख में प्रतिदिन विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कराई गई और हवन की गई। इस बीच प्रतिदिन संध्या भव्य आरती की गई है। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ उपस्थित रहे। बता दे कि यज्ञ आयोजन का ये 51 वा स्वर्ण वर्ष है। जिससे प्रबंध समिति यज्ञ व मेले के सुचारू रुप से संचालन में लगे है।

## डा 0 निशी कांत ने कांग्रेस को दी खुली चुनौती

# कांग्रेस ने अगर पोडैया हाट विधायक को मेरे खिलाफ चुनाव में उतारा तो नही करूंगा प्रचार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड के कजरेल ग्राम शिव मंदिर के निकट मैदान पर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह सांसद डा ०निशिकांत दुबे ने शनिवार को बूथ स्तरीय कार्यकताओं के साथ बैठक कर सलाह विचार कर परामर्श दिया। बारी-बारी से प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत के विभिन्न मतदान केंद्र के बूथ प्रभारी, बूथ संयोजक और अन्य कार्यकताओं से बातचीत किया। एक नंबर पंचायत दिग्घी के मतदान केंद्र से जानकारी लेना शुरू किया और प्रखंड क्षेत्र का अंतिम पंचायत और अंतिम मतदान केंद्र तक के कार्यकताओं से बातचीत किया। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए महागठबंधन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा अपना प्रत्याशी चुनाव में खड़ा करती है या कांग्रेस पार्टी से प्रदीप यादव को प्रत्याशी बनाया जाता है तो वह चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भिजवा चुके हैं और अब उनके पिताजी शिबू सोरेन को भी जेल भेजवाएंगे। प्रदीप यादव को तीन बार चुनाव हरा चुके हैं। इसलिए वे इस परिस्थिति में चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। क्षेत्र का कार्यकर्ता ही घर-घर जाकर प्रचार प्रसार करेंगे। बताया कि गुरुवार को देवघर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगैया के बने सिल्क शॉल में बने कमल फूल दिखा रहे थे। और बता रहे थे कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो वाईडन को भी उन्होंने भगैया में निर्मित सिल्क के शॉल से सम्मानित किया था। यह भी कहा कि यहां सैनिक स्कूल और 100000 क्षमता वाली दूध डेरी भी बनेगा। गंगा पंप नहर से किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी और ग्रामीणों को घर-घर पीने के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार नौ लाख मत पार करना है। पूर्व विधायक अशोक भगत, जिला अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, वरिष्ठ नेता निरंजन कुमार सिन्हा, गणेश मिश्रा, लुईस मरांडी सहित दर्जन भर से अधिक नेताओं ने कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत के विभिन्न मतदान केंद्र के कार्यकर्ता आदि थे।

## सीता सोरेन ने झामुमो और जनता को ठगने का काम किया है : बसंत



**दुमका।** जिले के जामा प्रखंड चौक पर रविवार को झामुमो के लोकसभा प्रत्याशी नलिन सोरेन एवं सूबे के मंत्री बसंत सोरेन का कार्यकताओं ने माला पहनाकर एवं नारेबाजी कर स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन ने कहा कि जामा क्षेत्र दिशोम गुरू शिबू सोरेन का क्षेत्र रहा है। मुझे इस लोकसभा से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। यहां की जनता हमें आशीर्वाद दें। ये जीत मेरी नहीं आप सभी कार्यकताओं की जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने षडयंत्र कर हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल में डालने का कार्य किया है। इसका जबाब भी जनता को देना है। वहीं मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि पार्टी ने झारखंड आंदोलनकारी नलिन सोरेन को दुमका से उम्मीदवार बनाया है। जामा से प्रतिनिधित्व कर रही सीता सोरेन ने जामा की जनता का विश्वास एवं भरोसा तोड़ कर दूसरे पार्टी में शामिल हो गई है। जिस पार्टी ने 15 वर्षो तक उनपर जामा का बागडोर सौपा था, वो उसी को धोखा देकर घर परिवार को छोड़कर कर मोदी परिवार में शामिल हो गई और अपने को बहुत सहज महसूस कर रही है। जो अपना परिवार का नहीं हो सकी। वह दूसरे दल की क्या होगी। उनसे सवाल होना चाहिए कि जिस पार्टी ने उनको इतना मान सम्मान दिया। जामा की जनता ने उनको कंधे पर बिठाया सबको उन्होंने ठगने का काम किया है।

